नई दिल्ली
शुक्रवार 13 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 29, अंक : 328
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 28
न्यून. 17


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


▸▸ आसन के पास ऐसा कोई बटन नहीं, जिससे किसी का माइक ऑन या ऑफ किया जा सके

▸▸ अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के खारिज होने के बाद गुरुवार को पहली बार सदन की कार्रवाई का संचालन करते हुए बोले लोकसभा अध्यक्ष

सदन से ऊपर कोई नहीं है, यहां अध्यक्ष की अनुमति से ही बोलते हैं प्रधानमंत्री या कोई मंत्री

# लोकसभा में नियम हैं सुप्रीम, जिनके तहत ही मिलेगा बोलने का मौका: ओम बिरला

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के लोकसभा में ध्वनिमत से खारिज होने के ठीक अगले दिन गुरुवार को पहली बार ओम बिरला ने बतौर अध्यक्ष के रूप में सदन की कार्रवाई का संचालन किया। जिसमें उन्होंने विपक्षी प्रस्ताव में उन पर लगाए गए सभी आरोपों का स्पष्टता से जवाब दिया और अपना अपना पक्ष भी सदन के सामने रखा। लोकसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस द्वारा नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) राहुल गांधी को न बोलने देने के मुद्दे को लेकर कहा कि यह सदन देश की 140 करोड़ जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। लेकिन यहां सभी के बोलने के लिए नियम-प्रक्रियाओं का पालन करना ही पहली अनिवार्य शर्त है। लोकसभा में कोई नेता हो, एलओपी हो या कोई मंत्री, सभी को नियमों से ही बोलने का अधिकार



है। इनके ऊपर कोई नहीं है और बिना इनके कोई अपनी बात सदन में रख भी नहीं सकता है। यह प्रक्रिया वर्तमान और भविष्य में भी समान रूप से लागू रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी सदस्य अपने आप को नियमों से ऊपर समझने की भूल न करे। क्योंकि इनके मार्फ़त ही उन्हें सदन में अपनी बात रखने का मौका मिलता है, जो उनके लिए अधिकार के समान है। ये कोई विशेषाधिकार नहीं है। उन्होंने सभी सदस्यों से सदन की गरिमा और प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए एक सामूहिक संकल्प लेने का भी आह्वान किया। बिरला ने कहा, अविश्वास प्रस्ताव पर दो दिन तक कुल 12 घंटे से ज्यादा चर्चा हुई है। जिसमें समूचे सदन की भागीदारी रही है। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### अध्यक्ष की अनुमति से बोलते हैं 'पीएम'

*उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा से कार्रवाई को नियमों के मुताबिक पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और संतुलन के साथ चलाते हुए यह प्रयास किया है कि यह सदन समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की आवाज बने। लोकसभा की गरिमा, मर्यादा और प्रतिष्ठा में वृद्धि भी मेरे उक्त प्रयासों का ही हिस्सा है। जहां तक नियमों का मामला है तो इन्हें इसी सदन ने बनाया है और ये मुझे विरासत में मिले हैं। जिसका पालन सभी को हर हाल में करना पड़ेगा। लोकसभा में चाहे प्रधानमंत्री हों या कोई केंद्रीय मंत्री, उन्हें भी नियम-372 के तहत अध्यक्ष से अनुमति लेनी पड़ती है।*

### वेल में हंगामे के खिलाफ रही हैं सोनिया गांधी

*उन्होंने कांग्रेस के 8 सांसदों को बजट सत्र की समूची कार्रवाई से निलंबित करने के निर्णय पर कहा, मेरे सभी सदस्यों के साथ दल से ऊपर उठकर गहरे व्यक्तिगत संबंध रहे हैं। लेकिन सदन की व्यवस्था को बनाए रखने के लिए निलंबन की कार्रवाई के वक्त मुझे भी गहरा दुख होता है। जबकि सदस्यों को भी ऐसे कठोर निर्णयों से बचने के लिए नारेबाजी, नियोजित व्यवधान व शोर-शराबा करने से बचना चाहिए। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी भी सदस्यों के अध्यक्ष के आसन के सामने वेल में खड़े होकर हंगामा और नारेबाजी करने के सख्त खिलाफ रही हैं। 2001 में राजधानी में हुए पीठासीन अधिकारियों, राज्यों के मुख्यमंत्रियों और चीफ व्हिप के सम्मेलन में उन्होंने कहा था कि व्यवधान को कम से कम करने के लिए सदन के बीचों-बीच आने पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। इस नियम के उल्लंघन पर स्वतः कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। गांधी ने ये भी कहा था कि वो दृढ़ता से ये महसूस करती हैं कि राष्ट्रपति अभिभाषण के दौरान किसी भी प्रकार के व्यवधान की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसके अलावा लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि 12 मार्च को कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने 8 निलंबित सदस्यों की सदन में फिर से वापसी का मुद्दा उठाया है। जिस पर विचार जारी है।*

### सत्ता पक्ष को दिए कम मौके

*ओम बिरला ने कहा कि कुछ सदस्यों का कहना है कि सत्ता पक्ष को बोलने के ज्यादा मौके दिए जाते हैं। लेकिन मैंने सदन में सत्ताधारी पक्ष के पास अधिक संख्या बल होने के बावजूद उन्हें विपक्ष की तुलना में बोलने का कम अवसर दिया है। बीते एक साल में मेरे द्वारा सभी सदस्यों को अपना पक्ष रखने की अनुमति दी गई है। विपक्ष को इस साल राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा से लेकर बजट, प्रश्नकाल-शून्यकाल में सत्ता पक्ष की जगह पर आवंटित समय से अधिक समय दिया गया है। इतना ही नहीं मैं रोजमर्रा के मामले में सदन की जिम्मेदारियों से तभी मुक्त होता हूं, जब प्रत्येक सदस्य अपनी बात रख लेता है। कई बार मैंने देर रात बारह बजे तक शून्यकाल चलाया है।*

### एलपीजी संकट पर स्थगित हुई कार्रवाई

*यहां बता दें कि पश्चिम-एशिया में युद्ध के बीच देश में गहराते एलपीजी संकट के मामले की गूंज लोकसभा में भी सुनाई दी। साथ ही इसे लेकर कार्रवाई दो बार (11 बजकर 3 मिनट से 12 बजे तक और 12 बजकर 33 मिनट से 2 बजे तक) स्थगित भी हुई। दोपहर 12 बजे लोकसभा अध्यक्ष ने सदन में करीब 32 मिनट तक अपनी बात रखी। लेकिन इसके बाद कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल एलओपी को एलपीजी की किल्लत के मुद्दे पर बात रखने की अनुमति देने की मांग करने लगे। जिसे लेकर बिरला ने कहा, इस संबंध* ▸▸ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### बढ़ी खुदरा महंगाई 3.2 फीसदी पर पहुंची



**नई दिल्ली।** 12 मार्च को फरवरी 2026 के महंगाई दर के आंकड़े जारी किए गए। जनवरी की अपेक्षा फरवरी में रिटेल महंगाई दर में 47 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी हुई है। भारत की रिटेल महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 3.2 % हो गई, जबकि जनवरी में यह 2.74 % था। यह दिखाता है कि कीमतों पर दबाव थोड़ा बढ़ा है, महंगाई अभी भी आरबीआई के 4 % के मीडियम-टर्म टारगेट से काफी नीचे है। ग्रामीण और शहरी इलाकों के लिए महंगाई दर क्रम से 3.37% और 3.02% है।

### क्रिकेटर कुलदीप यादव की मसूरी के होटल में शादी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाज कुलदीप यादव जीवन की एक नई शुरुआत करने जा रहे हैं। उनकी शादी को लेकर इन दिनों उत्तराखंड के फेमस हिल स्टेशन मसूरी में खास तैयारियां हैं। बताया जा रहा है कि शादी से जुड़े सभी प्रमुख कार्यक्रम 13 और 14 मार्च को मसूरी में ही होंगे। कुलदीप की शादी उनकी बचपन की मित्र वंशिका चड्ढा से तय हुई है। दोनों मूल रूप से उत्तर प्रदेश कानपुर के निवासी हैं और कुलदीप का घर जाजमऊ क्षेत्र में स्थित है। 17 मार्चः मसूरी में शादी के बाद लखनऊ में एक भव्य रिसेप्शन का आयोजन किया जाएगा।



पश्चिम-एशिया में युद्ध के बीच गहराते एलपीजी संकट के मुद्दे पर लोस में बोले केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री

# भारत के पास नहीं पेट्रोल-डीजल से लेकर गैस की कोई कमी, घबराहट ने बढ़ाई मांग: पुरी

- *राहुल गांधी ने सदन में उठाया एपस्टीन फाइल्स का मुद्दा, बिरला ने विषय भटकाव को लेकर दी चेतावनी*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में जारी युद्ध के बीच देश में गहराते एलपीजी संकट के मामले पर गुरुवार को कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने संसद के अंदर और बाहर जोरदार अंदाज में प्रदर्शन किया। लोकसभा में इस मुद्दे पर विपक्ष के विरोध की वजह से प्रश्नकाल नहीं हुआ और कार्रवाई को भी दो बार स्थगित करना पड़ा।

जिसके बाद दोपहर करीब साढ़े चार बजे के बाद केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सदन में मामले पर चिंता जताते हुए एक बयान दिया। जिसमें आम जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि मौजूदा युद्ध के हालात के बीच भी देश के पास पेट्रोल-डीजल से लेकर गैस की कोई कम नहीं है। हमारे पास इनका पर्याप्त स्टॉक है। भारत इस संकट से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हां, इतना जरूर है कि इन तमाम पेट्रोलियम उत्पादों खासकर एलपीजी के मामले को लेकर लोग घबराए हुए हैं। जिसकी वजह से मांग (गैस सिलेंडर) में वृद्धि देखने को मिली है। ▸▸ शेष पेज 5 पर



### आम नागरिक है सरकार की प्राथमिकता

*उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता इस देश का आम नागरिक यानी गरीब और वंचित वर्ग के लोग हैं। हम चाहते हैं कि ऐसे 33 करोड़ लोगों के रसोईघरों में किसी तरह की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की बुकिंग से लेकर डिलीवरी तक का मानक समय 2.5 दिन पर अपरिवर्तित है। सरकार ने इस मुद्दे को लेकर केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए हैं। तमाम केंद्रीय विभाग और उनके शीर्ष अधिकारी इस संबंध में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वहीं, कमर्शियल एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए इसे विनियमित किया गया है। हमारे निर्णय में पर्यटन उद्योग को दंडित करने जैसा कुछ भी नहीं है। एलपीजी पूरी तरह से अनियंत्रित बाजार में बिना किसी सरकारी सब्सिडी के बाजार मूल्य पर बेची जाती है। जिसमें पंजीकरण, बुकिंग, डिजिटल प्रमाणीकरण या वितरण पुष्टिकरण तंत्र नहीं है। इसलिए सरकार ने स्पष्ट प्राथमिकताओं, पारदर्शी आवंटन तंत्र के साथ इन चैनल को विनियमित करने का जिम्मेदारी से भरा कदम उठाया है।*

### एस्मा लगाकर तय की प्राथमिकता

*उल्लेखनीय है कि खाड़ी क्षेत्र में युद्ध के तनावपूर्ण हालात में केंद्र सरकार ने हाल ही में पेट्रोलियम पदार्थों खासकर एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए एस्मा कानून लगा कर दिया है। जिसमें घरेलू उपभोक्ताओं की जरूरतों को हर हाल में पूरा करने के लिए गैस पाइपलाइन से होने वाली एलपीजी सप्लाई और यातायात से जुड़े वाहनों में की जाने वाले सीएनजी की आपूर्ति को शीर्ष प्राथमिकता के हिसाब से शत-प्रतिशत बरकरार रखने का* ▸▸ शेष पेज 5 पर

जयशंकर-अराघची की बातचीत से जगी उम्मीद, होर्मुज स्ट्रेट पार कर देश पहुंचते तेल के टैंकर

## जायसवाल बोले, बीते वक्त में दोनों विदेश मंत्रियों के बीच जहाजों और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर 3 बार हुई बातचीत

▸▸ ***संकट के समय में भारत बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव से मिले तेल सप्लाई के प्रस्तावों पर भी कर रहा है विचार***



हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली। अमेरिका-इजरायल और ईरान में जारी भीषण युद्ध से दुनिया के सामने खड़े गंभीर ऊर्जा संकट के बीच भारत को कूटनीतिक मोर्चे पर एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिसमें कहीं और से नहीं बल्कि बमबारी और हमलों से जूझते होर्मुज की खाड़ी के इलाके से भारत के तेल के टैंकर अब सुरक्षित स्वदेश पहुंचने लगे हैं। इस पूरी कवायद में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की बीते दिनों ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ टेलीफोन पर तीन बार की गई बातचीत की अहम भूमिका है। गुरुवार को इसकी पुष्टि राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी की है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की ताजा बातचीत बीते 10 मार्च को हुई है। गौरतलब है कि हमलों के बीच भारत के 3 नागरिकों की मौत हो गई है। जबकि एक अन्य लापता है। मृतक संभवतः महाराष्ट्र, राजस्थान और बिहार जैसे राज्यों के रहने वाले हैं। वहीं, एक तेल का टैंकर होर्मुज की खाड़ी पार कर 12 मार्च को सुरक्षित मुंबई पहुंच गया है। ▸▸ शेष पेज 5 पर

## राहुल गांधी ने कहा, ईंधन संकट के मद्देनजर मोदी सरकार को तुरंत तैयारी शुरू करनी चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को चेतावनी दी कि मध्य-पूर्व में बढ़ते संघर्ष के कारण भारत में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल से जुड़ा गंभीर संकट पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की दोषपूर्ण विदेश नीति के कारण भारत की ऊर्जा सुरक्षा कमजोर हुई है और किसी दूसरे देश का राष्ट्रपति यह तय कर रहा है कि भारत किससे तेल खरीदे। लोकसभा में राहुल गांधी ने केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के कुख्यात यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर मोदी सरकार पर तीखा प्रहार किया और पुरी की बेटी को जॉर्ज सोरोस से पैसा मिलने का खुलासा किया। उन्होंने कहा की पेट्रोलियम मंत्री खुद स्वीकार कर चुके हैं कि वे जेफरी एपस्टीन के मित्र थे। उन्होंने एक दस्तावेज का हवाला देते हुए यह भी कहा कि हरदीप पुरी की बेटी को अरबपति जॉर्ज सोरोस से पैसा मिला है। इस दौरान राहुल गांधी के वक्तव्य पर सत्तापक्ष ने बौखलाहट में व्यवधान शुरू कर दिया और उन्हें बोलने नहीं दिया गया। ऊर्जा संकट का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अभी तो यह शुरुआत है और मध्य-पूर्व युद्ध से भारत पर गंभीर असर पड़ने वाले हैं। उन्होंने बताया कि दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल की आपूर्ति जिस प्रमुख समुद्री मार्ग स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ से होती है, वह बंद हो गया है। उन्होंने आगाह किया कि इसका भारत पर विशेष रूप से असर पड़ेगा क्योंकि देश में तेल और प्राकृतिक गैस का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से आता है। उन्होंने मौजूदा स्थिति की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि देश में कई जगह रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं, लोगों में एलपीजी की कमी को लेकर घबराहट है। अभी भी थोड़ा समय है, मोदी सरकार को तुरंत इस संकट को दूर करने के लिए तैयारी शुरू करनी चाहिए। अगर तैयारी नहीं की, तो फिर करोड़ों भारतीयों का भारी नुकसान होगा। ऊर्जा सुरक्षा को किसी भी देश की बुनियाद बताते हुए उन्होंने हैरानी जताई कि मोदी सरकार ने यह अनुमति क्यों दी कि किसी दूसरे देश का राष्ट्रपति यह तय करे कि भारत किससे तेल खरीदे, किससे गैस खरीदे, वह रूस से तेल खरीद सकता है या नहीं और विभिन्न तेल आपूर्तिकर्ताओं के साथ हमारे संबंध कैसे हों। संसद में अपने वक्तव्य से पहले पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी ने कहा कि कम्प्रोमाइज्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को दांव पर लगा दिया और अमेरिकी दबाव में वह स्वतंत्र रूप से फैसले नहीं ले पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अमेरिका में चल रहे अडानी केस ▸▸ शेष पेज 5 पर

राज्यसभा में उठाई जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग

## फारूक अब्दुल्ला पर हमले पर बोले खरगे केंद्र के नियंत्रण में जम्मू-कश्मीर असुरक्षित

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला पर जम्मू-कश्मीर में हुए हमले को लेकर गुरुवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि केंद्र के नियंत्रण में होने के कारण वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हुई है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा देने की मांग भी की। राज्यसभा में हमले की निंदा करते हुए खरगे ने कहा कि यदि डॉ. फारूक अब्दुल्ला के साथ मौजूद स्थानीय सुरक्षाकर्मियों ने तत्परता नहीं दिखाई होती, तो उनकी जान जा सकती थी। उन्होंने सवाल किया कि जब कानून व्यवस्था पूरी तरह केंद्र सरकार के हाथ में है, तो वहां हालात इतने खराब क्यों हो रहे हैं कि वरिष्ठ नेताओं की जान पर बन आए। खरगे ने केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए पूछा कि क्या सरकार का इरादा फारूक अब्दुल्ला साहब को मारने का है? क्या मोदी सरकार सचमुच उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहती है? अगर चाहती है तो पूरी सुरक्षा क्यों नहीं दी गई? जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जब तक जम्मू-कश्मीर का राज्य दर्जा बहाल नहीं किया जाएगा और कानून व्यवस्था राज्य सरकार के नियंत्रण में नहीं आएगी, तब तक वहां के लोग सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इतनी असुरक्षा का ▸▸ शेष पेज 5 पर

## मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग की तैयारी, विपक्ष ने लगाए 'दुर्व्यवहार' और पक्षपात के आरोप

शिशिर सोनी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा स्पीकर के खिलाफ विपक्षी दलों द्वारा सदन में लाया गया अविश्वास प्रस्ताव भले। ही गिर गया लेकिन इससे विपक्षी दलों का आत्मविश्वास नहीं गिरा है। अब चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी दलों ने महाभियोग (इम्पीचमेंट) का नोटिस देने की तैयारी तेज कर दी है। ऐसी ही कोशिश जज कैश कांड में फंसने वाले जज के खिलाफ की गईं थी। वो सिरे नहीं चढ़ा। अब बारी मुख्य चुनाव आयुक्त की है। इस मामले में तृणमूल कांग्रेस के सांसद आगे हैं। पश्चिम बंगाल में विधान सभा चुनाव से पहले तृणमूल सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट से लेकर संसद तक मोर्चा खोला हुआ है। विपक्षी दलों को भी पता है महाभियोग का प्रस्ताव गिर जाएगा। ▸▸ शेष पेज 5 पर

**हरिभूमि विश्लेषण**

### राजनीतिक महत्व

*हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा परिस्थितियों में यह प्रस्ताव अधिकतर प्रतीकात्मक हो सकता है, क्योंकि संसद के दोनों सदनों में सत्तारूढ़ गठबंधन के पास स्पष्ट बहुमत है। इसके बावजूद यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह उस समय उठाया गया है जब चुनाव आयोग जल्द ही पश्चिम बंगाल, असम, केरलम और तमिलनाडु सहित एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने वाला है।*

### मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की प्रक्रिया

*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324(5) के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त को उसी प्रक्रिया के तहत हटाया जा सकता है जिस प्रक्रिया से सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश को हटाया जाता है। इसके लिए संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत से प्रस्ताव पारित होना आवश्यक होता है। इस प्रक्रिया के तहत पहले सांसदों द्वारा नोटिस दिया जाता है। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष या राज्यसभा के सभापति यह तय करते हैं कि नोटिस स्वीकार किया जाए या नहीं। यदि नोटिस स्वीकार कर लिया जाता है तो आरोपों की जांच के लिए एक तीन सदस्यीय समिति गठित की जाती है। जांच समिति यदि आरोपों को सही पाती है तो संसद के दोनों सदनों में महाभियोग प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान कराया जाता है। प्रस्ताव पारित होने के लिए सदन में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत के साथ-साथ कुल सदस्य संख्या के बहुमत का समर्थन जरूरी होता है।*

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित समिट में मुख्यमंत्री सैनी ने की शिरकत

उद्योग और कौशल पर विशेष ध्यान दे रही हरियाणा सरकार: मुख्यमंत्री

## 2047 के विकसित भारत में हरियाणा की रहेगी अग्रणी भूमिका: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि 2047 के विकसित भारत में हरियाणा की अग्रणी भूमिका रहेगी। इसके लिए हरियाणा निरंतर प्रयास कर रहा है। मुख्यमंत्री गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एक समिट में बोल रहे थे।

इस दौरान संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को



रोजगार और गरीब उत्थान के चार स्तंभों पर काम करने क आह्वान किया है। हरियाणा सरकार इन सभी पर तेजी से कार्य कर रही है। आज हरियाणा का किसान पारंपरिक खेती के साथ-साथ प्राकृतिक खेती, बागवानी में बेहतर कार्य कर रही है। हरियाणा सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वन किया जा रहा है। आज महिलाएं कृषि, हैल्थ, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में भरपूर योगदान दे रही हैं। प्रदेश सरकार ने युवाओं के लिए स्टार्टअप नीति बनाई है। गरीब उत्थान के लिए मजबूती से कार्य किया जा रहा है। आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, पीएम जनधन खाता योजना, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का क्रियान्वन किया जा रहा है। ▸▸ शेष पेज 5 पर

दिल्ली में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह से मिले मुख्यमंत्री मोहन यादव

सरसों भावांतर और तुअर की 100 फीसद खरीद को केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान की हरी झंडी

## शिवराज सिंह और सीएम मोहन यादव की मुलाकात से सरसों और तुअर उगाने वाले किसानों को राहत

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में मुलाकात कर राज्य के कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में मध्यप्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस उच्चस्तरीय चर्चा में भावांतर योजना, दलहन–तिलहन मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण और ग्रामीण सड़कों सहित अनेक विषयों पर मध्यप्रदेश को बड़ी राहत देने वाले निर्णय लिए गए। ▸▸ शेष पेज 5 पर



### कृषि से जुड़े मुद्दों और योजनाओं पर विस्तृत समीक्षा

*बैठक में मध्यप्रदेश के लिए सरसों और सोयाबीन के भावांतर भुगतान, दलहन मिशन के तहत मूंग–उड़द के अतिरिक्त लक्ष्य, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता कार्यक्रम, मनरेगा मजदूरी और सामग्री भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जुड़े मुद्दों पर बिंदुवार चर्चा की गई। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मध्यप्रदेश से जुड़े लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाया जाए ताकि राज्य के किसानों, मजदूरों और ग्रामीण गरीबों को शीघ्र राहत मिल सके।*

### किसान कल्याण वर्ष में मध्यप्रदेश को विशेष प्राथमिकता

*चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है और इस संदर्भ में मध्यप्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्य को केंद्र सरकार विशेष प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश मेरा अपना अपना घर है। किसान कल्याण वर्ष में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरसों, तुअर, मूंग, उड़द और तिलहनों की खेती करने वाले किसानों को हरसंभव सहायता मिले और राज्य ग्रामीण विकास के हर पैमाने पर अग्रणी रहे।*

## खबर संक्षेप

### एनकाउंटर में गोगी गैंग के नाबालिग समेत तीन बदमाश दबोचे

**नई दिल्ली।** नरेला इंडसट्रियल एरिया के यूईआर-2 के पास केमिकल मार्केट के पीछे वाली सड़क पर एनकाउंटर के बाद एएटीएस टीम ने एक नाबालिग समेत तीन बदमाशों को दबोच लिया। एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार सूचना के बाद कई मामलों में वॉन्टेड संदिग्ध को पकड़ने के लिए एक जाल बिछाया गया था। जब संदिग्ध अक्षय पांचाल उर्फ टैक्सी और उसके साथी मयंक और एक नाबालिग सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके पर पहुंचे तो पुलिस टीम ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसी बीच अक्षय पांचाल और मयंक ने पुलिस टीम की ओर गोली चलाई। अपने बचाव में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और आरोपियों पर गोली चलाई। गोलीबारी के दौरान अक्षय को पैर में गोली लगी। इस दौरान बदमाशों ने चार राउंड और पुलिस ने तीन राउंड फायरिंग की। अक्षय गोगी गैंग का शूटर है। मामले में आगे की कार्रवाई कानून के मुताबिक की जा रही है।

### फॉलोअर्स बढ़ाने के लिये हथियार संग फोटो की थी पोस्ट, अरेस्ट

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में एक व्यक्ति को अवैध हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी दीपक उर्फ झुमरी (26) नामक युवक ने सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वीडियो पोस्ट की थी। वह अपने फॉलोअर्स बढ़ाने की इच्छा रखता था। आरोपी को दिल्ली पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन शस्त्र' के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार दीपक सोशल मीडिया मंच पर देसी कट्टा लहराते हुए वीडियो अपलोड करता था ताकि उसके अधिक 'फॉलोअर्स' हो सके और पैसे कमाने के लिए गैंगस्टर से संपर्क बना सके। सोशल मीडिया की निगरानी के दौरान पुलिस को इसका प्रोफाइल मिला था। इसे बुराड़ी में परिवहन कार्यालय के निकट आरसीसी रोड से गुजरते समय गिरफ्तार किया गया। इसने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह सोशल मीडिया मंच पर मशहूर होना चाहता था। इसने हिमांशु नामक व्यक्ति से अवैध हथियार हासिल किया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले भी स्वरूप नगर थाने में दर्ज चोरी के तीन मामलों में शामिल रहा है।

### बुजुर्ग मां की हत्या के आरोप में बेटा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीमापुरी इलाके में घरेलू झगड़े के दौरान अपनी 60 वर्षीय मां को फर्श पर धक्का देकर कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम शेर अली बताया गया है। यह घटना उसके आवास पर ही घटी थी। पुलिस के अनुसार शेर अली और उसकी पत्नी के बीच तीखी बहस के बाद बुधवार को झगड़ा शुरू हो गया था। मां हामिदुन निशा ने दोनों को शांत करने के लिए हस्तक्षेप किया। विवाद के दौरान अली ने कथित तौर पर अपनी मां को धक्का दिया, जिससे वह गिर गई। उन्हें सिर में चोट आई और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। महिला की बेटी शबनम ने बाद में बयान दिया कि झगड़े के दौरान उसके भाई ने उनकी मां पर हमला किया था, जिसके परिणामस्वरूप उनकी मौत हो गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। गाजियाबाद के लोनी में दर्जी का काम करने वाले अली को कुछ ही समय बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

### आग लगने के कारणों की हो रही जांच

# मटियाला में आग से 300 झुग्गियां जलकर खाक, कोई हताहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के मटियाला इलाके में मछली बाजार के पास एक झुग्गी बस्ती में बुधवार देर रात भीषण आग लग गई। आग में करीब 300 झुग्गियां जलकर खाक हो गई। पुलिस के अनुसार इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, झुग्गी बस्ती और उससे लगे कबाड़ रखने के गोदामों में आग लगने की सूचना बुधवार रात 11:54 बजे मिली थी, जिसके बाद दमकल की दो दर्जन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि बिंदापुर थाने की एक टीम



भी तुरंत मौके पर पहुंची और बस्ती के निवासियों को सुरक्षित रूप से आग वाले क्षेत्र से बाहर निकालने में मदद की।

डीसीपी द्वारका कुशल पाल सिंह ने बताया कि झुग्गियों में रहने वाले सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग लगभग चार एकड़ क्षेत्र में फैल गई थी, जिसके कारण दमकल की कई गाड़ियां मौके पर बुलाई गई थी। दमकल विभाग के अनुसार, शुरुआत में 23 गाड़ियों को आग बुझाने के काम में लगाया गया था। आग बुझाने के अभियान के दौरान बाद में इनकी संख्या बढ़कर लगभग 28 हो गई। डीसीपी ने कहा कि कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद बृहस्पतिवार तड़के करीब तीन बजे आग पर काबू पाया गया। डीसीपी ने यह भी जानकारी दी कि इस महीने की शुरुआत में (सात मार्च को) इस स्थान पर आग लगने की ऐसी ही एक घटना हुई थी। सूत्रों से पता चला कि जिस जमीन पर झुग्गियां स्थित हैं वह एक निजी संपत्ति है, लेकिन इसका स्वामित्व विवादित है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने डीयू में विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध पर रोक लगाने से किया इनकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) परिसर में जुलूसों और विरोध प्रदर्शनों पर लगे पूर्ण प्रतिबंध पर रोक लगाने से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया। साथ ही अदालत ने कहा कि उसकी स्पष्ट राय है कि ऐसा पूर्ण प्रतिबंध उचित नहीं है और इसे जारी नहीं रखा जा सकता। अदालत ने विश्वविद्यालय और दिल्ली पुलिस को प्रतिबंध के खिलाफ कानून के छात्र की याचिका पर जवाब देने को कहा। मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने कहा, "यह आदेश कब से लागू है? इसे 10 दिन और लागू रहने दीजिए। पीठ ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि इस मामले में संतुलन बनाये रखना आवश्यक है। पीठ ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करें।

अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 25 मार्च तय की। अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार और दिल्ली विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले दो कॉलेजों को भी नोटिस जारी किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के वकील ने कहा कि प्रॉक्टर का निर्णय दिल्ली पुलिस द्वारा उत्तरी परिसर क्षेत्र में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने के खिलाफ जारी निषेधाज्ञा पर आधारित था। अदालत ने सुनवाई के दौरान प्रतिबंध लगाने के फैसले पर पुलिस और विश्वविद्यालय दोनों से सवाल किया और कहा कि अदालत की "स्पष्ट राय" है कि पूर्ण प्रतिबंध उचित नहीं है। अदालत ने कहा, "इस स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं किया जा सकता। हम केवल अनुच्छेद 19 (भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार) के कारण ही हस्तक्षेप कर रहे हैं। आपको निष्पक्ष व्यवहार करना चाहिए। यह स्थिति क्यों उत्पन्न हुई? प्रॉक्टर भी एक शिक्षाविद हैं। कोई भी शिक्षाविद ऐसा आदेश पारित नहीं करना चाहता... कारण, आप समझते हैं। इसने कहा कि हम विद्यार्थियों के आचरण पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। देखिए चुनाव में क्या हुआ। आपके द्वारा पैदा की गई स्थिति के अलावा कोई भी शैक्षणिक संस्थान का प्रमुख ऐसा आदेश क्यों जारी करेगा?'

## सप्लाई चेन तोड़ने के लिये कुख्यात ड्रग्स सप्लायर चेन्नई जेल ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट 1988 के तहत एक कुख्यात ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। ड्रग तस्कर रोशन लाल (44) को नारकोटिक्स सप्लाईa चेन तोड़ने के लिए चेन्नई जेल में शिफ्ट किया गया है। यह अपनी तरह का पहला मामला है, जिसमें पकड़े जाने के बाद आरोपी को दूसरे राज्य की जेल में भेजा गया है। आरोपी तीन एनडीपीएस केस और चार दूसरे क्रिमिनल केस जैसे एक्साइज, चोरी और बीएनएस में शामिल रहा है।

पुलिस के अनुसार हाल ही में क्राइम ब्रांच की एएनटीएफ टीम ने प्रिवेंटिव डिटेन करने का एक प्रपोजल तैयार किया और ड्रग तस्करों को डिटेन करने के लिए पीआईटी-एनडीपीएस डिवीजन, डिपार्टमेंट ऑफ रेवेन्यू, मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस को भेजा। रोशन लाल पुत्र बाबू लाल निवासी कैलाश विहार, अमन विहार दिल्ली का रहने वाला है। ड्रग ट्रैफिकिंग की एक्टिविटीज में उसके एक्टिव और बार-बार शामिल होने को देखते हुए रोशन लाल को डिटेन किया गया और डिटेन्शन ऑर्डर के एग्जिक्यूशन के बाद सेंट्रल प्रिजन, पुझल, चेन्नई में रखा गया है।

### क्या है पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट?

पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट, 1988 के तहत ड्रग ट्रैफिकिंग में बार बार शामिल लोगों को प्रिवेंटिव डिटेंशन देने का प्रावधान है। यह कानून आम क्रिमिनल कानूनों का सब्स्टीट्यूट नहीं है, बल्कि ऑर्गनाइज्ड ड्रग ट्रैफिकिंग नेटवर्क को असरदार तरीके से रोकने के लिए एक एक्स्ट्रा लीगल मैकेनिज्म के तौर पर काम करता है। इस एक्ट का मुख्य मकसद नारकोटिक्स ट्रैफिकिंग में शामिल बड़े ऑपरेटर्स को टारगेट करना है, जिनमें ऑर्गनाइजर और फाइनेंसर, पर्दे के पीछे काम करने वाले किंगपिन, आदतन और ऑर्गनाइज्ड ड्रग ट्रैफिकर, अफीम का गलत इस्तेमाल करने वाले लाइसेंस वाले किसान, गांजा या अफीम के गैर-कानूनी किसान शामिल है।

### स्ट्रेट ऑफ होमुर्ज से ईंधन जहाजों को सैफ पैसेज मिलना भारत की विश्व कीर्ति का परिणाम : सचदेवा

**नई दिल्ली।** ईरान के सैन्य कब्जे वाले युद्धग्रस्त स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से ईंधन जहाजों को सेफ पैसेज मिलना भारत की स्पष्ट विदेश नीति के साथ ही विश्व भर में भारत एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बढ़ती कीर्ति का परिणाम है। यह बात गुरुवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कही है। सचदेवा ने कहा कि ईरान एवं अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के बीच भारत सरकार के फोन काल निवेदन पर ईरान द्वारा भारतीय ईंधन जहाजों को सुरक्षित पैसेज देना जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्व स्टेटसमैन होने को प्रमाणित करता है वहीं देश के अंदर ओछी राजनीति करके देश विदेश में भारत की छवि धूमिल करने वाले राहुल गांधी एवं अरविंद केजरीवाल सरीखे नेताओं के मुंह पर करारा तमाचा है। सचदेवा ने कहा कि आज विश्व ईंधन विशेषकर कुकिंग गैस संकट से गुजर रहा पर ईरान द्वारा भारत को सेफ पैसेज देना दर्शाता है कि भारत कितने सबल नेतृत्व के सुरक्षित हाथों में है, बस हमारे देश के कुछ विपक्षी दलों के नेता ही देश की छवि से खेलना छोड़ दें तो बेहतर होगा।

## कोचिंग सेंटर में मौत का मामलाः दिल्ली की अदालत ने याचिका को किया स्वीकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर इलाके में एक कोचिंग सेंटर के तलघर में 27 जुलाई, 2024 को पानी भरने से सिविल सेवा के तीन अभ्यर्थियों की मौत के सिलसिले में एक अभ्यर्थी के पिता की तरफ से दाखिल की गयी याचिका को शहर की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को स्वीकार कर लिया। याचिका में आगे जांच किये जाने की मांग की गयी है।

राउज एवेन्यू कोर्ट के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश भट्ट ने कहा कि विरोध याचिका स्वीकार कर ली गई है। जांच अधिकारी (आईओ) को आगे की जांच करने का निर्देश दिया जाता है। विस्तृत आदेश का इंतजार है।

मृतक नेविन डाल्विन के पिता डाल्विन सुरेश के वकील अभिजीत आनंद ने एक याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि केंद्रीय एजेंसी के जांच अधिकारी (आईओ) ने ₹स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच₹ नहीं की। नौ जनवरी की याचिका में दावा किया गया है कि ₹पूरी जांच दिखावटी और लापरवाही से की गई है और दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सभी पहलुओं से इसकी जांच नहीं की गई है।₹ पिछले महीने सीबीआई ने अपना जवाब दाखिल करते हुए कहा था, ₹जांच निष्पक्ष, पूरी तरह से और कानून के अनुसार की गई है, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश भी शामिल हैं। आगे की जांच का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि सभी भौतिक साक्ष्य एकत्र कर लिए गए हैं और सभी प्रासंगिक पहलुओं से उनकी जांच की गई है।₹ एजेंसी के अनुसार, जांच पूरी तरह से, निष्पक्ष और व्यापक थी, और मामले के परिणाम पर असर डालने वाले सभी प्रासंगिक तथ्यों और सामग्रियों की विधिवत जांच की गई और उन्हें रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। जांच अधिकारी ने इस आरोप का खंडन किया कि उसने किसी आरोपी व्यक्ति या दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और अग्निशमन सेवा के अधिकारियों के साथ मिलीभगत की थी। सीबीआई ने बताया कि जांच के दौरान यह साबित हो गया है कि ओल्ड राजिंदर नगर के संबंधित इलाके में जलभराव की समस्या हुआ करती थी।

## कृष्ण पहलवान के दो पीएसओ और कालू बंजारा मर्डर का आरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



■ पैरोल पर रिहा होकर हो गया था फरार, कट्टा बरामद

नो गन्स, नो गैंग्स अभियान के तहत द्वारका जिले के स्पेशल स्टाफ ने एक पैरोल जंपल को गिरफ्तार किया है। आरोपी योगेश उर्फ टिल्लू एक शातिर अपराधी है जो 2018 में हुए प्रवीण राठौर उर्फ कालू बंजारा और 2016 में कृष्ण पहलवान के दो प्राइवेट पीएसओ के मर्डर में शामिल था। बंजारा मर्डर केस में 50 हजार के इनाम की घोषणा के बाद इसे गिरफ्तार किया गया था। आरोपी 2020 में पैरोल पर जेल से रिहा किया गया था, लेकिन इसने सरेंडर नहीं किया था और तब से वह फरार था। इसे चार मामलों में कोर्ट द्वारा पीओ घोषित किया गया है। आरोपी के पास से एक लोडेड कट्टा बरामद हुआ है।

डीसीपी द्वारका कुशल पाल सिंह के अनुसार योगेश उर्फ टिल्लू 2020 से फरार था। इसके बारे में जानकारी इकट्ठा की तो पता चला कि वह मुंबई में रहता है और अलग-अलग फोन नंबरों का इस्तेमाल कर अपने दोस्तों से कॉन्टैक्ट करता है। वह अपनी आजीविका चलाने के लिये एक होटल में नौकरी कर रहा था। टीम कई बार मुंबई गई और पता चला कि वह आने-जाने वालों के फोन का इस्तेमाल करता है। 10 मार्च को एक सीक्रेट जानकारी मिली कि योगेश किसी से मिलने के लिए दिचाऊं डिपो के पास आएगा। टीम दिचाऊं डिपो पहुंची और सीक्रेट इन्फॉर्मर के इशारे पर योगेश को पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। हथियार बरामदगी को लेकर नजफगढ़ थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कियाग या है। पूछताछ के दौरान आरोपी योगेश ने बताया कि 2009 में उसने पहली बार क्राइम किया था। सोने की तस्करी की टिप पर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर सोना लूटने के इरादे से एक आदमी को किडनैप किया था, लेकिन बाद में उसे इस केस में अरेस्ट कर लिया गया था। जेल में उसकी मुलाकात गैंगस्टर दर्शन डबास से हुई। जेल से छूटने के बाद उसने दर्शन डबास, प्रमोद और शक्ति के साथ मिलकर एक गैंग बनाया। वह अपने गैंग के मेंबर्स के साथ कृष्ण पहलवान के फार्म और कार्यालय पर जाता था। 2016 में पर्सनल दुश्मनी की वजह से कृष्ण पहलवान के दो प्राइवेट पीएसओ को उसके फार्म पर गोली मार दी गई थी। इस घटना में वह शामिल पाया गया और उसे अरेस्ट कर लिया गया था। केस में कृष्ण पहलवान भी अरेस्ट किया गया था। उस पर सबूत मिटाने का आरोप था। तब से वह लगातार गैंग्स में शामिल रहा और गैंग की दुश्मनी की वजह से 2018 में कालू बंजारा का हाईलाइटेड मर्डर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर किया था। 40 वर्षीय योगेश बाबा हरिदास एन्क्लेव, झड़ौदा कलां का रहने वाला है।

## भाजपा विधायक ने अपने गुंडों से हमारे नेताओं के साथ मारपीट की : संजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली




■ शिकायत देने के बाद भी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नहीं दर्ज की एफआईआर

आम आदमी पार्टी से सांसद संजय सिंह ने कहा कि बुधवार रात राजेंद्र नगर विधानसभा के भाजपा विधायक ने अपने गुंडों से हमारे नेताओं के साथ मारपीट करवाई। इस मामले में शिकायत देने के बाद भी भाजपा की पुलिस आरोपियों के खिलाफ एफआईआर नहीं दर्ज कर रही है। गुरुवार को संजय सिंह ने प्रैसवार्ता में कहा कि भाजपा के पास पहले तीन इंजन के गुंडे थे और अब दिल्ली में सरकार बनने के बाद चार इंजन के गुंडे हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इसका प्रत्यक्ष उदाहरण पार्षद ज्योति गौतम और संजय बैरवा हैं। ज्योति गौतम के क्षेत्र में बुधवार को सड़क का काम चल रहा था। संजय बैरवा, राजेंद्र नगर विधानसभा की शिकायत निवारण समिति (ग्रीवेंस कमेटी) के अध्यक्ष हैं, वे पार्षद ज्योति गौतम के साथ काम का निरीक्षण करने गए थे। क्षेत्र की पार्षद होने के नाते वहां जाना और काम की गुणवत्ता देखना उनका अधिकार है। वहां के स्थानीय भाजपा विधायक उमंग बजाज ने अपने सामने अपने गुंडों से संजय बैरवा को पिटवाया और पार्षद ज्योति गौतम के साथ अभद्रता व गाली-गलौज करवाई। संजय सिंह ने संजय बैरवा की हालत दिखाते हुए कहा कि इनकी चिकित्सीय जांच (एमएलसी) हो चुकी है और मारपीट के सारे प्रमाण मौजूद हैं। इन्होंने थाने में सूचना दी और एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन किया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। संजय सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री और दिल्ली पुलिस कमिश्नर से अनुरोध किया कि इस मामले में त्वरित कार्रवाई की जाए और गुंडागर्दी करने वाले विधायक को समझा लिया जाए कि दिल्ली गुंडागर्दी से नहीं चलेगी। वहीं पीड़ति संजय बैरवा ने कहा कि बुधवार रात के 1 बजे इंद्रपुरी वार्ड में नगर निगम की सड़क का काम चल रहा था। निगम पार्षद ज्योति गौतम के साथ हम लोग वहां सड़क निरीक्षण के लिए जा रहे थे, तो देखा कि भाजपा के स्थानीय विधायक उमंग बजाज वहां पहले से मौजूद थे। काम की गुणवत्ता का निरीक्षण करने के बाद हम लोग लौटने वाले थे। तभी एक व्यक्ति मेरे पास आया और मुझसे नाम पूछा कि क्या मैं संजय बैरवा हूं। बैरवा ने बताया कि इतना सुनते ही उन्होंने मारना शुरू कर दिया। मुझे जमीन पर लेटाकर बहुत मारा और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया।

### पैर फिसल जाने के कारण आप का कार्यकर्ता गिरकर चोटिल हुआ : भाजपा

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भाजपा ने आम आदमी पार्टी द्वारा लगाए गए आरोपों की निंदा करते हुए कहा कि विकास कार्य का श्रेय लेने के लिए 'आप' पार्षद एवं कार्यकर्ताओं ने राजेन्द्र नगर में बुधवार रात हुड़दंग किया और उस दौरान पैर फिसल जाने के कारण उनका एक कार्यकर्ता गिर कर चोटिल हुआ। भाजपा ने कहा कि वास्तविकता यह है कि 2024 में राजेन्द्र नगर के तत्कालीन 'आप' विधायक ने दिल्ली जल बोर्ड के फंड से कुछ विकास कार्य शुरू करवाने के लिए इंद्रपुरी वार्ड में सड़क खुदवाई पर ना विकास कार्य हुआ ना सड़क ही बनी। फरवरी 2025 में सांसद बांसुरी स्वराज एवं नवनिर्वाचित भाजपा विधायक उमंग बजाज ने अथक प्रयास कर दिल्ली जल बोर्ड अधिकारियों एवं निजी ठेकेदार से अब जा कर विकास कार्य पूरा करवाया और जल बोर्ड ठेकेदार के द्वारा जमा करवाये रोड़ कटिंग के पैसे से पूरी सड़क का निर्माण करवाया है। पार्षद ज्योति गौतम जो दो साल से चुप थीं अब दिल्ली नगर निगम चुनाव नजदीक देखकर केवल काम का श्रेय लेने की कोशिश कर रही हैं। दिल्ली भाजपा ने प्रैसवार्ता कर रहे 'आप' नेताओं से पूछा कि यदि इन्द्रपुरी में हुआ यह विकास कार्य उनके विधायक या पार्षद के फंड से हो रहा है तो इन्होंने इसे 2024 में ही पूरा क्यों नहीं करवा लिया था।

## मजदूर ने पत्नी के साथ अवैध संबंध का शक होने पर की ममेरे भाई की हत्या

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाहरी दिल्ली के मुंडका में 32 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ अवैध संबंध होने का शक होने पर कथित तौर पर अपने ममेरे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बिहार के भागलपुर निवासी गोविंद ने कथित तौर पर मंगलवार देर रात अपने मामा के बेटे कुंदन की गोली मारकर हत्या कर दी और पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार, गोविंद अपनी पत्नी के साथ मुंडका में किराए के मकान में रह रहा था। कुछ महीने पहले कुंदन दिल्ली आया और उनके साथ रहने लगा। दोनों पास की अलग-अलग फैक्टरी में काम करते थे। जांचकर्ताओं ने बताया कि गोविंद को शक होने लगा था कि कुंदन का उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध है। वह अक्सर दोनों को आपस में बात करते देखता था, जिससे उसका शक धीरे-धीरे गहराता गया और घर में तनाव पैदा हो गया। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार रात मामला बढ़ गया और गोविंद ने गुस्से में आकर कथित तौर पर देसी पिस्तौल निकाली और कुंदन के सिर में गोली मार दी। उसने बताया कि कुंदन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद गोविंद ने पुलिस को फोन करके घटना के बारे में जानकारी दी।

पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पीड़ित के शव को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया गया।


हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में गांव बडोपट्टी में आईटीआई का निर्माण (जीएसटी के बिना)। | 11.03.2026 01.04.2026 | 1646.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 2 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | ऐलनाबाद कस्बा :- डीआई स्पेशल, स्लूइस वॉल्व, एनआरवी, आर्मर्ड केबल, रॉ वाटर में केबल ट्रे की आपूर्ति, फिक्सिंग व स्थापना, नहर आधारित जलघर ऐलनाबाद के लिए बुढ़ीमेरी में पम्पिंग स्टेशन और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। एसएच. हैड :- जलापूर्ति योजना ऐलनाबाद कस्बा का संवर्धन। 'एस/एस टैंकों का निर्माण, मौजूदा जलघर संरचनाओं की मरम्मत और दक्षिणी घग्गर नहर से मौजूदा जलघर तक नई वाटर कैरियर (800 मिमी आई/डी डी.आई. राइजिंग मेन) बिछाना।' | 10.03.2026 17.03.2026 | 23.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | कक्षा I-XII के लिए ड्यूअल डेस्क्स की अधिप्राप्ति के लिए वार्षिक दर अनुबंध की व्यवस्था करने हेतु निविदा। | 12.03.2026 10.04.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 4 | सिविल सर्जन कैथल | जिला कैथल के लिए ऑर्थो इम्प्लांट्स की खरीद। | 12.03.2026 23.03.2026 | ईएमडी 50000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 drugstorektl@gmail.com |
| 5 | सिविल सर्जन कैथल | जिला नागरिक हस्पताल कैथल में डिलीवरी केसों को जेएसएसके डाइट। | 12.03.2026 23.03.2026 | ईएमडी 50000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 drugstorektl@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव मकड़ानी में ग्राम सचिवालय का निर्माण। | 05.03.2026 16.03.2026 | 56.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2026/160/43767/I/88/7 दि. 12.03.26

### सीएम ने की 'समर एक्शन प्लान-2026' की समीक्षा बैठक

# गर्मियों में पानी की कमी नहीं होने देगी सरकार, समर एक्शन प्लान तैयार: रेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गर्मियों के दिनों में राजधानी के हर नागरिक को स्वच्छ और पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। इसके लिए 'समर एक्शन प्लान-2026' तैयार किया गया है। इसके माध्यम से पानी की आपूर्ति, निगरानी और शिकायत समाधान की पूरी व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। भीषण गर्मी के दौरान अगर आवश्यकता हुई तो लगभग 200 अतिरिक्त टैंकर भी किराए पर लिए जाएंगे।

यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में आयोजित दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 'समर एक्शन प्लान-2026' की समीक्षा बैठक करने के बाद कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी के मौसम में राजधानी में पानी की किल्लत न हो, इसके लिए दिल्ली सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी के मौसम के दौरान पानी की मांग बढ़ जाती है, जबकि उत्पादन लगभग समान रहता है। इसे ध्यान में रखते हुए समर एक्शन प्लान तैयार किया गया है ताकि दिल्ली के सभी इलाकों में पर्याप्त पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके, पानी की कमी वाले क्षेत्रों में तुरंत राहत पहुंचाई जा सके और शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा सके। बैठक में जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, सरकार के मुख्य सचिव श्री राजीव वर्मा, दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ श्री कौशल राज शर्मा तथा सरकार व बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि दिल्ली की आबादी लगभग 2.5 करोड़ है और मानक के अनुसार राजधानी को प्रतिदिन लगभग 1,250 मिलियन गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) पानी की आवश्यकता होती है, जबकि वर्तमान में लगभग 1,000 एमजीडी पानी उपलब्ध हो रहा है। इस अंतर को ध्यान में रखते हुए गर्मियों के लिए विशेष प्रबंधन किया गया है।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि समर एक्शन प्लान के तहत दिल्ली के सभी वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट्स से अधिकतम जल उत्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही भूमिगत और सतही जलाशयों की सफाई, पंपिंग स्टेशनों की मरम्मत, उपकरणों का रखरखाव और पाइपलाइन लीकेज की निगरानी व मरम्मत जैसे कार्य पहले ही पूरे कर लिए गए हैं, ताकि गर्मियों में जल आपूर्ति बाधित न हो।

### गर्मियों की तैयारी के लिए एनडीएमसी खरीदेगा 12 नए वाटर टैंकर : चहल



नई दिल्ली। आगामी गर्मी के मौसम में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने समर एक्शन प्लान–2026 तैयार किया है। इस बात की जानकारी गुरुवार को एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने दी है। चहल ने बताया कि इस योजना के तहत एनडीएमसी क्षेत्र के जल संकट वाले क्षेत्रों की पहचान की गई है और जरूरत पड़ने पर वहां वाटर टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा गर्मियों के दौरान आपात स्थिति से निपटने के लिए 12 नए माउंटेड वाटर टैंकर खरीदे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एनडीएमसी क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति मुख्य रूप से दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) से होती है, जो चंद्रावल, वजीराबाद, हैदरपुर और सोनिया विहार जल शोधन संयंत्रों से विभिन्न प्वाइंट्स के माध्यम से मिलती है। एनडीएमसी क्षेत्र में कुल लगभग 127 एमएलडी पानी उपलब्ध है, जिसमें लगभग 125 एमएलडी डीजेबी से और करीब 2.08 एमएलडी ट्यूबवेल से प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जल वितरण को सुचारु बनाए रखने के लिए एनडीएमसी के पास 24 अंडरग्राउंड रिजर्वायर (यूजीआर) और बूस्टिंग स्टेशन हैं, जिनके माध्यम से पूरे एनडीएमसी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति की जाती है।

# उपराज्यपाल से मिले दिल्ली के छह सांसद

### राजधानी के विकास को लेकर हुई सकारात्मक चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नवनियुक्त उपराज्यपाल तरनजीत संधू के पूरी तरह से कार्यभार संभालने के पहले दिन गुरुवार को दिल्ली के 6 सांसदों ने शिष्टाचार भेंट की। इन सांसदों में मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधुड़ी, योगेन्द्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत, बांसुरी स्वराज तथा प्रवीन खंडेलवाल शामिल थे।

जबकि सातवें सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा बिहार प्रवास के कारण नहीं पहुंचे। सभी सांसदों ने एलजी संधू को पद संभालने के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। जानकारी अनुसार इस अवसर पर एलजी संधू ने सांसदों के साथ बैठक की जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत दिल्ली को विश्व स्तरीय राजधानी बनाने पर लंबी चर्चा हुई। बैठक में एलजी संधू ने सभी सांसदों को भरोसा दिया कि पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और सशक्त राजधानी के विज़न के अनुरूप मिलकर कार्य करेंगे। इस बारे में सांसदों ने कहा कि बैठक में एलजी को भरोसा दिया गया है कि दिल्ली को एक विश्व स्तरीय, आधुनिक, स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित महानगर के रूप में विकसित करने के लिए सभी जनप्रतिनिधि मिलकर कार्य करेंगे। सांसदों ने विश्वास व्यक्त किया कि संधू के समृद्ध प्रशासनिक अनुभव, वैश्विक दृष्टि और प्रभावी मार्गदर्शन से दिल्ली के विकास, शहरी अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता, ट्रैफिक प्रबंधन, व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार तथा नागरिक सुविधाओं में व्यापक सुधार को नई गति मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट हुई दर्ज

**नई दिल्ली।** लगातार तीसरे दिन राजधानी दिल्ली में सूरज के कड़े तेवरों में मामूली नरमी देखने को मिली, जिसके चलते अधिकतम पारा 35 डिग्री पार दर्ज हुआ। लेकिन न्यूनतम पारा और चढ़ गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार मामूली गिरावट के बाद गुरुवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 6.9 डिग्री सेल्सियस अधिक है। जबकि बुधवार को यह आंकड़ा 36.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। वहीं गुरुवार को न्यूनतम तापमान चढ़कर 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है। जबकि बुधवार को न्यूनतम तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। दिन में आसमान पर बादलों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

### दिल्ली में बिजली की डिमांड पहुंच सकती है 9000 मेगावाट पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में साल दर साल बिजली की खपत का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है। ताजा अनुमान में इस गर्मी के सीजन में दिल्ली में बिजली की डिमांड में अभूतपूर्व बढ़ोतरी होने की संभावना है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) दिल्ली के अनुसार इस साल गर्मियों में बिजली की डिमांड बढ़कर 9000 मेगावाट को भी पार कर सकती है। वहीं मौसम की स्थिति और डिमांड ग्रोथ के आधार पर 2028–2029 तक दिल्ली की पीक पावर डिमांड बढ़कर 10 हजार मेगावाट के आंकड़े को पार कर सकती है। एसएलडीसी के अनुसार वर्ष 2025-2026 में गर्मियों में सबसे अधिक बिजली की मांग 8442 मेगावाट तक पहुंच चुकी थी।

### स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ की बैठक

# सरकार और सामाजिक संस्थाओं का संयुक्त प्रयास जरूरी : इंद्राज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भिक्षावृत्ति उन्मूलन के लिए दिल्ली सरकार और सामाजिक संस्थाओं का संयुक्त प्रयास जरूरी है। यह बात गुरुवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने दिल्ली सचिवालय में स्माइल योजना के अंतर्गत कार्य कर रही विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ एक बैठक में कही। बैठक करने के बाद मंत्री इंद्राज ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य भिक्षावृत्ति में संलग्न लोगों के पुनर्वास, आजीविका से जोड़ने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करना था। बैठक के दौरान विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए कार्यों की विस्तृत प्रस्तुति दी।

संस्थाओं ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में उन्होंने दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में सर्वेक्षण कर सैकड़ों लोगों से संपर्क किया, काउंसलिंग की और कई लोगों को भिक्षावृत्ति से बाहर निकालकर पुनर्वास की दिशा में आगे बढ़ाया। कई लाभार्थियों को शेल्टर होम में स्थान दिलाया गया तथा उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में प्रयास किए गए। प्रस्तुतियों में बताया गया कि लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, जिसमें आधार कार्ड बनवाना, बैंक खाते खुलवाना, बीमा योजनाओं से जोड़ना, नगर निगम के माध्यम से वेंडर पंजीकरण कराना और राशन कार्ड के लिए आवेदन करना शामिल है। इसके साथ ही बच्चों को स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में दाखिला दिलाने तथा महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण प्रयास भी किए जा रहे हैं। कुछ संस्थाओं ने अपने कार्यों की सफलता के उदाहरण भी प्रस्तुत किए, जिनमें बताया गया कि किस प्रकार भिक्षावृत्ति में संलग्न लोगों को काउंसलिंग, प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया।

कई लाभार्थी अब छोटे-छोटे व्यवसाय या स्वरोजगार के माध्यम से अपनी आय अर्जित कर सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। मंत्री इंद्राज ने कहा कि 'स्माइल' योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य भिक्षावृत्ति जैसी सामाजिक समस्या को समाप्त करना और बेसहारा लोगों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। इन्द्राज ने कहा कि भिक्षावृत्ति केवल एक सामाजिक समस्या नहीं बल्कि देश की छवि से भी जुड़ा हुआ विषय है। उन्होंने कहा कि जब कोई विदेशी पर्यटक भारत आता है और सड़कों पर भिक्षावृत्ति के दृश्य देखता है तो इससे देश की छवि प्रभावित होती है। इसलिए इस समस्या का समाधान करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# एलपीजी, पेट्रोल, डीजल या पीएनजी की कोई कमी नहीं : दिल्ली सरकार

### सरकार की नागरिकों को सलाह: घबराकर खरीदारी न करें, कालाबाजारी करने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने गुरुवार को कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल और पीएनजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि शहर में किसी भी प्रकार के ईंधन की कोई कमी नहीं है।

दिल्ली के निवासियों को सलाह दी गई है कि वे घबराहट में अतिरिक्त खरीदारी (पैनिक बाइंग) या जमाखोरी न करें और ईंधन आपूर्ति में व्यवधान से संबंधित किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने पुष्टि की है कि दिल्ली में घरेलू पीएनजी की आपूर्ति स्थिर है। प्राकृतिक गैस के आवंटन में घरेलू पीएनजी और परिवहन क्षेत्र (सीएनजी) के



उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही, तेल विपणन कंपनियों ने भी यह सुनिश्चित किया है कि पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति श्रृंखला बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से कार्य कर रही है। सरकार ने सूचित किया है कि एलपीजी रिफिल बुकिंग के लिए न्यूनतम अंतराल को 21 दिनों से संशोधित कर अब 25 दिन कर दिया गया है। इसके बावजूद उपभोक्ताओं को बुकिंग के औसतन दो से तीन दिनों के भीतर सिलेंडर की डिलीवरी मिल रही है। उपभोक्ताओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उदाहरण के तौर पर, यदि पिछला सिलेंडर 1 फरवरी 2026 को डिलीवर हुआ था, तो अगली बुकिंग 25 दिन पूरे होने पर यानी 26 फरवरी 2026 को या उसके बाद की जा सकती है। इसके लिए गैस एजेंसी जाने की आवश्यकता नहीं है, उपभोक्ता वेब पोर्टल, एसएमएस, आईवीआरएस, मिस्ड-कॉल या व्हाट्सएप का उपयोग कर सकते हैं।

### घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** राजधानी में घरेलू गैस सिलेंडर महंगा करने व कमी होने के विरोध में गुरूवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव की अगुवाई में दिल्ली में विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने केंद्र सरकार से मांग की है कि घरेलू गैस सिलेंडर पर बढ़ाई गई दरों को वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि सिलेंडर की कमी व उनकी दरों में वृद्धि के चलते कमरतोड़ महंगाई हो चुकी है जिससे गरीब आदमी का जीना मुहाल हो गया है। यादव ने कहा कि विरोध प्रकट करने के लिए आज दिल्ली की सभी 258 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में गैस एजेंसियों के बाहर कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किए है। अगर देश में ईंधन की कमी नहीं है तो गैस गोदामों के बाहर लंबी लंबी लाइन क्यों लग रही हैं। उन्होंने आरोप लगाए कि 3000 में सिलेंडर क्यों बेचे जा रहे हैं। सरकार द्वारा की गई बढ़ोत्तरी के बाद दिल्ली में प्रति घरेलू सिलेंडर अब 913 रुपये और कर्मिशयल सिलेंडर 1883 में मिलेगा। भाजपा की केन्द्र सरकार ने ईरान, इजरायल युद्ध के तुरंत बाद गैस सिलेंडरों की दरों में वृद्धि करके यह दर्शा दिया है कि देश में ईंधन की कमी है, जबकि पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने बयान दिया कि देश में ईंधन की कोई कमी नही है।

### मजलिस पार्क, दीपाली चौक मेट्रो में तकनीकी खराबी से सेवाएं रही बाधित

**नई दिल्ली।** चार दिन पहले शुरू हुए मजलिस पार्क से दीपाली चौक मेट्रो खंड पर गुरुवार सुबह आई तकनीकी खराबी ने मेट्रो परिचालन में परेशानी खड़ी कर दी। सुबह करीब 8.40 बजे दिल्ली मेट्रो ने अपने अधिकृत सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर जानकारी देते हुए लिखा कि सर्विस अपडेट। तकनीकी दिक्कत की वजह से मजलिस पार्क और दीपाली चौक मेट्रो स्टेशनों के बीच मैजेंटा लाइन एक्सटेंशन पर ट्रेन सर्विस में देरी हुई। डीएमआरसी ने लिखा कि बाकी सभी लाइनों पर सर्विस नॉर्मल हैं। जहां डीएमआरसी ने बाकी लाइनों पर सेवाएं सामान्य बताई। वहीं सोशल मीडिया पर यात्रियों ने रेड लाइन मेट्रो में भी देरी को लेकर सवाल पूछे। दूसरी तरफ चार दिन पहले ही शुरू हुए नए खंड पर तकनीकी खराबी को लेकर यात्रियों ने डीएमआरसी को जमकर कोसा। यात्रियों ने तरह तरह के कॉमेंट करते हुए अपनी भड़ास निकाली। एक्स पर श्रीवास्तव नामक व्यक्ति ने लिखा कितने शर्म की बात है, अभी 8 तारीख को उद्घाटन हुआ था। केवल 4 दिन में ही टेक्निकल फाल्ट आ गया, इसका मतलब ये था कि जनता को बेवकूफ बनाने के लिए मेट्रो चला दी। यात्री ने लिखा कि चाइना का माल भी कम से कम 1 महीना चल जाता है, यहां तो मेट्रो 4 दिन में ही फुस्स हो गई इतना बुरा हाल है हमारी टेक्नालॉजी का। वहीं राजू शर्मा ने लिखा कि दिल्ली मेट्रो अब लोकल ट्रेन जैसी हो गई है मैजेंटा लाइन को चालू करने का कोई तुक नहीं था अभी कुछ महीने और लगते जनकपुरी ईस्ट तक काम पूरा होने में तभी पूरी लाईन चालू कर देते। इसी प्रकार कई अन्य लोगों ने सोशल मीडिया पर डीएमआरसी को खरी खोटी लिखी है।

# महिलाओं को पिंक कार्ड के लिए भाजपा सरकार ने लगा दिया लाइन में : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




- हर महिला को मुफ्त बस यात्रा मिल रही थी, लेकिन सरकार ने पिंक कार्ड अनिवार्य कर परेशानी में डाल दिया

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को कहा है कि सार्वजनिक बसों में फ्री यात्रा करने के लिए पिंक कार्ड अनिवार्य करने के बाद से दिल्ली की महिलाएं कार्ड बनवाने को लेकर खासे परेशान है। गुरुवार को पिंक कार्ड बनवाने के लिए केंद्रों पर महिलाओं की लंबी-लंबी लगी लाइनों की वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर सौरभ ने कहा कि भाजपा सरकार का तुगलकी फरमान के चलते आज दिल्ली की महिलाएं दिन भर लाइन में लगने को मजबूर हैं। दिल्ली में रह रही हर महिला को अच्छी खासी मुफ्त बस यात्रा मिल रही थी, लेकिन सरकार ने पिंक कार्ड अनिवार्य कर उन्हें परेशानी में डाल दिया। सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर कहा कि सीएम रेखा गुप्ता, हर महिला को अच्छी खासी मुफ्त बस यात्रा मिल रही थी। सब कुछ ठीक चल रहा था। अब पूरा-पूरा दिन महिलाएं लाइन में लगी हुई हैं। सौरभ ने कहा कि आपको गरीबों को परेशान करने से क्या मिला? आप अपने पिंक कार्ड का एक फायदा बता दो। सिर्फ एक फायदा बताइए जो पहले नहीं था और अब महिलाओं को मिलेगा? भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा की लाखों गरीब महिलाओं से ये फायदा छीनने के लिए ये षड्यंत्र किया है।

### विजेंद्र गुप्ता ने किया 'सर्वश्रेष्ठ विधायक पुरस्कार' के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा के सर्वश्रेष्ठ विधायक के लिए वार्षिक पुरस्कार प्रदान करने के लिए एक उच्च स्तरीय चयन समिति का गठन किया है। इस पहल का उद्देश्य उन विधायकों को सम्मानित करना है जो सार्वजनिक सेवा और संसदीय प्रक्रिया के प्रति उत्कृष्ट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं। चयन प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नवगठित समिति में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को शामिल किया गया है। इस समिति की अध्यक्षता स्वयं अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता करेंगे और इसमें राजेंद्र अग्रवाल (पूर्व सांसद, लोकसभा), पी.डी.टी. आचार्य (पूर्व महासचिव, लोकसभा), रितेश सिंह (प्रधान सचिव - विधि, न्याय और विधायी मामले), एक वरिष्ठ पत्रकार, तथा रंजीत सिंह (सचिव, दिल्ली विधानसभा) को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

### इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं सीएम

# बेटियां सिर्फ डिग्री धारक नहीं, कल की हैं भाग्यविधाता : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बेटियां सिर्फ डिग्री धारक नहीं, बल्कि कल की भाग्यविधाता हैं। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को श्रीमती रेखा गुप्ता गुरुवार को इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय (आईजीडीटीयूडब्ल्यू) के 8वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही।



उन्होंने स्नातक हो रही छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल पढ़ाई का अंत नहीं, बल्कि जीवन की नई शुरुआत है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे जिज्ञासा, नवाचार और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ें और अपने ज्ञान व तकनीक का उपयोग समाज और देश के हित में करें। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. रंजना झा, शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुवार का दिन उनके जीवन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक है, जहां वर्षों की मेहनत, समर्पण और सपनों की सफलता का उत्सव मनाया जा रहा है।

आज यहां से 1 हजार 181 छात्राएं केवल डिग्री प्राप्त करने वाली विद्यार्थी नहीं हैं, बल्कि वे आने वाले कल की भाग्यविधाता हैं, जो अपने ज्ञान, कौशल और नेतृत्व क्षमता के माध्यम से समाज और देश के भविष्य को दिशा देंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया जैसे राष्ट्रीय अभियानों ने युवाओं को इनोवेशन, रिसर्च और उद्यमिता के नए अवसर प्रदान किए हैं। आईजीडीटीयूडब्ल्यू इन राष्ट्रीय पहलों के साथ कदम से कदम मिलाकर काम करते हुए 'नारी सशक्तिकरण' और 'विकसित भारत 2047' के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में लंबा सफर तय किया है। 'बेटी बचाओ' से 'बेटी पढ़ाओ' तक और अब 'बेटी बढ़ाओ' के संकल्प की ओर देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि इंजीनियरिंग, प्रबंधन और विज्ञान जैसे क्षेत्रों में मिली उपलब्धियों पर रुकने के बजाय वे अपने करियर, परिवार और देश की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाएं अब केवल विकास की भागीदार नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता बन रही हैं।

साहस और मेहनत का कोई जेंडर नहीं होता और इतिहास में हर क्षेत्र में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। दिल्ली सरकार शिक्षा, कौशल, तकनीक और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। जब महिलाएं शिक्षा और कौशल से सशक्त होती हैं तो न केवल उनका जीवन बदलता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास को भी नई दिशा मिलती है।

### बंजारा समाज की सांस्कृतिक विरासत देश की अमूल्य धरोहर : कपिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बंजारा समाज की सांस्कृतिक विरासत और परंपराएं देश की अमूल्य धरोहर हैं। दिल्ली सरकार आगामी 8 अप्रैल को विश्व बंजारा दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजन करेगी। यह बात दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने गुरुवार को बंजारा विमुक्त घुमन्तु कल्याण संघ, दिल्ली प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बंजारा समाज का भारत के इतिहास, संस्कृति और व्यापारिक परंपरा में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देश में जब आधुनिक परिवहन व्यवस्था नहीं थी, तब बंजारा समाज ने अपने परिश्रम और साहस के बल पर देश के विभिन्न हिस्सों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति कर व्यापार और सामाजिक जीवन को मजबूत किया।

खबर संक्षेप

## चोरी के मामले में आरोपी को दबोचा

**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने थाना मुजेसर के अंतर्गत दर्ज एक चोरी के मामले में



कार्रवाई करते हुए जाबिद निवासी डबुआ फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार संजय निवासी सेक्टर 22 ने थाना मुजेसर में दी अपनी शिकायत में बताया कि सेक्टर 22 में उसकी एक फैक्ट्री है जहां पर लोहे की प्लेटो का काम है।

## ठगी के नाम पर तीन आरोपियों को किया काबू

**फरीदाबाद।** स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर 31,41,500 रुपये की ठगी के एक मामले में



साइबर थाना एनआईटी की टीम ने शैलेंद्र कुमार, अमित कुमार सैनी व सचिन इंडस्ट्रीयल एरिया पानीपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-48 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में दी अपनी शिकायत में बताया कि 1 फरवरी को उसके व्हॉट्सएप पर एक मेसेज आया।

## चला जीडीए का बुलडोजर 33 बीघा बसाई कालोनी ध्वस्त

**गाजियाबाद।** जीडीए का बुलडोजर गुरुवार को मुरादनगर में चला। जहां 33 बीघा भूमि में बसाई जा रही



अवैध कालोनी ध्वस्त कर दी गई। प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में योगेन्द्र सिंह, सुधीर अग्रवाल व अनिल त्यागी द्वारा खसरा सं0-153 हनुमान मंदिर बम्बा रोड पर शोभापुर से बसन्तपुर सैंथली मार्ग पर ग्राम बसन्तपुर सैंथली पर लगभग 8 बीघा भूमि क्षेत्रफल में, नरेन्द्र, द्वारा खसरा सं0-130 फतेहपुर, सीकेडा रोड, मोदीनगर, पर लगभग 15000 वर्ग0 मी0 भूमि चिनाई कार्य करके प्लाटिंग को पूरी तरह ध्वस्त कर दी गई।

# हरियाणा के राज्यपाल के जन्मदिवस पर फरीदाबाद में विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन

शिविर में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान कर सक्रिय भागीदारी निभाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष के जन्मदिवस के अवसर पर मानव सेवा और सामाजिक सरोकारों को समर्पित भाव के साथ फरीदाबाद शहर में विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद, जय सेवा फाउंडेशन तथा डीएवी कॉलेज फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में डीएवी कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया और मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके साथ ही एक अन्य रक्तदान का कार्यक्रम बार रूम, जिला न्यायालय सेक्टर-12 फरीदाबाद में भी आयोजित किया गया।

जिसमें अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी योगदान दिया। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के सचिव विजेंद्र सोरोत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा उप अधीक्षक पुरुषोत्तम सैनी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित शिविर में रक्तवीरों की हौंसला अफजाई करते रैडक्रास सचिव बिजेन्द्र सौरोत साथ है समाजसेवी विमल खण्डेलवाल




### रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दें: खंडेलवाल

कार्यक्रम संयोजक विमल खंडेलवाल ने सभी रक्तदाताओं, अतिथियों और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन आगे भी निरंतर किए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिवक्ता ओम प्रकाश सैनी, अधिवक्ता मनमीत ॅकौर, अधिवक्ता मीनाक्षी, अधिवक्ता संगीता रावत, वाईआरसी समन्वयक अमित शर्मा, सचिन मडोतिया पूर्व सरपंच, कविता सहित समाज के अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे और उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य, कोई किल्लत नहीं

# अफवाह फैलाकर कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई: राजेश नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर ने दावा किया है कि राज्य में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। मिडिल ईस्ट में उत्पन्न युद्ध जैसी परिस्थितियों में भी जो शरारती एवं षड्यंत्रकारी तत्व अफवाह फैला रहे हैं, सरकार उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि आमजन अफवाहों पर ध्यान न दे। भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा 9 मार्च 2026 को जारी एक महत्वपूर्ण पत्र में प्राथमिक क्षेत्रों के लिए घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति, उसके समुचित एवं समान वितरण तथा उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इन दिशा-निर्देशों के अनुपालन में हरियाणा सरकार ने तत्काल प्रभाव से सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। वर्तमान में हरियाणा में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू रूप से चल रही है। प्रमुख तेल कंपनियों क्रमशः इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त गैस की आपूर्ति निरंतर रूप से प्राप्त हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कमी का सामना नहीं करना पड़ रहा।

राज्य मंत्री राजेश नागर ने जोर देकर कहा कि हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग पूरी सजगता के साथ केंद्र सरकार की निर्बाध सप्लाई चेन को मजबूत करने तथा उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए





कार्यरत है। विभाग के अधिकारी चौबीस घण्टे निगरानी कर रहे हैं, ताकि मांग और आपूर्ति के बीच पूर्ण तालमेल बना रहे। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य में रसोई गैस या पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। केवल कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति में अस्थाई रूप से कुछ बाधा उत्पन्न हुई है, उससे भी जल्द ही निजात पा ली जाएगी। यह अस्थायी बाधा वैश्विक परिस्थितियों से प्रभावित है फिर भी, ऑयल कंपनियां इस अस्थायी बाधा को भी दूर करने हेतु लगातार प्रयासरत हैं। प्राथमिकता आधार पर कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों एवं अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े प्रतिष्ठानों को सुनिश्चित की जा रही है। शेष वितरण को सामान्य करने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है और शीघ्र ही स्थिति पूरी तरह नियंत्रित हो जाएगी।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि हमारी सरकार का प्राथमिक उद्देश्य है कि हर घर में रसोई गैस पर्याप्त मात्रा में बनी रहे और वाहनों के इंजन सुचारू रूप से चलते रहें। केंद्र सरकार के सहयोग से हमने राज्य स्तर पर मजबूत वितरण नेटवर्क विकसित किया है जिसमें 5000 से अधिक वितरक शामिल हैं।

शिकायत के लिए टोल-फ्री नंबर

### एलपीजी की जमाखोरी व कालाबाजारी पर होगी कड़ी कार्रवाई: डीसी आयुष

**फरीदाबाद।** उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि हरियाणा सरकार, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के दिनांक 11 मार्च 2026 के निर्देशों के संदर्भ में जिला फरीदाबाद में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी तथा एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता एवं सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े तथा आवश्यक पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता लगातार बनी रहे। डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि जिले में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी एवं एलपीजी की उपलब्धता पर प्रभावी निगरानी रखने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट फरीदाबाद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त जिले के सभी उपमंडल मजिस्ट्रेट को



निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने उपमंडल क्षेत्र में पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता की नियमित समीक्षा करें तथा यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर कृत्रिम कमी, जमाखोरी या आपूर्ति में अनियमितता उत्पन्नन होने पाए। शिकायत के लिए टोल-फ्री नंबर 1800.180.2087 डीसी आयुष सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम,कालाबाजारी या अधिक मूल्य वसूली करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विशेषज्ञों ने दूर की विद्यार्थियों की शंका

## डीपीजी कॉलेज में बजट मंथन-2026 विषय पर हुआ सेमिनार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

डीपीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने एनडीएलआई क्लब, खड़गपुर के सहयोग से वीरवार को बजट मंथन-2026 विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को 'केंद्रीय बजट' तथा राष्ट्र के आर्थिक विकास में उसकी भूमिका के प्रति बेहतर समझ प्रदान करना था। अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत और उपाध्यक्ष दीपक गहलोत ने कार्यक्रम के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया। अकादमिक डीन डॉ. प्रियंका कुमारी व वाणिज्य विभागाध्यक्ष अंजू भारद्वाज के नेतृत्व में आयोजित सीएमए चैप्टर के अध्यक्ष निखिल अग्रवाल ने अपने व्याख्यान में केंद्रीय बजट तथा उसके अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में व्यावहारिक और महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ. प्रह्लाद के स्वागत भाषण से हुआ। प्राचार्य डॉ. एस.एस. बोकन ने अपने संबोधन में वाणिज्य विभाग की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों की बजट और कराधान संबंधी शैक्षणिक एवं व्यावहारिक समझ को समृद्ध करते हैं।

भारत सरकार का मुख्य उद्देश्य देश को टीबी मुक्त करना

## स्वास्थ्य विभाग ने एक दिवसीय टीबी स्क्रीनिंग जांच शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारत सरकार की 2026 तक टी बी मुक्त भारत की मुहिम को सफल बनाने के प्रयासों से भारतीय रैडक्रॉस सोसाइटी, राष्ट्रीय मुख्यालय एवं हरियाणा राज्य शाखा के संयुक्त तत्वावधान में जिला उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद आयुष सिन्हा एवं सचिव बिजेंद्र सौरोत के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एक दिवसीय टीबी स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन अम्बेडकर भवन राम नगर हनुमान मंदिर के समीप बाटा चौंक में किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि महेश आशु लाल प्रधान रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट एवं विशेष अतिथि डॉ हरजिंदर सिंह उप सिविल सर्जन फरीदाबाद द्वारा शिविर का विधिवत तरीके से शुभारंभ किया। आशु लाल ने कहा कि भारत सरकार का मुख्य उद्देश्य देश को टीबी मुक्त करना है।

लैब टेक्नीशियन का नग्न वीडियो बनाकर रुपए वसूले

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर बनाया सेक्सटॉर्शन का गैंग, युवती सहित तीन गिरफ्तार



**इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर बनाया सेक्सटॉर्शन का गैंग**

आरोपियों को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। जिसमें सामने आया कि तीनों आरोपियों की जान पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। इसके बाद इन्होंने पैसे कमाने के लिए एक साजिश के तहत योजना बनाई थी।

धर्मेंद्र कौशिक ⏭ गुरुग्राम

लैब टेक्नीशियन का नग्न वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रुपए वसूले जाने पर सेक्टर-37 थाना पुलिस ने युवती सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी और उन्होंने लोगों को फंसाने की मकसद से सेक्सटॉर्शन का गैंग बना लिया था। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। दरअसल, सेक्टर-37 थाना पुलिस को एक युवक ने 6 मार्च को शिकायत दी थी कि वह सेक्टर-83 में लैब में बतौर टेक्नीशियन का काम करता है। 25 फरवरी को वह मोहम्मदपुर में ज्योति नामक युवती का ब्लड सैंपल लेने गया था। युवती ने ब्लड रिपोर्ट के लिए उसका मोबाइल नंबर ले लिया था। दोनों की आपस में बात होने लगी तथा वह मिलने के लिए कहने लगी। 2 मार्च को वह दोबारा से युवती का ब्लड सैंपल लेने गया। जहां दो युवक आए और उसके साथ मारपीट करते हुए कपड़े उतार कर नग्न वीडियो बना ली और ब्लैकमेल करके उससे रुपए ट्रांसफर करवा लिए। वहीं उसे झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी देने लगे। आरोपी युवक उसे स्कॉर्पियो गाड़ी में लेकर गए और झूठे केस में फसाने का डर दिखाकर रुपए ट्रांसफर करवाएं। इसके बाद पांच लाख रुपए और देने की कहने लगे। उस दिन के बाद से वे फोन करके लगातार इस पर रुपए का दबाव बना रहे थे। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए युवती सहित तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पहचान हरीश यादव उर्फ मोनू निवासी अलवर (राजस्थान), श्याम सुंदर उर्फ अशोक निवासी महेंद्रगढ़ व ज्योति निवासी गांव ताज नगर गुरुग्राम के रूप में हुई।

जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में किया कई शिकायतों का निस्तारण

# गीता रानी ने नम आंखों से किया जिलाधिकारी का आभार प्रकट

हरीश राणा के परिवार को मुख्यमंत्री जी द्वारा 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के आदेश दिये। जनता दर्शन के दौरान गीता रानी अपनी लड़की के साथ आई और जिलाधिकारी को नम आंखों से धन्यवाद करते हुए कहा कि दिसxबर 2025 में पति के देहान्त के बाद मेरी स्थनीय दयनीय हो गई थी, दोनो बच्चों का शिक्षा तो दूर उन्हें पालना भी मुश्किल हो गया था, किसी ने आपसे मिलने के लिए कहा और फिर मै अपनी पुत्री के साथ आपसे 15—20 दिन पूर्व मिली। आपके निर्देशों के क्रम में मेरा आय प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन, पारिवारिक लाभ, बेटी का कस्तुरबा गांधी में दाखिला सभी कार्य पूर्ण हो गये है, जिसके लिए मै दिल से आपका आभार प्रकट करतीं हूं। महिला ने कहा कि मै किराS की झोपड़ी में रहती हूं और मेरा बेटे ने इन्टर पास किया है उसकी आगे की शिक्षा नहीं करा सकती, यदि इस सम्बंध में आपके आदेश से कुछ हो जाए तो मै जिन्दगी भर आपकी आभारी रहूंगी। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि हर गरीब, मजबूर की मद्द करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होने जूम के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि महिला के बच्चे के दाखिले की व्यवस्था की जाएं, एसडीएम सदर को निर्देशित किया कि महिला के लिए आवास की व्यवस्था की जाएं, प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और विधवा पेंशन का लाभ दिलाया जाएं इसके साथ ही उन्होने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि महिला का अन्तोदय कार्ड बनाया जाएं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी इज़हार, पुत्रः** शब्बीर अहमद, **पताः** गांव बुराका, द तावडू सोहना, गुड़गांव, **हरियाणा FIR No. 227/23, U/s: 25/54/59 Arms Act, पुलिस थानाः फतेहपुर बेरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इज़हार,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इज़हार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **इज़हार, FIR No. 227/23, U/s: 25/54/59 Arms Act, पुलिस थानाः फतेहपुर बेरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.04.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आशीष कुमार मीना
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
कमरा नं. 214
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

DP/3076/SD/2026
(Court Matter)



पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मामले की गहराई से जांच में जुटी

# देश विरोधी गतिविधियों में शामिल मौलाना , वकील समेत 6 लोग गिरफ्तार

प्रतिबंधित संगठनों को करते थे फॉलो, सोशल मीडिया पर डालते थे भड़काव पोस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

पुलिस, एटीएस और आईबी की टीम ने गुरुवार को मसूरी थाना क्षेत्र स्थित नाहल गांव से 6 लोगों को गिरफ्तार किया।

पुलिस का कहना है कि ये लोग देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त है। ये लोग सोशल मीडिया के माध्यम से देश विरोधी भड़काऊ जानकारी फैला रहे थे। आरोपियों से मसूरी थाने में गहन पूछताछ की



जा रही है। गांव में भी भारी पुलिसबल तैनात किया गया है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम शावेज (20), जुनैद (23), फरदीन (22), इकराम (36), फजलू (48) और जावेद (45) शामिल हैं। सभी नाहल गांव के निवासी हैं। नाहल से मसूरी आने वाले रास्ते में मुबारिकपुर की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया । डीसीपी एसएन तिवारी ने मीडिया को बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी व्यक्ति देश विरोधी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।

**सार्वजनिक सूचना**

सभी संबंधित पक्षों को सूचित किया जाता है कि मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर 128, नोएडा (क्रॉसले रेमेडीज लिमिटेड की एक इकाई), पहले जेपी हॉस्पिटल (जेपी हेल्थकेयर लिमिटेड की एक इकाई) उत्तर प्रदेश, निम्नलिखित मेडिकल रिकॉर्ड का समाप्त करने जा रहा है–

1. जनवरी 2021 से दिसंबर 2022 तक की सामान्य डिस्चार्ज फाइलें (एमएलसी और मृत्यु को छोड़कर)।
2. वर्ष 2022 से 2023 तक विभिन्न विभागों से संबंधित विविध रिकॉर्ड, फाइलें, पीसी-पीएनडीटी फॉर्म, आपातकालीन अभिलेख और रजिस्टर।

यदि किसी मरीज/मरीज के कानूनी परिचारक/एजेंसी को भविष्य में संदर्भ के लिए मेडिकल रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने की आवश्यकता हो, तो कृपया नीचे दिए गए संस्थान के पते पर मेडिकल रिकॉर्ड विभाग से संपर्क करें। यह अधिसूचना समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित होने की तिथि से एक माह की अवधि के लिए वैध रहेगी।

**नोट:** उपरोक्त सभी मेडिकल रिकॉर्ड नियमों के अनुसार जारी किए जाएंगे।

**(मेडिकल रिकॉर्ड डिपार्टमेंट)**

**मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर 128, नोएडा**
(क्रॉसले रेमेडीज लिमिटेड की एक इकाई)
विश टाउन, सेक्टर-128, नोएडा - 201 304, फोन: +91-120-4122 222

राष्ट्रपति के स्वागत और रामनवमी पर श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर बैठक

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परखा राम मंदिर का सुरक्षा घेरा, भीड़ नियंत्रण के लिए गोल्फ कार्ट, कड़ी निगरानी के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन और रामनवमी की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निरीक्षण कर ट्रस्ट पदाधिकारियों और अधिकारियों के साथ बैठक की। सीएम ने सुरक्षा, स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

एजेंसी ⏭ अयोध्या

सीएम योगी ने अयोध्या में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन तथा रामनवमी की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने पीएफसी स्थित सभाकक्ष में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों व पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने



मुख्यमंत्री को राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों के बारे में जानकारी दी, जिसमें एयरपोर्ट पर स्वागत, यात्रा मार्ग पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा अतिथियों के लिए आवश्यक प्रबंध शामिल हैं।

## प्रशासन व ट्रस्ट के पदाधिकारी समन्वय के साथ करें तैयारी

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि प्रशासन व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी समन्वय के साथ सभी तैयारियों को निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करें। सीएम ने पुलिस अधिकारियों को सभी सार्वजनिक स्थानों पर कड़ी निगरानी व ठोस सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने, खुफिया तंत्र व एंटी-ड्रोन कंट्रोल रूम को अलर्ट रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी के अवसर पर अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संबंध में भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा फुटपाथों को खाली रखा जाए, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न हो। सीएम योगी ने भीड़ नियंत्रण के लिए प्रभावी व्यवस्था करने तथा दर्शन-पूजन कार्यक्रम को स्क्रीन के माध्यम से भी प्रसारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रामनवमी प्रमुख पर्व है, इस अवसर पर अयोध्या धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को संदिग्ध एवं देशविरोधी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

### लता मंगेशकर चौक से हनुमानगढ़ी तक गोल्फ कार्ट संचालित करने के निर्देश

बैठक में मुख्यमंत्री रामनवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लता मंगेशकर चौक से हनुमानगढ़ी तक गोल्फ कार्ट संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें ज्यादा पैदल न चलना पड़े। सीएम ने इसके साथ ही वीआईपी मूवमेंट को न्यूनतम रखने पर भी जोर दिया, जिससे आम श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने निर्देश दिया कि पार्किंग व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए। सड़कों के किनारे वाहनों की पार्किंग न होने दी जाए। सेवाभाव से विभिन्न स्थानों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

## खबर संक्षेप

### पलामू में प्रीति भोज खाकर बीमार हुए 150 लोग



**पलामू।** पलामू में प्रीति भोज का खाना खाने से 150 से ज्यादा लोग बीमार हो गए हैं। 150 से ज्यादा लोगों के एक साथ बीमार होने के कारण इलाके में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर सिविल अस्पताल के सर्जन बीमार का इलाज करने के लिए पहुंचे। बारात जाने से पहले सरबतवा के बोहिता गांव में प्रीति भोज का आयोजन किया गया था।

### झारखंड में 19 साल की लड़की ने लगाई फांसी

**कोडरमा।** झारखंड के कोडरमा से 19 साल की लड़की द्वारा फांसी लगाने का मामला सामने आया है।



मामला जिले के तिलैया थाना क्षेत्र का है। परिजनों के मुताबिक, 4 दिन बाद उसकी सगाई होनी थी, लेकिन इससे पहले ही उसने ऐसा खौफनाक कदम उठा लिया। यहां गुरुवार की अहले सुबह बीए प्रथम वर्ष की छात्रा शिपू कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

योगी सरकार ने स्टाम्प चोरी रोकने के लिए कसी कमर

# मार्च 2026 तक 200 करोड़ के अतिरिक्त राजस्व का रखा लक्ष्य

योगी सरकार राजस्व संग्रह मजबूत करने और पारदर्शिता बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चला रही है। इसमें अपंजीकृत संपत्तियों का पंजीकरण, लंबित स्टाम्प वादों का निस्तारण और विभिन्न संस्थाओं से स्टाम्प शुल्क वसूली शामिल है। मार्च 2026 तक 200 करोड़ रुपये अतिरिक्त राजस्व का लक्ष्य है, जिसमें एनएचएआई टोल प्लाजा और विभिन्न विकास परियोजनाओं से आय शामिल है।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

योगी सरकार प्रदेश के राजस्व संग्रह व्यवस्था को मजबूत करने और प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्टाम्प एवं निबंधन विभाग विशेष अभियान चलाकर अपंजीकृत संपत्तियों के पंजीकरण, लंबित स्टाम्प वादों के निस्तारण और विभिन्न संस्थाओं से देय स्टाम्प शुल्क की वसूली पर जोर दे रहा है। अभियान का उद्देश्य राजस्व में वृद्धि के साथ-साथ संपत्ति लेनदेन की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाना है।

### स्टाम्प दरों का कराया जा रहा व्यापक सर्वे

प्रदेश भर के विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, यूपीएसआईडीसी तथा अन्य संस्थाओं की अपंजीकृत संपत्तियों का विशेष अभियान के तहत पंजीकरण कराया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न विकास प्राधिकरणों और सरकारी एजेंसियों



से जुड़े समझौतों और परियोजनाओं की समीक्षा कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि निर्धारित स्टाम्प शुल्क का भुगतान समय पर हो। इसके साथ ही स्टाम्प दरों का भी व्यापक सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे का उद्देश्य प्रदेश में संपत्तियों की अद्यतन और वास्तविक न्यूनतम बाजार दरों को मूल्यांकन सूची में शामिल करना है, ताकि राजस्व संग्रह में पारदर्शिता आए और बाजार की वास्तविक स्थिति के अनुरूप दरें तय की जा सकें। सर्किल दर सूची के सरलीकरण और मानकीकरण का प्रारूप पहले ही जारी किया जा चुका है।

### एनएचएआई के टोल प्लाजा से 72 करोड़ का स्टाम्प देय निर्धारित

एनएचएआई के टोल प्लाजा से जुड़े मामलों की भी गहन समीक्षा की जा रही है। प्रदेश में एनएचएआई के कुल 123 टोल प्लाजा और संबंधित एजेंसियों के बीच हुए समझौतों का परीक्षण कर लगभग 72 करोड़ रुपये की स्टाम्प देयता निर्धारित की गई है। इन मामलों में विभिन्न न्यायालयों में वाद दर्ज किए गए हैं और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। गाजियाबाद में एक मामले का निस्तारण करते हुए लगभग 70 लाख रुपये की वसूली की गई है, जबकि कुशीनगर में दो मामलों में लगभग 52 लाख रुपये की वसूली की प्रक्रिया चल रही है। प्रदेश के कई जिलों में विकास प्राधिकरणों और निजी कॉलोनाइजरों की अपंजीकृत संपत्तियों के पंजीकरण के माध्यम से भी राजस्व बढ़ाने की योजना है। गौतमबुद्धनगर में यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से जुड़े मामलों से लगभग 93 करोड़ रुपये का राजस्व की संभावना है। वहीं, मेरठ में निजी बिल्डरों की अपंजीकृत संपत्तियों और आरआरटीएस परियोजना से लगभग 252 करोड़ रुपए की आय का अनुमान है। इसी तरह गाजियाबाद में जीडीए की हरनंदीपुरम आवासीय योजना और यूपीएसआईडीसी की मोदीनगर परियोजना से लगभग 153 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति की संभावना जताई गई है। इसी तरह बरेली में बीडीए की पीलीभीत आवासीय योजना से करीब 50 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है।

### जीडीए की न्यू टाउनशिप योजना से मिलेगा 100 करोड़ का राजस्व

विभाग की ओर से राजस्व बढ़ाने के लिए विभिन्न जिलों में विशेष कार्ययोजनाएं भी बनाई गईं हैं। मुरादाबाद में एमडीए की सहायक और गोविंदपुरम आवासीय योजनाओं से लगभग 22 करोड़ रुपये, वाराणसी में वीडीए की गंजारी स्पोर्ट्स सिटी परियोजना से करीब 40 करोड़ रुपये तथा गोरखपुर में जीडीए की न्यू टाउनशिप योजना से लगभग 100 करोड़ रुपये के राजस्व की संभावना है।

अफसरों की छुट्टियां रद्द

# पटना में शिकायत गैस एजेंसी के डिलीवरी बॉय पर एफआईआर



एजेंसी ⏭ पटना

ईरान युद्ध और पश्चिमी एशिया में आए संकट के बीच भारत में एलपीजी संकट के दावे हो रहे हैं। बिहार में भी एलपीजी सिलेंडर को लेकर त्राहिमाम मचा हुआ है। इस बीच जिलाधिकारी, पटना के निर्देश पर घरेलू एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति एवं वितरण सुनिश्चित करने तथा इसके अनुश्रवण के लिए जिला स्तर पर हेल्पलाइन स्थापित किया गया है। पटना में ग्राहक की शिकायत पर एक गैस एजेंसी के डिलीवरी बॉय पर एफआईआर भी हो गई है। साथ ही जिला प्रशासन ने पटना जिला के सभी प्रखंडों में आपूर्ति पदाधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं।

### मुजफ्फरपुर जिले में भी रसोई गैस संकट

इधर मुजफ्फरपुर में रसोई गैस संकट हो गया है। उपभोक्ता रसोई गैस सिलेंडर की रिफिलिंग कराने के लिए गैस एजेंसी कार्यालय, गोदाम से लेकर वेंडर तक का चक्कर काट रहें है। गुरुवार की सुबह सिकंदरपुर इलाके के लोगों को रसोई गैस नहीं मिल।

## सम्राट चौधरी ने एनडीए विधायकों को घर बुलाया

पटना। बिहार से राज्यसभा की 5 सीटों के चुनाव के लिए 16 मार्च को मतदान से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार शाम पटना में एनडीए के विधायकों की बैठक बुलाया। सम्राट चौधरी ने पटना में अपने आवास पर एनडीए के 5 दलों के सभी 202 विधायकों को मीटिंग और रात्रि भोज के लिए बुलाया है। चुनाव में एनडीए उम्मीदवार नीतीश कुमार, नितिन नवीन, उपेंद्र कुशवाहा, रामनाथ ठाकुर और शिवेश राम को जिताने की रणनीति बनाई जाएगी।

## पेज एक का शेष

### लोकसभा में नियम हैं...

**मेरे पास नहीं माइक ऑफ करने का कोई बटन :** उन्होंने विपक्ष द्वारा सदन में सत्ता पक्ष को बोलने का ज्यादा मौका देने, विपक्षी सदस्यों का माइक बंद कर देने के मामले पर कहा कि संविधान का अनुच्छेद 105 (1) सदस्यों को सदन के भीतर बोलने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। लेकिन लोकसभा के नियम 352 के 11 उप-नियमों में सदन में सदस्यों को अपनी बात रखते हुए जिन बातों का ध्यान रखना चाहिए। उनके बारे में बताया गया है। हालांकि यहां मैं ये साफ कर देना चाहता हूं कि आसन के पास सदस्यों के माइक ऑन या ऑफ करने का कोई बटन नहीं होता है। विपक्ष के सदस्यों को भी इसके बारे में भली-भांति जानकारी है। क्योंकि उनमें से कुछ (जैसे कुमारी शैलजा) यहां पीठासीन अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं। वहीं, लोकसभा में ये व्यवस्था है कि जिस सदस्य को बोलने की अनुमति होती है। उसका माइक ही ऑन होता है।

### एलपीजी संकट पर...

में मिले नोटिस के बारे में मैंने संबंधित विभागीय मंत्री को सूचित कर दिया है। उनकी सदन में उपस्थिति के दौरान इस पर चर्चा होगी। मामले पर वेणुगोपाल और केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू के बीच वाद-विवाद भी हुआ। जिसके बाद अध्यक्ष ने कार्रवाई को 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

### भारत के पास नहीं पेट्रोल...

एलपीजी की कमी के मुद्दे को बढ़ाने में आग में घी डालने का काम किया है। : लंबे वक्त तक कर सकते हैं संकट का सामना पुरी ने कहा कि हमारा देश इस वक्त दुनिया के तीन दर्जन से अधिक देशों यानी 40 देशों (रूस, कनाडा और नार्वे शामिल) से कच्चा तेल की खरीद कर रहा है। बीते पांच दिनों में एलपीजी का उत्पादन 28% तक बढ़ गया है और सीएनजी की भी हमें 100% सप्लाई हो रही है। इसलिए किसी को भी घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने ये भी कहा कि विश्व के ऊर्जा इतिहास में शायद ही कभी ऐसा मौका आया होगा। जैसा इस वक्त पश्चिम-एशिया संकट के चलते देखने को मिल रहा है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने होर्मुज की खाड़ी के बंद होने भी इतिहास की पहली घटना बताया। साथ ही देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि भारत लंबे वक्त तक संकट का सामना कर सकता है।

**अफवाहों के बीच घबराए लोग, बढ़ी मांग :** उन्होंने कहा, हमारे देश में रोजाना एलएनजी की सप्लाई से जुड़े हुए कार्गो आ रहे हैं। वहीं, इन सबके बीच एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर भी किसी तरह से घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। क्योंकि लोगों के घबराने की वजह से ही मांग बढ़ी है।

**विषय से भटके राहुल, दी गई चेतावनी :** इस मुद्दे पर सदन में हुई चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एपस्टीन फाइल्स का मामला उठाया और कहा कि हरदीप पुरी खुद को एपस्टीन का मित्र बताते हैं। जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें अपने नोटिस में दिए गए एलपीजी संकट से जुड़े विषय के दायरे में ही रहने और नियमों के तहत बोलने को लेकर चेतावनी दी। साथ ही कहा, अगर आप इस बारे में बोलना चाहते थे तो पहले इसका नोटिस देना चाहिए था। सदन में विषय से बाहर जाकर बोलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लोकसभा अध्यक्ष और विपक्ष के नेता के बीच इसे लेकर कुछ नोकझोंक भी हुई। जिसके साथ विपक्षी दलों के सांसदों ने सदन में हंगामा और नारेबाजी भी की। लेकिन राहुल ने कहा कि वह देश हित, राष्ट्रीय सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर ही बोल रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष के मुताबिक, उन्होंने एक पहेली सुलझा ली है। जो कि एक समझौते से जुड़ी हुई है। हमारे यहां एक मंत्री (हरदीप पुरी) बैठे हैं, जो तेल मंत्री हैं और उन्होंने खुद कहा है कि वो एपस्टीन के दोस्त हैं। विपक्ष के हंगामे के बीच सत्ता पक्ष से सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि नियमों के खिलाफ जाकर किसी को भी बोलने का अधिकार नहीं है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजीजू ने भी कहा कि सदन में प्रत्येक सदस्य को नोटिस में दिए गए विषय पर ही बोलने का अधिकार है।

### एस्मा लगाकर तय ...

निर्णय लिया गया है। जबकि दूसरी ओर एलपीजी की कमर्शियल सप्लाई पर सख्ती की गई है। जिसे लेकर होटल और रेस्तरां उद्योग की ओर से भारी नाराजगी जताई है। भारत की 80% गैस की मांग खाड़ी क्षेत्र से पूरी होती है। युद्ध के चलते ईरान द्वारा होर्मुज की खाड़ी से व्यापारिक जहाजों की आवाजाही पर लगाए गए प्रतिबंधों ने ही

### जायसवाल बोले...

**रूस, फ्रांस समेत कई विदेश मंत्रियों से हुई चर्चा :** जयशंकर ने एक्स पोस्ट में बताया कि युद्ध के हालात में उनकी ईरान के अलावा कई अन्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ बातचीत हुई है। जिसमें रूस, फ्रांस, इंडोनेशिया मुख्य हैं। इन वार्ताओं के दौरान खासतौर पर पश्चिम एशिया संकट के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ हुई चर्चा को लेकर जयशंकर ने एक्स पोस्ट में बताया कि रूस के विदेश मंत्री के साथ अच्छी बातचीत हुई। जिसमें हमने क्षेत्र में जारी संकट और उससे जुड़े हुए राजनयिक प्रयासों पर अपने विचार साझा किए हैं। इसके अलावा हमने द्विपक्षीय सहयोग के एजेंडे की भी समीक्षा की है।

**वार्ता में उठा ऊर्जा सुरक्षा का मुद्दा :** उन्होंने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच हालिया समय में कुल तीन बार बातचीत हुई है। जिसमें मुख्य रूप से व्यापारिक जहाजों और ऊर्जा सुरक्षा के मामले पर चर्चा की गई है। इस विषय पर हालांकि रणधीर ने ज्यादा कुछ भी कहने से साफ इंकार कर दिया। उन्होंने बताया कि हम युद्ध के दौरान ईरान छोड़ने के इच्छुक भारतीय नागरिकों को मदद प्रदान कर रहे हैं। जिसमें हम उन्हें ईरान के पड़ोसी देशों जैसे अजरबैजान और आर्मेनिया के जरिए देश वापस लौटने में सहायता कर रहे हैं। ईरान में भारतीयों की कुल संख्या करीब 9 हजार है। जिसमें छात्र, व्यवसायी, तीर्थयात्री, नाविक और पर्यटक शामिल हैं। इस साल 14 जनवरी और 28 फरवरी को परामर्श भी जारी किए गए थे। कुछ छात्र ईरान से भारत पहुंचे हैं। जबकि कुछ को हमने सुरक्षित जगहों पर भेजा है। भारत का दूतावास और राजनयिक मिशन तेहरान में पूरी तरह से ऑपरेशनल है। जिसमें वह ईरान से बाहर निकलने वाले देश के लोगों को वीजा और जमीनी सीमा पार करने में सहयोग कर रहा है। सीमा पार हो जाने के बाद सभी लोग वाणिज्यिक उड़ानों का इस्तेमाल कर भारत पहुंच सकते हैं।

**पड़ोसी देशों को भी मदद देंगे :** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि मुश्किल की इस घड़ी में भारत अपने निकट पड़ोसी देशों जैसे बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव की पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति से जुड़ी हुई मांग के मामले में मदद करने के लिए तैयार है। तीन देशों ने भारत से रिफाइंड डीजल और पेट्रोलियम उत्पादों की सप्लाई करने के लिए अनुरोध किया है। लेकिन इस बाबत कोई भी अंतिम निर्णय लेने से पहले हम वर्तमान में बनी हुई अपनी मौजूदा घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता देंगे। उसके साथ ही तेल रिफाइनरियों की क्षमता का भी हम आकलन कर रहे हैं। जिससे उक्त सभी देशों की आवश्यकताओं की भी पूर्ति की जा सके। बांग्लादेश के मामले में उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2007 से ही नुमालीगढ़ तेल रिफाइनरी की मदद से पड़ोसी देश को डीजल भेज रहा है। हम इस क्षेत्र में पेट्रोलियम उत्पादों के सबसे बड़े एक्सपोर्टर हैं। दोनों देशों के बीच भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन और जलमार्गों के माध्यम से तेल की आपूर्ति लगातार जारी है। हमारे बीच 2017 में बिक्री और खरीद को लेकर एक समझौता भी हुआ है।

**भारत ने सबसे पहले जताई संवेदना :** उन्होंने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बीते 5 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में ईरान के दूतावास में जाकर उनके सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत को लेकर सबसे पहले संवेदना पुस्तक में बतौर भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में हस्ताक्षर किए हैं। ईरान की तरफ से 5 मार्च को ही संवेदना पुस्तक के माध्यम से शोक जताने या दूतावास में उनके सर्वोच्च नेता को श्रद्धांजलि देने की शुरुआत की गई थी। जिसमें भारत की तरफ से विदेश सचिव शामिल हुए थे। उन्होंने मामले में सरकार की आलोचना करने वाले तत्वों को नसीहत देते हुए कहा कि ऐसे किसी भी विषय पर अपनी राय रखने से पहले जरूरी तथ्यों की अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लेनी चाहिए।

**निर्दोष लोगों के मारे जाने की निंदा की :** रणधीर ने युद्ध के बीच मारे जा रहे बेकसूर लोगों के मामले पर कहा कि भारत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते समय में खाड़ी समेत समूचे पश्चिम-एशिया क्षेत्र में अपने कई समकक्षों और शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत की है। जिसमें इस समस्या का संवाद और कूटनीति के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान निकालने पर जोर दिया है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा है कि भारत सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का हर हाल में सम्मान किए जाने के पक्ष में है। हमने क्षेत्र में रह रहे निर्दोष स्थानीय लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की मांग भी की है। साथ ही दोनों पक्षों के बीच हमलों में अब तक मारे गए लोगों और उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना भी प्रकट की है।

### राहुल गांधी ने कहा...

और एपस्टीन फाइल्स की वजह से घबराए हुए हैं और इसीलिए सदन में भी नहीं आ रहे। प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि घबराने (पैनिक) की जरूरत नहीं है, लेकिन हकीकत यह है कि अमेरिकी दबाव में वह खुद घबराए हुए हैं। सरकार की गलत प्राथमिकताओं की तरफ इशारा करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अगर ईरान के स्तर पर यह समस्या सुलझ जाती है, तब भी यह समस्या खत्म नहीं होगी, क्योंकि दुनिया और उसका ढांचा बदल रहा है। इसलिए सरकार को देश के हितों की रक्षा के लिए हिंदुस्तान को केंद्र बनाकर सोचना होगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री इस समय अमेरिकी दबाव में फंसे हुए हैं, लेकिन फिर भी उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी ऊर्जा सुरक्षा के बारे में निर्णय हम ही लें।

### फारूक अब्दुल्ला पर...

माहौल इसलिए बना, क्योंकि जिस जम्मू-कश्मीर को कभी राज्य का दर्जा प्राप्त था, आज वहां कानून व्यवस्था केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति साफ दिखाती है कि केंद्र के नियंत्रण में कश्मीर के लोग और नेता दोनों असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद और देश की एकता के लिए खड़े हैं, उन्हें डर और हिंसा के माहौल में धकेला जा रहा है।

### मुख्य चुनाव आयुक्त...

बहुमत भाजपा और साथी दलों का है। प्रतीकात्मक रूप से ही सही तृणमूल कांग्रेस इस कदम को उठाना चाहते हैं। संसद के सहारे सूबे में मैसेजिंग देने के काम में जुट गए हैं। प्रस्ताव पर पहले ही सियासी मुलम्मा चढ़ा हुआ दिख रहा है। विपक्ष का आरोप है कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में "सिद्ध दुराचार, पक्षपातपूर्ण और भेदभावपूर्ण आचरण" तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान "भ्रामक जानकारी फैलाने" जैसे गंभीर आरोप सामने आए हैं। इन्हीं आधारों पर विपक्षी दलों ने यह कदम उठाने का निर्णय लिया है। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसदों ने अन्य विपक्षी दलों से संपर्क कर लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों के हस्ताक्षर जुटाने का अभियान चलाया है। बताया जा रहा है कि दोनों सदनों से आवश्यक संख्या में सांसदों के हस्ताक्षर लगभग पूरे कर लिए गए हैं और जल्द ही यह प्रस्ताव राष्ट्रपति को भेजा जाएगा।

**100 सांसदों के हस्ताक्षर की आवश्यकता :** मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की प्रक्रिया बेहद जटिल है। इसके लिए लोकसभा के कम से कम 100 सांसदों और राज्यसभा के 50 सांसदों के हस्ताक्षर आवश्यक होते हैं। विपक्षी दलों का दावा है कि इन हस्ताक्षरों को जुटाने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है।

**विपक्ष का आरोप :** विपक्षी नेताओं का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से चुनाव आयोग के कई फैसलों को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। उनका आरोप है कि आयोग की कार्यप्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता की कमी दिखाई दे रही है। विपक्ष का कहना है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े मामलों में आयोग द्वारा गलत सूचनाएं दी गईं और कुछ राज्यों में कार्रवाई में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया गया।

### 2047 के विकसित...

**भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाओं पर काम करेगा फ्यूचर डिपार्टमेंट :** सैनी ने कहा कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार ने फ्यूचर डिपार्टमेंट बनाया है। इसका मकसद है कि आने वाले समय में लंबे समय को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जाए ताकि लोगों को कोई परेशानी न आए। हर क्षेत्र में व्यवस्थित विकास सुनिश्चित हो सके। इसी सोच के साथ हरियाणा सरकार विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले युवाओं को शोध के लिए प्रोत्साहित कर रही है ताकि विश्वविद्यालयों के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में शोध कर सकें और यह पहचान सकें कि किन-किन क्षेत्रों में क्या समस्याएँ हैं। इसके साथ-साथ इनका समाधान भी निकाल सके। इसी दृष्टि से एक विशेष विभाग फ्यूचर डिपार्टमेंट स्थापित किया गया है, जो भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं पर काम करेगा।

**सरकार का उद्देश्य युवाओं को नई तकनीकों से जोड़ना :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले बजट में यह घोषणा की गई थी कि पंचकूला और गुरुग्राम में दो स्थानों पर एआई हब स्थापित किए जाएंगे। इस दिशा में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में चंडीगढ़ में भी एक एआई समिट आयोजित की गई, जिसमें इस क्षेत्र से जुड़े अनेक विशेषज्ञों और प्रतिभागियों ने भाग लिया। एआई हब के लिए अनेक कंपनियों ने रूचि दिखाते हुए प्रस्ताव भी दिए हैं। सरकार का उद्देश्य युवाओं को नई तकनीकों से जोड़ना और उन्हें इस क्षेत्र में कुशल बनाना है, ताकि भविष्य में एआई के माध्यम से रोजगार के नए अवसर पैदा किए जा सकें।

**आईएमटी स्थापित किए जाने को लेकर तेजी से हो रहा काम :** मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा की सबसे बड़ी ताकत उसकी मजबूत कनेक्टिविटी है। राज्य में फोर-लेन सड़कें, एक्सप्रेसवे, ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, रेलवे और हवाई कनेक्टिविटी तेजी से विकसित हो रही है। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) का हिस्सा होने के कारण हरियाणा को अतिरिक्त लाभ मिलता है। पिछले बजट में सरकार ने 10 इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) स्थापित करने की घोषणा की थी। इनमें से लगभग छह पर तेजी से काम शुरू हो चुका है, जबकि बाकी चार पर भी जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा। इन टाउनशिप का उद्देश्य उद्योगों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचा तैयार करना है, ताकि अधिक से अधिक कंपनियां हरियाणा में निवेश कर सकें। सरकार ने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अपनी औद्योगिक नीतियों को भी मजबूत किया है। नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी और सेमीकंडक्टर नीति पर भी काम किया जा रहा है, ताकि हाई-टेक उद्योगों को हरियाणा में स्थापित होने के लिए बेहतर अवसर मिल सकें।

### शिवराज सिंह और..

**सरसों की खरीद पर भावांतर भुगतान को स्वीकृति :** बैठक में मध्यप्रदेश में सरसों की खरीद से जुड़े लंबित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सरसों की खरीद के लिए भावांतर भुगतान योजना के तहत मध्यप्रदेश के प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए संबंधित विभागों को भुगतान प्रक्रिया को त्वरित गति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। इस निर्णय से सरसों उत्पादक किसानों को राहत मिलेगी और राज्य सरकार द्वारा किसानों से किए गए वादों के समयबद्ध पालन का मार्ग प्रशस्त होगा।

**तुअर की शत–प्रतिशत खरीद का पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा :** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को तुअर (अरहर) की शत–प्रतिशत खरीद से संबंधित स्वीकृति पत्र भी सौंपा। इस निर्णय के बाद तुअर उगाने वाले मध्यप्रदेश के किसानों को उनकी उपज का पूर्ण सरकारी उपार्जन सुनिश्चित होगा, जिससे उन्हें बाज़ार में भाव गिरने का जोखिम नहीं उठाना पड़ेगा और आय में स्थिरता आएगी।

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ जीव-जंतु अपने रहने के लिए ऐसे आवास बनाते हैं, जिन्हें देखकर तुम दंग रह जाओगे! तुम यही सोचोगे कि इन्होंने इतनी अमेजिंग होम मेकिंग इंजीनियरिंग आखिर सीखी कहां से? जानो, ऐसे ही कुछ जंतुओं के अनोखे घरों के बारे में।

# इंजीनियरिंग का कमाल हैं इन जंतुओं के अनोखे घर





## रूफस हॉर्नेरो मिट्टी के ओवन जैसा घोंसला

**दक्षिण अमेरिका** में पाया जाने वाला पक्षी रूफस हॉर्नेरो, अपने मिट्टी से बने घर के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। बच्चो, इस पक्षी की कलाकारी देखकर तुम दंग रह जाओगे। रूफस



कीचड़, गोबर और सूखी घास को मिलाकर एक गोल घर बनाता है। इसका आकार पुराने जमाने के मिट्टी के ओवन जैसा दिखता है, इसलिए इसे 'हॉर्नेरो' कहा जाता है। स्पेनिश में 'हॉर्नो' का मतलब ओवन होता है। जब यह मिट्टी का घोंसला धूप में सूखकर सख्त हो जाता है, तो यह कंक्रीट जैसा मजबूत हो जाता है। भारी बारिश और तेज हवाएं भी इसे नहीं तोड़ पातीं। यह घोंसला शिकारियों से सुरक्षा के लिए एक किले की तरह काम करता है। इसका द्वार भूल-भुलैया जैसा होता है। इसके घोंसले का दरवाजा सीधा अंदर नहीं खुलता। इसके अंदर एक घुमावदार दीवार होती है, जो अंग्रेजी अक्षर 'पी' आकार का रास्ता बनाती है। यह दीवार ठंडी हवा को सीधे अंदर जाने से रोकती है। साथ ही सांपों जैसे शिकारियों के लिए बच्चों तक पहुंचने से सुरक्षित रखती है। रूफस हॉर्नेरो, अकसर बिजली के खंभों, ऊंचे पेड़ों या इमारतों के कोनों पर अपना घर बनाते हैं। *

## बोवर बर्ड इंटीरियर डिजाइनिंग की मिसाल



**ऑस्ट्रेलिया और** न्यू गिनी में पाए जाने वाले बोवर बर्ड का अपना घर बनाने का तरीका बड़ा ही अनोखा होता है। बोवर बर्ड अपना बोवर यानी घर बनाने के साथ-साथ उसमें इंटीरियर डिजाइन भी करता है। उसे सजाता है, संवारता है। दिलचस्प बात यह है कि यह बोवर इनका असली घोंसला या आवास नहीं होता है। मादा पक्षी अंडे देने के लिए अलग घोंसला बनाती है। नर बोवर बर्ड, यह सुंदर महलनुमा घर केवल मादा को प्रभावित करने के लिए बनाता है। नर पक्षी टहनियों को जमीन में गाड़कर दो समानांतर दीवारें बनाता है, जो एक गलियारे जैसी दिखती हैं। बोवरबर्ड की कुछ प्रजातियां तो टहनियों से ऊंचे 'मेहराब' भी बनाती हैं। बोवर बर्ड अपनी सजावट के लिए बहुत चूजी होते हैं। साटन बोवर बर्ड को नीला रंग इतना पसंद है कि वह अपने घर के सामने नीले फूल, नीले पंख और यहां तक कि इंसानों द्वारा फेंकी गई नीली प्लास्टिक की बोतल के ढक्कन और पेन जैसी चीजें भी इकट्ठा करते हैं। कुछ बोवर बर्ड अपनी चोंच से फलों के रस या लकड़ी के कोयले को चबाकर 'पेंट' तैयार करते हैं और अपने घर की दीवारों को रंगते हैं। ये पक्षी अपने आंगन में पत्थरों और वस्तुओं को इस तरह क्रम में सजाते हैं (बड़ी चीजें पीछे, छोटी आगे) कि जब मादा बीच में खड़ी होती है, तो उसे नर पक्षी और उसका घर ज्यादा बड़ा और भव्य दिखाई देता है। इस तकनीक को 'फोर्स्ड पर्सपेक्टिव' कहा जाता है। *

## प्रेयरी डॉग्स जमीन के भीतर अंडरग्राउंड सिटी

**बच्चो, नाम** से कंफ्यूज मत होना! प्रेयरी डॉग्स असल में डॉगी नहीं, बल्कि गिलहरी परिवार के सदस्य हैं, जो जमीन के नीचे अद्भुत अंडरग्राउंड शहर बसाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी इंजीनियरिंग इतनी सटीक होती है कि इंसानी शहरों का ड्रेनेज सिस्टम भी इसके सामने फेल हो जाए। इनके बनाए विशाल 'टाउन' केवल एक बिल नहीं, बल्कि हजारों मील में फैले भूमिगत शहर जैसे होते हैं। टेक्सास (अमेरिका) में एक बार 25,000 वर्ग मील में फैला इनका एक टाउन पाया गया था, जिसमें लगभग 40 करोड़ प्रेयरी डॉग्स रहते थे। ये शहर पीढ़ियों तक चलते हैं। इनके घर में अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग कमरे होते हैं, जैसे- बच्चों के लिए 'नर्सरी', सोने के लिए 'बेडरूम', खाना रखने के लिए 'स्टोर रूम' और यहां तक कि कचरे के लिए अलग जगह होती है। प्रवेश द्वार के पास एक 'लिस्निंग पोस्ट' भी होता है, जहां से वे शिकारियों पर नजर रखते हैं। प्रेयरी डॉग्स अपने बिल के मुहानों को अलग-अलग ऊंचाई पर बनाते हैं। इससे दबाव में अंतर पैदा होता है, जिससे ताजी हवा अपने आप सुरंगों के अंदर घूमती रहती है। यह एक बेहतरीन वेंटिलेशन इंजीनियरिंग का उदाहरण है। ये बिल के प्रवेश द्वार पर मिट्टी के ऊंचे टीले बनाते हैं। ये टीले न केवल इन्हें ऊंचाई से शिकारियों को देखने में मदद करते हैं, बल्कि बारिश के पानी को सुरंग के अंदर जाने से भी रोकते हैं। *



## डाइविंग बेल स्पाइडर पानी के तल पर हवेली


**यह दुनिया** की एकमात्र ऐसी मकड़ी है, जो अपना पूरा जीवन पानी के नीचे बिताती है। यूरोप और एशिया के देशों में नदी-तालाबों के तल पर रहने वाली इस मकड़ी के द्वारा बनाई गई 'पानी के नीचे की हवेली' की तकनीक किसी चमत्कार से कम नहीं लगती है। यह मकड़ी पानी के नीचे पौधों के बीच रेशम का एक जाल बुनती है। फिर वह सतह पर जाकर अपने शरीर के पिछले हिस्से और पैरों पर लगे घने बालों की मदद से हवा का एक बुलबुला फंसाकर नीचे लाती है। इस हवा को वह अपने जाल के नीचे छोड़ देती है, जिससे वह एक बेल (घंटी) की तरह फूल जाता है। यह बुलबुला एक 'फिजिकल गिल' की तरह काम करता है। यह पानी से ऑक्सीजन सोखता है और कार्बन डाई-ऑक्साइड को बाहर निकालता है। इस वजह से मकड़ी को बार-बार हवा लेने के लिए सतह पर नहीं जाना पड़ता। इसी हवा भरे बुलबुले के अंदर यह मकड़ी सोती है, खाना खाती है और अंडे देती है। उसका यह घर तैरकर ऊपर न चला जाए, इसके लिए वह इसे रेशमी धागों से जलीय पौधों से मजबूती से बांध देती है। शिकार करने के लिए यह मकड़ी बस अपने पैरों को बुलबुले से बाहर निकालती है और पास से गुजरने वाले कीड़ों को पकड़ लेती है। *



## कोरल पॉलिप्स विशाल-मजबूत कॉलोनियां

**कोरल पॉलिप्स,** समुद्र के वे अदृश्य कलाकार होते हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी और सुंदर जीवित प्रवाल भित्तियां (कोरल रीफ) बनाते हैं। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है कि चावल के दाने जितने छोटे जीव अंतरिक्ष से दिखने वाले ऊंचे 'पहाड़' खड़े कर देते हैं। प्रत्येक कोरल पॉलिप अपने चारों ओर कैल्शियम कार्बोनेट (चूना पत्थर) का एक कठोर कवच बनाता है। जब ये पॉलिप मर जाते हैं, तो उनके कठोर कंकाल वहीं रह जाते हैं, और नए पॉलिप उनके ऊपर अपना घर बनाना शुरू कर देते हैं। हजारों सालों की इस प्रक्रिया से विशाल कोरल रीफ का निर्माण होता है। *





कविता / शादाब आलम

## क्या कहने चावल के




एआई इमेज

क्या कहने चावल के भाई
कम है, जितनी करो बड़ाई।
इसे दूध के साथ मिलाकर
मजा बहुत आता है खाकर।
अगर राजमा चावल पाऊं
तीन प्लेट भरकर मैं खाऊं।
बने पुलाव जब घर में अपने
कोना-कोना लगे महकने।
कढ़ी और चावल की जोड़ी
नहीं किसी ने अब तक तोड़ी।
घूम-घूम कर बेचे भोले
बड़े गजब के चावल छोले।
जब नानी के घर जाता हूं
रोज दही चावल खाता हूं।
आज बनी है घर में तहरी
सुनकर खुश हो गई सुनहरी।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मजेदार कहानियां

बच्चो, हाल में छपकर आई 'होलू का दिमाग चलता है' सात मजेदार कहानियों की किताब है। पहली कहानी 'होलू का दिमाग चलता है' में तुम जिज्ञासु-नटखट होलू के एक से बढ़कर एक काल्पनिक और गुदगुदाते प्रश्नों को पढ़कर हंसे बिना नहीं रहोगे। 'हवा ने चांटा मारा' अर्श से हवा की काल्पनिक बातचीत पर आधारित कहानी है। बोलने में अटकने वाली मुन्नी क्यों उदास हो जाती है, कैसे फिर से खिलखिलाने लगती है? इसे तुम 'भाड़ में जाए' कहानी में पढ़ सकते हो। 'मैं लौट आया' सपने में पक्षी बनकर उड़ते हुए पड़ोसी देश की यात्रा करने वाले बच्चे की प्यारी सी कहानी है। यह कहानी अलग-अलग देशों के बीच होने वाली शत्रुता पर भोले-भाले सवाल पूछती है। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत रोचक और सीख देने वाली हैं। *



**किताबः** होलू का दिमाग चलता है, **लेखकः** दिविक रमेश
**मूल्यः** 175 रुपए, **प्रकाशकः** अनबाउंड स्क्रिप्ट, दिल्ली

अपनी सहेली रूठ जाए तो दिल में टीस होगी ही। अंकिता अपनी सहेली अबीहा से रूठ गई। लेकिन कुछ देर बाद अबीहा ने जो किया, अंकिता की सारी नाराजगी पल भर में दूर हो गई। एक प्यारी-मीठी कहानी।

## रूठ गई सहेली



छोटी कहानी
सिराज अहमद

आज अंकिता अपनी सबसे प्यारी दोस्त अबीहा से रूठ गई थी। वजह बहुत छोटी थी, पर उसका असर बड़ा हो गया। सुबह स्कूल में अंकिता थोड़ी देर से पहुंची, तब तक अबीहा ने सोचा कि शायद वह आज नहीं आएगी, छुट्टी पर है। इसलिए उसने अपनी दूसरी क्लासमेट को अपने बगल में बैठा लिया।

थोड़ी देर बाद अंकिता आ गई। उसने अबीहा के बगल में दूसरी लड़की को बैठे देखा तो उसका चेहरा उतर गया। अंकिता को लगा कि अबीहा ने उसकी जगह किसी और को दे दी। उसने कुछ कहा नहीं, लेकिन मन ही मन अबीहा से नाराज हो गई। लंच टाइम हुआ तो दोनों, जो हमेशा साथ बैठकर खाना खाती थीं, आज अलग-अलग बैठी थीं। अबीहा को यह बहुत बुरा लग रहा था। उसे अपनी दोस्त की चुप्पी काटने लगी। तभी उसे कुछ याद आया। अबीहा ने टिफिन खोला, अंदर मीठे परांठे थे, वही जो अंकिता को बहुत पसंद थे। जैसे ही परांठों की खुशबू फैली, अंकिता की नाक फड़क उठी। वह खुद को रोक न सकी। झटपट उठी, अबीहा की टिफिन की ओर बढ़ी और हंसते हुए बोली, 'यह मेरे हिस्से का परांठा है!'

अबीहा ने हंसकर कहा, 'ये लो, पहले तुम खा लो।' अंकिता ने एक टुकड़ा खाया और हंसते हुए क्लास में दौड़ पड़ी। उसके पीछे-पीछे अबीहा भी दौड़ने लगी। क्लास की बाकी बच्चियां हंस-हंसकर लोट-पोट हो गईं।

कुछ देर बाद दोनों थककर साथ बैठ गईं। टिफिन के परांठे बांटकर खाने लगीं। गुस्सा कहीं उड़ गया था। मीठे परांठों की खुशबू ने एक बार फिर उनकी दोस्ती में मिठास घोल दी थी। *




एआई इमेज



कहानी
क्षमा शर्मा

आदित्य और अंशु के पास एक कैरम बोर्ड था। अकसर शाम को बाहर खेलने जाने से पहले दोनों कैरम खेलते थे। बहुत बार वे बाहर न जाकर सिर्फ कैरम ही खेलते रहते थे। एक बार कैरम की गोटियों में आपस में बहस हो रही थी कि अगर वे न हों तो कोई कैरम खेल ही नहीं सकेगा। गुलाबी रंग की रानी गोटी यानी क्वीन इन सब की बातें सुन इतरा कर बोली, 'बड़ी चली हो महारानी बनने। जानती नहीं कि तुम सबकी रानी तो मैं ही हूं। मैं न होऊं तो तुम सब कुछ नहीं कर सकोगी।'

एक गोटी जो लड़ाकू थी, वह झिड़ककर बोली, 'तुम तो बस दिखाने भर की रानी हो। अपने बल पर तो अकेली बोर्ड से बाहर भी नहीं निकल सकतीं। हमेशा अपने पीछे हम में से कोई एक चाहिए कवर करने के लिए।'

'अरे रहने दो! अपने आप ही पिछलग्गू बनी चली आती हो मेरे पीछे। ना भी आओ तो मेरा क्या बिगड़ेगा? रहूंगी तो मैं रानी ही।' रानी की अकड़ भरी बात सुनकर बाकी गोटियों को बहुत गुस्सा आया। सबने मन ही मन तय किया कि रानी को सबक सिखा कर रहेंगे। अब जैसे ही दो बच्चे कैरम खेलने बैठते, गोटियां फटाफट बाहर निकलने लगतीं। लेकिन जैसे ही रानी बाहर निकलती बाकी गोटियां जैसे बोर्ड पर जम जातीं। चाहे जितना स्ट्राइकर मारो, वे टस से मस न होतीं। इससे बच्चे बार-बार रानी गोटी को बोर्ड पर पटकते, जिससे उसे चोट भी लगती। वह दर्द से कराहती। बाकी गोटियां इस दशा पर मुस्कुरातीं, 'अरे! रानी है, कर लेगी न सब अपने आप।'

इन सब गोटियों में एक गोटी ऐसी भी थी, जिसे रानी को देख तकलीफ होती। एक दिन उसने अपनी सहेली गोटियों से कहा, 'हम सबने रानी को बहुत सजा दे ली। लेकिन अब इस लड़ाई को खत्म कर देना चाहिए, क्योंकि यह भी तो हो सकता है कि हमसे खेलने वाले बच्चे हमारी हरकतों से तंग आकर दूसरी गोटियां ले आएं और हमें कूड़ेदान में फेंक दिया जाए। तब हम सबका क्या होगा, तुमने सोचा है? यहां तो हम सब आराम से रहते हैं। गर्मी, सर्दी, बरसात सबसे बचे रहते हैं। बाहर की दुनिया कैसी होगी, क्या पता? कूड़ेदान में से उठाकर किसी ने हमें आग में जला दिया तो..., तब हमारा क्या होगा? आखिर बनी तो हम लकड़ी से ही हैं।' उस गोटी की बातें सुन कर सारी गोटियां सोच में पड़ गईं। सबने देखा कि रानी गोटी के आंसू बह रहे थे। वह बोली, 'वैसे तो मैं रानी हूं, लेकिन मुझे यह बात क्यों समझ में नहीं आई कि गलती मेरी ही थी। घमंड में आकर मैंने अपनी सभी सहेलियों का अपमान किया। सबको मुसीबत में डाल दिया। सॉरी फ्रेंड्स।'

रानी ने यह कहा तो सारी गोटियां खुशी से उछलने लगीं। वे कूद-कूद कर बोर्ड के ऊपर नाचने लगीं। एक-दूसरे को जोक्स सुनाने लगीं और हंस-हंस कर लोट-पोट होने लगीं। उन्हें लगा कि इतनी हंसी तो जीवन में उन्होंने पहली बार सुनी है।

अगले दिन जब आदित्य और अंशु कैरम खेलने लगे तो गोटियों में होड़ लग गई। वे सबकी सब रानी से पहले ही बोर्ड से बाहर जाने की तैयारी करने लगीं। बच्चों को भी आज खेलना बहुत अच्छा लगा। एक गोटी बाहर निकलती तो वे जोर से तालियां बजाते। ऐसा लग रहा था, जैसे सारी गोटियां भी ताली बजा रही हैं। *


कैरम की रानी गोटी (क्वीन) और अन्य गोटियों में ऐसा घमंड जागा कि दोनों अपना-अपना महत्व जताते हुए बोलीं कि वे ना हों तो कैरम खेलना मुमकिन नहीं। तभी एक समझदार गोटी ने ऐसा कुछ कहा कि रानी गोटी और अन्य सभी गोटियां अपनी बहस भूलकर आपस में घुल-मिल कर हंस-हंस कर नाचने लगीं। आखिर उस समझदार गोटी ने ऐसा क्या कहा?

## नाचने लगीं गोटियां



## जीके क्विज-196

1. दिल्ली का नया लेफ्टिनेंट गवर्नर किसे नियुक्त किया गया है?
2. हाल ही में किस देश की क्रिकेट टीम को हराकर भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता?
3. चेस के 93 वें ग्रैंड मास्टर बनने वाले इंडियन चेस प्लेयर का नाम क्या है?
4. विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?
5. महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश किस स्थान पर दिया था?
6. हमारे पड़ोसी देश भूटान की राजधानी का क्या नाम है?
7. सती प्रथा समाप्त करने में किस समाज सुधारक का महत्वपूर्ण योगदान था?
8. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?
9. फ्लाइंग सिख के नाम से किस इंडियन एथलीट को जाना जाता है?
10. टाइटन किस ग्रह का उपग्रह है?



बच्चो, जीके क्विज-196 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-195 का उत्तर :** 1.केरलम, 2.सचिन तेंदुलकर, 3.रॉब जेटन, 4. 20 मार्च, 5.नारंगी, 6.कार्बन डाई ऑक्साइड, 7.किडनी, 8.हीलियम, 9.आर्कटिक महासागर, 10.समुद्रगुप्त

**जीके क्विज-195 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कुणाल-रोहतक, आस्था-दिल्ली, अजय-सिरसा, प्रवीण-ईमेल से, रमेश-रायगढ़, तेजस-रायपुर, सुमन-महेंद्रगढ़, मुकेश-जींद, चंचल-दिल्ली, किशन-बिलासपुर, सचिन-रोहतक

## रंग भरो-197

**रंग भरो-197** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





काशवी, रायपुर



वेदिका, कोरबा · प्रगति, बिलासपुर · कुंजल, रायपुर · रिधान, अंबिकापुर · प्रभु, कोरबा

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

आशना-जांजगीर, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, पयोनिधि-अंबिकापुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशनी-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, तेजस-बिलासपुर, सुमन-हिसार

## रंग भरो 198



बच्चो, यहां एक छोटे-से एक्वेरियम में मछली को चारा डालती एक लड़की का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### डीई में वीसी से शामिल हो सकेंगे शासकीय कर्मचारी

**भोपाल।** प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों से जुड़े विभागीय जांच मामलों में अब बड़ी सुविधा दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमों में संशोधन कर दिया है। इसके तहत अब शासकीय कर्मचारी विभागीय जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी शामिल होकर अपना पक्ष रख सकेंगे। इस नई व्यवस्था से विभागीय जांच से जुड़े मामलों के निपटारे में तेजी आने की उम्मीद है। साथ ही कर्मचारियों को हर बार जांच अधिकारी के सामने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की बाध्यता से राहत मिलेगी। अब जांच अधिकारी संबंधित शासकीय कर्मचारी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई में शामिल होने की अनुमति दे सकेंगे। इससे दूरस्थ जिलों में पदस्थ कर्मचारियों को भी आसानी होगी। विभागीय जांच से जुड़े आदेश, सूचना और नोटिस अब ई-मेल के जरिए भी भेजे जा सकेंगे। इसके अलावा पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से भी सूचना देने का प्रावधान रहेगा।

- दूरस्थ जिलों में पदस्थ कर्मचारियों को मिलेगा इसका लाभ

इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया को मान्यता

विभागीय जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई से जुड़ी कई प्रक्रियाएं अब इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से संचालित की जा सकेंगी। विभागीय पोर्टल के जरिए दस्तावेज और कार्यवाही ऑनलाइन पूरी की जा सकेगी।

### जल संसाधन विभाग में चल रहा टेंडर सिंडिकेट, चुनिंदा फर्मों को मिल रहे ठेके



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को जल संसाधन विभाग में चल रहे बड़े भ्रष्टाचार के नेटवर्क का खुलासा किया है। पटवारी ने दस्तावेजों के साथ आरोप लगाया कि प्रदेश में सिंचाई परियोजनाओं के नाम पर केवल 'ठेकेदारी और कमीशन' का खेल चल रहा है। उन्होंने सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर जांच नहीं हुई, तो कांग्रेस सबूतों के साथ सीबीआई के पास जाएगी। पटवारी ने तंज कसते हुए कहा- सरकार इसे 'कृषि वर्ष' कह रही है, जबकि यह 'कमीशन वर्ष' है। कल ही सरकार ने 5800 करोड़ का कर्ज लिया है, लेकिन यह पैसा किसानों के पास नहीं, बल्कि चहेते ठेकेदारों की जेब में जा रहा है। पटवारी ने कहा कि बड़े टेंडरों में केवल फलोदी और गुप्ता कंस्ट्रक्शन जैसी कंपनियां ही दिखती हैं। यह रोटेशन सिस्टम है, जहां कभी एक कंपनी एल1 (सबसे कम बोली) बनती है तो कभी दूसरी। प्रतिस्पर्धा खत्म कर दी गई है। दुबई कनेक्शन और 'मनी ट्रेल' पटवारी ने दो रहस्यमयी नामों नौशाद और अश्विन नाटू का जिक्र किया। उन्होंने पूछा कि ये लोग कौन हैं और विभाग में इनकी क्या भूमिका है? आरोप लगाया कि इन लोगों के साथ मंत्रियों के रिश्तेदारों के दुबई में साझा बिजनेस हैं। यह मामला सीधे तौर पर 'मनी लॉन्ड्रिंग' से जुड़ा हो सकता है।

## भोपाल, इंदौर में अब तक नहीं मिली महिलाओं को कमान

# प्रदेश में पहली बार 17 जिलों की कमान महिला कलेक्टरों के हाथ मोहन सरकार का महिला-पुरुष अधिकारियों पर भरोसा एक-साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश के प्रशासनिक इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि राज्य के 55 जिलों में से 17 जिलों की कमान महिला आईएएस अधिकारियों के हाथों में है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार में सबसे ज्यादा महिला आईएएस अफसरों को कलेक्टर बनाने का मौका मिला है। राज्य में कुछ ऐसे जिले भी हैं जहां पिछले दो-तीन कार्यकाल से लगातार महिला अधिकारियों को कलेक्टर बनाया जा रहा है। वहीं एक संभाग की जिम्मेदारी भी महिला आईएएस अधिकारी के पास है। हालांकि अभी भी करीब एक दर्जन जिले ऐसे हैं जहां आज तक किसी महिला आईएएस की पोस्टिंग कलेक्टर के रूप में नहीं हुई, जिनमें भोपाल और इंदौर जैसे बड़े जिले भी शामिल हैं। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2011 से 2017 बैच तक की करीब 45 महिला आईएएस अधिकारियों में से एक दर्जन को पहली बार कलेक्टर बनने का अवसर मिल सकता है।

### 2014 बैच की सबसे ज्यादा महिला कलेक्टर

वर्तमान में वर्ष 2016 बैच के अधिकारियों को कलेक्टर बनाने का क्रम चल रहा है, जिनमें तीन महिला आईएएस शामिल हैं। सबसे ज्यादा संख्या 2014 बैच की है। इस बैच की दस में से आठ महिला अधिकारी अलग-अलग जिलों की कलेक्टर हैं।

#### इन जिलों में महिला कलेक्टर

राज्य में वर्तमान में सिवनी, झाबुआ, शाजापुर, खरगोन, मैहर, आलीराजपुर, डिंडोरी और निवाड़ी सहित कई जिलों की जिम्मेदारी महिला कलेक्टर संभाल रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से शीतला पटले (सिवनी), नेहा मीना (झाबुआ), ऋजु बाफना (शाजापुर), भव्या मित्तल (खरगोन), रानी बाटड (मैहर), नीतू माथुर (आलीराजपुर), अंजू पवन भदौरिया (डिंडोरी) और जमुना भिड़े (निवाड़ी) शामिल हैं।

#### इन जिलों को अब भी महिला कलेक्टर का इंतजार

प्रदेश के इंदौर, धार, उज्जैन, ग्वालियर, सतना, सिंगरौली, मऊगंज, शहडोल, छतरपुर, भोपाल, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जैसे जिलों में अभी तक किसी महिला आईएएस को कलेक्टर के रूप में पदस्थ नहीं किया गया है।

#### संभागवार पदस्थापना की स्थिति

*इंदौर संभागः भव्या मित्तल (खरगोन), ज्योति सिंह (बड़वानी), नेहा मीना (झाबुआ), नीतू माथुर (आलीराजपुर) उज्जैन संभागः मीशा सिंह (रतलाम), ऋजु बाफना (शाजापुर), प्रीति यादव (आगर-मालवा), अदिति गर्ग (मंदसौर) ग्वालियर संभागः रुचिका चौहान (ग्वालियर) रीवा संभागः प्रतिभा पाल (रीवा), रानी बाटड (मैहर) सागर संभागः ऊषा परमार (पन्ना), जमुना भिड़े (निवाड़ी) नर्मदापुरम संभागः सोनिया मीना (नर्मदापुरम) जबलपुर संभागः रजनी सिंह (नरसिंहपुर), शीतला पटले (सिवनी), अंजू पवन भदौरिया (डिंडोरी)*

## हटा में 405.58 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का सीएम डॉ. यादव ने किया भूमि-पूजन

# हटा देवश्री गौरीशंकर की नगरी, शिवकाशी के रूप में इसे मिलेगी पहचानः मुख्यमंत्री

*हटा देवश्री गौरीशंकर की नगरी, शिवकाशी के नाम से जाना जाएगा*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार बेटियों और महिलाओं के समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सरकार की योजनाएं महिलाओं के जीवन में हर कदम पर पक्की सहेली बनकर उनके साथ खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि हटा श्री श्री 1008 देवश्री गौरीशंकर की नगरी है, इसलिए अब इसे शिवकाशी के रूप में ही जाना जाएगा। यह हटावासियों की बहुत पुरानी मांग भी है। डॉ यादव बुधवार को दमोह जिले के हटा में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन सह शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने इस अवसर पर दमोह जिले के लिए कई सौगातों की घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से दमोह जिले के लिए 405 करोड़ 58 लाख रुपए से अधिक की लागत के 13 विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। इसमें लगभग 232 करोड़ रूपए की लागत से हटा से गैसाबाद सिमरिया मार्ग (एसएच-55) के 73 किमी मार्ग के टू-लेन रोड के रूप में उन्नयन एवं चौड़ीकरण, 74 करोड़ 44 लाख रूपए की लागत से मडियादो से बर्धा किशनगढ़ सड़क निर्माण और 48 करोड़ 89 लाख रूपए की लागत से मड़ियादो से रजपुरा मार्ग के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन शामिल है।



सभा संबोधित करते सीएम।

### टीका लगवाने वाली बेटियों को सौंपे प्रमाण

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि विगत वर्ष बुंदेलखंड क्षेत्र के वैश्विक पर्यटन स्थल खजुराहो में स्टेट कैबिनेट की मीटिंग कर सरकार ने 27 हजार 500 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि हाल में ही सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन का टीकाकरण शुरू हुआ है। उन्होंने सभी माताओं-बहनों से अपील करते हुए कहा कि अपनी 14 वर्ष से अधिक उम्र कीबेटियों को यह टीका अवश्य लगवाएं और दूसरे लोगों को भी ऐसा ही करने के लिए जागरूक करें। डॉ यादव ने एचपीवी वैक्सीन का टीका लगवाने वाली हटा की 8 बेटियों को प्रमाण पत्र भी सौंपे।

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कीं कई घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने हटावासियों को और भी कई सौगातें दीं। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि हटा में नवीन आईटीआई भवन बनाया जाएगा। हटा में सर्वसुविधायुक्त नवीन नगर पालिका भवन एवं भव्य गीता भवन भी निर्मित किया जाएगा। कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र में कार्य का दायरा बहुत विस्तृत है, इसलिए हटा के महाविद्यालय में अब कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन संकाय/विषय भी पढ़ाए जाएंगे। हटा के शासकीय पीएमश्री महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में इंडोर ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पटेरा में नया महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा की।

### हमारा देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहा हैः सीएम डॉ. यादव



भारत में मातृ सत्ता प्रधान संस्कृति है। दुनिया में केवल भारतीय संस्कृति है, जिसने अपने मूल्यों के आधार पर ज्ञान की धारा को तक्षशिला और नालंदा विश्वविद्यालयों के माध्यम से विश्व के कोने-कोने में पहुंचाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का समय बदला है। अब हमारा देश आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहा है। यह बात सीएम सागर में ज्ञानवीर विवि के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राहतगढ़ और जेसीनगर में श्रमिकों के बच्चों के लिए लाइब्रेरी बनाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञानवीर विश्वविद्यालय के रूप में शिक्षा के आधुनिक मंदिर बुंदेलखंड के युवाओं के सामर्थ्य को नई ऊंचाई देगा।

### वर-वधु को आशीर्वाद....



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नई दिल्ली में भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के सुपुत्र के आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए और वर-वधु को आशीर्वाद दिया।

## तीन एससीएस की कमेटी तैयार करेगी मसौदा

# कर्मचारियों के स्वास्थ्य बीमा के लिए समिति का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के 12 लाख से अधिक कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए राज्य सरकार समग्र स्वास्थ्य योजना बना रही है। इसको लेकर कई दौर की बैठक के बाद अब अपर मुख्य सचिव स्तर के अफसरों की एक समिति का गठन किया गया है। यह समिति अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को पेश करेगी। इसके बाद योजना में बदलाव के साथ कैबिनेट में अनुमोदन के लिए इसे रखा जाएगा।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस समिति के गठन के लिए जारी निर्देश में कहा गया है कि समिति के अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग होंगे। समिति में अपर मुख्य सचिव वित्त, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग सदस्य होंगे जबकि आयुक्त लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा समिति के सदस्य-सचिव होंगे।

### मंत्रि-परिषद के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा

निर्देशों में कहा गया है कि राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए प्रस्तावित समग्र स्वास्थ्य योजना के अंतिम प्रारूप, नीति निर्धारण के साथ ही कर्मचारी और पेंशनर्स संगठनों से परामर्श करने का काम समिति द्वारा किया जाएगा। इसके बाद योजना के प्रस्तावित खाका को मंत्रि-परिषद के समक्ष अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। यह समिति प्रस्तावित योजना के सभी आवश्यक मामलों पर डिस्कसन कर रिपोर्ट तैयार करेगी।

### पहले भी हो चुकी हैं कई बैठकें

कर्मचारियों और पेंशनर्स को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिलाने को लेकर राज्य सरकार पहले भी कई दौर की बैठकें कर चुकी है। इसको लेकर कर्मचारी संगठनों के साथ भी बैठक कर सुझाव लिए जा चुके हैं। अब एक बार फिर सरकार ने इसके लिए समिति का गठन कर दिया है। इस समिति की रिपोर्ट की समय सीमा तय नहीं की गई है।

# गर्मी में पानी की किल्लत से निपटने बनेगा प्लान, विधायकों ने रखी बात

## भोपाल संभाग के डेवलपमेंट प्लान पर एसीएस ने रखी बैठक



संभाग स्तरीय बैठक लेते अपर मुख्य सचिव शुक्ला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्मी के साथ ही गांवों और शहरों में पानी की किल्लत को देखते हुए बुधवार को अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला ने पानी की किल्लत से निपटने और विकास योजनाओं को लेकर संभाग स्तरीय बैठक रखी, जिसमें भोपाल, रायसेन और नरसिंहगढ़ के विधायक शामिल रहे।

विधायकों ने पानी की किल्लत को लेकर अभी से सतर्कता बरतने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीएचई और नगरीय निकाय चौबीस घंटे निगरानी रखें, जिससे आम लोगों को पानी की दिक्कत नहीं हो। बैठक में एसीएस ने स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नल-जल योजना और जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला कलेक्टर्स जिलों में अस्पताल, स्कूल और आंगनबाड़ियों की नियमित मॉनिटरिंग

## राजधानी के रवीन्द्र भवन में आयोजित हुआ 'शक्ति संवाद' कार्यक्रम

# भारत महिलाओं की शक्ति, क्षमता और नेतृत्व से नई दिशाओं को हासिल कर रहाः रहाटकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के रवीन्द्र भवन में बुधवार को 'शक्ति संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, सरकारी नीतियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि आज का भारत महिलाओं की शक्ति, क्षमता और नेतृत्व से नई दिशा प्राप्त कर रहा है। कार्यक्रम में सैनिक परिवारों के कल्याण से जुड़े विषयों पर भी विशेष चर्चा हुई। मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग ने आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन के साथ मिलकर आर्मी पर्सनल की पत्नियों और वीर नारियों के लिए आर्थिक और सामाजिक सहयोग की योजनाएं संचालित करने की पहल की है। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान भी किया गया।




शक्ति संवाद कार्यक्रम।

मप्र राज्य महिला आयोग और स्काई सोशल संस्था के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

### झाबुआ में सायबर वेलबीइंग सेन्टर खोला जाएगा

*राज्य महिला आयोग के सचिव सुरेश तोमर ने बताया कि जल्द ही झाबुआ में सायबर वेलबीइंग सेन्टर खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि समाज में फैली कुप्रथाओं को चिन्हांकित कर इसके समाधान और कानून के लिए लॉ यूनिवर्सिटी के साथ कार्य किया जा रहा है।*

## नंबर प्लेट में की गड़बड़ी तो नहीं मिलेगा डीजल-पेट्रोल, बीट प्रणाली के माध्यम से लगातार निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

गलत, फर्जी अथवा बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस ने ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई तेज करते हुए पेट्रोल और डीजल पंप संचालकों को भी निर्देश दिया है कि बिना नंबर प्लेट या संदिग्ध नंबर प्लेट वाले वाहनों को पेट्रोल-डीजल न दिया जाए। जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। महिलाओं के खिलाफ बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए नयन सेंटर के माध्यम से निगरानी की जा रही है। इसके अलावा सेफ क्लिक साइबर जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रदेश में 15 हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित कर 33 लाख से ज्यादा नागरिकों को जागरूक किया गया है। प्रदेश में महिलाओं की सहायता और शिकायतों के संवेदनशील निराकरण के लिए 987 महिला हेल्प डेस्क संचालित की जा रही हैं। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए अभिमन्यु, सृजन और सम्मान जैसे अभियान भी चलाए जा रहे हैं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि वाहनों का उपयोग किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में न हो सके। इसके लिए जिले के सभी थाना क्षेत्रों में बीट प्रणाली के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस द्वारा अलग-अलग जगहों पर चेकिंग पाइंट लगाकर वाहनों की जांच की जा रही है। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की तस्दीक भी की जा रही है। ऐसे वाहन विशेष निगरानी में रखे गए हैं जिनमें नंबर प्लेट नहीं है। या नंबर प्लेट से छेड़छाड़ की गई है। अमानक तरीके से नंबर लिखा गया है। अगर किसी दूसरे वाहन का नंबर लिखकर वाहन चलाया जा रहा है। ऐसे मामलों में मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## प्रदेश में 22,500 पद खाली, पुलिस मुख्यालय में सरकार को भेजा प्रस्ताव

# सिंहस्थ के आयोजन से पहले होगी 7500 पुलिस आरक्षकों की भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रशासनिक संवाददाता प्रदेश में पुलिस बल की कमी को दूर करने के लिए पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने सरकार को बड़ा प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव के अनुसार प्रदेश में खाली पड़े 22,500 पुलिस आरक्षक पदों में से पहले चरण में 7,500 आरक्षकों की भर्ती की जाएगी।

यह भर्ती सिंहस्थ से पहले कराने की योजना बनाई गई है, ताकि बड़े धार्मिक आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा सके। सूत्रों के मुताबिक पुलिस मुख्यालय ने वर्ष 2026 में 7,500 आरक्षकों की भर्ती का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज दिया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। प्रदेश में सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजन से पहले पुलिस बल में रिक्त पदों को भरना प्राथमिकता माना जा रहा है।




### 2025 की भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में

इस बीच पुलिस भर्ती-2025 की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा पूरी हो चुकी है और अब अंतिम परिणाम का इंतजार है। पुलिस मुख्यालय का मानना है कि नई भर्ती के साथ-साथ हर साल होने वाली नियमित नियुक्तियों से बल में रिक्त पदों की संख्या धीरे-धीरे कम की जा सकेगी। पुलिस विभाग के अनुसार हर वर्ष करीब 4 हजार पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हो जाते हैं, जिससे लगातार नए पद खाली होते रहते हैं।

### 2027 तक भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने का लक्ष्य

सिंहस्थ अप्रैल 2028 में प्रस्तावित है। इसे देखते हुए पुलिस मुख्यालय का लक्ष्य है कि अगस्त 2027 तक भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाए, ताकि नए चयनित आरक्षकों का प्रशिक्षण भी समय पर पूरा हो सके। प्रदेश की पुलिस प्रशिक्षण संस्थाओं में वर्तमान में लगभग 8 हजार प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण देने की क्षमता है, जिससे बड़ी संख्या में नए आरक्षकों को प्रशिक्षित किया जा सकेगा।

### भर्ती बोर्ड गठन के बाद तेज होगी प्रक्रिया

नई भर्ती के लिए बोर्ड गठन की प्रक्रिया भी जारी है। पुलिस मुख्यालय ने इस प्रस्ताव को राज्य सरकार के पास विचार के लिए भेजा है। बोर्ड के गठन के बाद कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2026 आयोजित कराई जा सकती है।

### बदलाव और विचार के प्रस्ताव

पुलिस भर्ती की प्रक्रिया के संबंध में हमने कुछ बदलाव और विचार के साथ-साथ प्रस्ताव दिया है। गृह विभाग को यह पुलिस मुख्यालय की तरफ से दिया गया है। कोशिश यही है कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं तो उसे तय सीमा के अंदर भर्ती की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाए। इस संबंध में पूरा प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा गया है।

**आदर्श कटियार**, स्पेशल डीजी, एडमिनिस्ट्रेशन


यात्रीगण कृपया ध्यान दें!

विशेष रेलगाड़ी – 2026

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा विशेष रेलगाड़ी सं. 04432 आनंद विहार (टर्मिनल) – टाटानगर जं. एक्सप्रेस संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इस रेल सेवा की समय–सारणी निम्नानुसार है:–

रेलगाड़ी सं. 04432 आनंद विहार (टर्मिनल) – टाटानगर जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 01 फेरा

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04432 आगमन | गाड़ी सं. 04432 प्रस्थान |
|---|---|---|
| आनंद विहार (टर्मिनल) | ---- | 05:00 |
| मुरादाबाद | 08:15 | 08:25 |
| बरेली | 10:10 | 10:15 |
| लखनऊ जं. | 14:20 | 14:30 |
| सुलतानपुर | 17:10 | 17:20 |
| वाराणसी | 21:40 | 21:50 |
| पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. | 22:40 | 22:45 |
| भभुआ रोड | 23:24 | 23:26 |
| सासाराम | 23:53 | 23:55 |
| डेहरी ऑन सोन | 00:08 | 00:10 |
| जपला | 00:55 | 00:57 |
| गढ़वा रोड जं. | 02:30 | 02:35 |
| डालटनगंज | 03:13 | 03:15 |
| बरवाडीह जं. | 03:43 | 03:45 |
| लातेहार | 04:20 | 04:22 |
| टोरी | 05:15 | 05:17 |
| बरकाकाना जं. | 07:48 | 07:50 |
| मूरी जं. | 08:55 | 09:00 |
| चाण्डिल जं. | 11:50 | 11:55 |
| टाटानगर जं. | 13:00 | ---- |

चलने के दिन: 04432 आनंद विहार (ट.) से दिनांक 16.03.2026 (सोमवार) को।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

837/2026
पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# संकट नहीं पर घरेलू गैस को लेकर अधीर हो रहे लोग

अमेरिका-इजराइल और ईरान के युद्ध का असर अब पूरी दुनिया पर दिखने लगा है। अमेरिका से लेकर यूरोप और जापान से लेकर चीन और भारत में तेल के दाम 100 डॉलर से ऊपर पहुंच गए हैं। तेल के दाम सीधे तौर पर आम आदमी की जेब पर असर डाल रहे हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरत का बड़ा हिस्सा बाहर से मंगाता है, इसलिए हम पर दबाव अधिक है। हाल के वर्षों में सरकार ने अपने ऊर्जा आयात का विविधिकरण किया है, इसके बावजूद गैस का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से ही आता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़े खतरे की वजह से इस संकरे समुद्री मार्ग से टैंकरों का गुजरना खासा मुश्किल हो गया है। ईरान के साथ वार्ता के बावजूद अभी यह सौ फीसदी सुनिश्चित नहीं हो सका है कि भारतीय गैस टैंकर इस मार्ग से सुरक्षित आ सकेंगे या नहीं। दावा किया जा रहा है कि ईरान ने भारतीय झंडे वाले जहाजों को यहां से गुजरने की अनुमति दे दी है। इसके बावजूद स्थिति को लेकर संदेह बना हुआ है। भारत ने अपनी तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से बड़ी मात्रा में तेल खरीदना शुरू कर दिया है। इसने देश में पेट्रोल व डीजल के संकट को लेकर आशंकाओं को खारिज कर दिया है। लेकिन, रसोई गैस बड़ी समस्या बनकर उभर रही है। सरकार ने व्यावसायिक उपयोग की रसोई गैस को लेकर कटौती की घोषणा की है, लेकिन घरेलू उपयोग की गैस 100 फीसदी उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है। इसके बावजूद लोगों की आशंकाओं ने ऐसी स्थिति उत्पन्न कर दी है, जैसे देश में घरेलू रसोई का संकट उत्पन्न हो गया हो। हालांकि, कुछ हद तक कालाबाजारी की खबरों ने लोगों को अधीर बना दिया है। जनता हर हाल में अपनी रसोई को गैस संकट से सुरक्षित करना चाहती है। तत्काल जरूरत न होते हुए भी लोग तुरंत ही दूसरा सिलेंडर भरवा लेना चाहते हैं। यही भावना गैस एजेंसियों पर भीड़ लगवा रही है। इससे ही यह संदेश जा रहा है कि देश में घरेलू गैस का संकट हो गया है। जबकि स्थिति ऐसी नहीं है। संसद में भी एलपीजी कमी के आरोपों पर सरकार व विपक्ष में टकराव देखने को मिला। हालांकि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ऐसी किसी भी कमी से साफ इनकार किया। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि पिछले पांच दिनों में एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है और देश में आपूर्ति सामान्य है। उन्होंने विपक्ष पर अफवाह फैलाने और झूठा नैरेटिव बनाने का आरोप लगाया। पुरी ने यह भी कहा कि भले ही भारत का पश्चिम एशिया के संघर्ष में कोई सीधा रोल नहीं है, लेकिन इसके असर से देश को निपटना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहा युद्ध दूरगामी प्रभाव डालने वाला है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की नींव उसकी ऊर्जा सुरक्षा होती है। यही नहीं, कई विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कथित कमी को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार से जवाब मांगा। कमर्शियल सिलेंडरों की कमी से देश के कई क्षेत्रों में होटल, मेस और ढाबे या तो बंद हो गए हैं या बंद होने वाले हैं। कई जगहों पर लकड़ी व कोयले की मांग भी बढ़ी है। कुल मिलाकर हालात चुनौतीपूर्ण तो हैं, लेकिन धैर्य से हर परेशानी दूर हो सकती है।



आर्थिकी
अनिरुद्ध प्रताप सिंह

# कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से चुनौती

कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेज बढ़ोतरी ने भारत की अर्थव्यवस्था के सामने एक नई चुनौती पैदा कर दी है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच जाती है तो भारत जैसे बड़े आयातक देश के लिए इसका असर बहुत गहरा होता है। साल की शुरुआत में जहां कच्चा तेल लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था, वहीं कुछ ही महीनों में इसकी कीमत लगभग दोगुनी हो गई है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अगर सप्लाई प्रभावित होती है तो ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है। भारत के सबसे बड़ी समस्या फिलहाल पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस की व्यवस्था करना है।

कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेज बढ़ोतरी ने भारत की अर्थव्यवस्था के सामने एक नई चुनौती पैदा कर दी है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच जाती है तो भारत जैसे बड़े आयातक देश के लिए इसका असर बहुत गहरा होता है। साल की शुरुआत में जहां कच्चा तेल लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था, वहीं कुछ ही महीनों में इसकी कीमत लगभग दोगुनी हो गई है। भारत रोजाना लगभग 50 लाख बैरल कच्चा तेल आयात करता है। इसलिए कीमतों में इस तरह की बढ़ोतरी का सीधा मतलब है कि देश को तेल आयात पर पहले से कहीं ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ेगा। इससे आयात बिल बढ़ेगा, चालू खाता घाटा बढ़ सकता है। इसका रुपये पर भी दबाव दिखाई दे रहा है। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध और तनाव ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। इस क्षेत्र से भारत को बड़ी मात्रा में तेल और गैस की आपूर्ति होती है।

अगर युद्ध लंबा खिंचता है और समुद्री मार्ग बाधित होते हैं, तो ऊर्जा आपूर्ति में गंभीर रुकावट आ सकती है। भारत के लिए यह एक चिंता का विषय है, क्योंकि देश के पास तेल और गैस के बड़े भंडार नहीं हैं। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अगर सप्लाई प्रभावित होती है तो ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है। भारत के सबसे बड़ी समस्या फिलहाल पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस की व्यवस्था करना है। खास तौर पर फारस की खाड़ी के महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग स्ट्रेट आफ होर्मुज के बंद होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। यह दुनिया का एक अहम तेल परिवहन मार्ग है, जहां से भारत के कुल आयातित तेल और गैस का लगभग 45 से 50 प्रतिशत हिस्सा आता है। अगर यहां से जहाजों की आवाजाही प्रभावित होती है तो भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए वैकल्पिक स्रोत खोजने पड़ेंगे। खबर है कि फिलहाल लगभग 30 मिलियन बैरल रूसी तेल समुद्र में जहाजों पर मौजूद है, जिसे खरीदा जा सकता है। लेकिन यह मात्रा भारत की विशाल ऊर्जा जरूरतों के मुकाबले बहुत कम है। भारत निश्चित रूप से रूस से और अधिक तेल खरीदने की कोशिश कर सकता है। हालांकि युद्ध की स्थिति में इसकी कीमत भी बढ़ सकती है। अगर विकसित देशों का समूह जी-7 अपने आपातकालीन तेल भंडार बाजार में जारी करता है तो वैश्विक सप्लाई थोड़ी बढ़ सकती है और कीमतों पर कुछ नियंत्रण आ सकता है। फिलहाल स्थिति अनिश्चित बनी हुई है और यह कहना मुश्किल है कि आने वाले समय में ऊर्जा की उपलब्धता कितनी स्थिर रहेगी। भारत सरकार भी इस चुनौती को समझ रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि सरकार देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। इसके बावजूद निकट भविष्य में कई उद्योगों को तेल और गैस की सीमित उपलब्धता का सामना करना पड़ सकता है। खास तौर पर औद्योगिक इकाइयों को मिलने वाली गैस की आपूर्ति में कटौती की संभावना जताई जा रही है। हालांकि सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि घरेलू उपयोग, पाइप्ड नेचुरल गैस और वाहनों के लिए सीएनजी जैसी प्राथमिक सेवाओं को पर्याप्त गैस मिलती रहे। एक और बड़ा सवाल यह है कि क्या पेट्रोल



और डीजल की कीमतें बढ़ाई जाएंगी। फिलहाल सरकार के सामने राजनीतिक और आर्थिक दोनों तरह की चुनौतियां हैं। कई राज्यों में चुनाव नजदीक होने के कारण सरकार तुरंत पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं करना चाहेगी। अगर अंतरराष्ट्रीय कीमतों में आई बढ़ोतरी को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाता है तो इससे महंगाई बढ़नी तय है। सरकार कोशिश कर सकती है कि कुछ समय तक इस बोझ को खुद वहन करे और तेल विपणन कंपनियों को होने वाले घाटे की भरपाई करे। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होता है तो उससे आयातित वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ जाती हैं। वैश्विक आर्थिक माहौल भी इस समय काफी अस्थिर है। पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से निवेशक सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं।

ऐसे समय में अमेरिकी डॉलर को सुरक्षित मुद्रा माना जाता है, इसलिए इसकी मांग बढ़ जाती है। परिणामस्वरूप डॉलर मजबूत होता है। अमेरिकी सरकारी बॉन्ड की यील्ड भी बढ़ रही है, क्योंकि निवेशकों को डर है कि ऊर्जा कीमतों से पैदा हुई महंगाई के कारण अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा बनाए रख सकता है। भारत में इस स्थिति का सबसे स्पष्ट असर रुपये पर दिखाई दे रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और डॉलर की मजबूती के कारण भारतीय मुद्रा कमजोर हो गई है। हाल ही में रुपया डॉलर के मुकाबले लगभग 92.33 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया था। अगर युद्ध और वैश्विक तनाव लंबे समय तक जारी रहता है तो रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। कमजोर रुपया भारत के लिए दोहरी समस्या पैदा करता है। पहला, इससे आयात और महंगे हो जाते हैं। दूसरा, विदेशी निवेशकों का भरोसा भी कम हो सकता है। जब रुपये की कीमत गिरती है, तो विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार और बॉन्ड बाजार से पैसा निकालने लगते हैं। हाल के दिनों में भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का एक कारण यही रहा है। अगर विदेशी निवेश लगातार बाहर जाता है तो इससे पूंजी बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है और निवेशकों का विश्वास कमजोर पड़ सकता है। इसके अलावा कंपनियों के लिए विदेशी कर्ज चुकाना भी महंगा हो जाता है। तेल की ऊंची कीमतों का असर सिर्फ वित्तीय बाजारों तक ही सीमित नहीं रहने वाला, बल्कि इसका असर उत्पादन और औद्योगिक गतिविधियों पर भी साफ दिखाई देगा। पेट्रोकेमिकल, परिवहन, उर्वरक, और बिजली उत्पादन जैसे कई उद्योग सीधे तौर पर तेल और गैस पर निर्भर होते हैं। जब ऊर्जा की लागत बढ़ती है तो इन उद्योगों के उत्पादन खर्च में भी वृद्धि होती है। इससे या तो कंपनियों के मुनाफे कम होते हैं या फिर वे कीमतें बढ़ाकर इसका बोझ उपभोक्ताओं पर डाल देती हैं।

इस तरह हम देखते हैं कि तेल की बढ़ती कीमतें पूरी अर्थव्यवस्था की गति को धीमा कर सकती हैं। उत्पादन महंगा होने से कंपनियां निवेश कम कर सकती हैं और आर्थिक विकास की रफ्तार भी धीमी पड़ सकती है। कुल मिलाकर, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भारत के लिए कई स्तरों पर चिंता का कारण बन सकती हैं। ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चितता, बढ़ता आयात बिल, महंगाई का दबाव, कमजोर होता रुपया और विदेशी निवेश में कमी-ये सभी कारक मिलकर आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकते हैं। आने वाले समय में यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष कितने दिन चलता है और वैश्विक तेल बाजार किस दिशा में जाता है। अगर स्थिति जल्दी सामान्य होती है, तो दबाव कम हो सकता है, लेकिन अगर तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो भारत को अपनी ऊर्जा रणनीति और आर्थिक नीतियों में कई बड़े कदम उठाने पड़ सकते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
अरविंद जयतिलक



# अनिद्रा से बिगड़ता स्वास्थ्य

आज विश्व निद्रा दिवस है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में नींद के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। मानव स्वास्थ्य व सेहत के लिए पर्याप्त निद्रा बेहद आवश्यक है। याद होगा कि गत वर्ष पहले फिलिप्स वार्षिक वैश्विक सर्वेक्षण की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि दुनिया भर में तकरीबन 10 करोड़ लोग अनिद्रा की बीमारी से ग्रसित हैं। दुनिया के 13 देशों (संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, पोलैंड, फ्रांस, भारत, चीन आस्टलिया, कोलंबिया, अर्जेंटीना, मैक्सिको, ब्राजील और जापान) के 15 हजार से अधिक व्यस्कों पर किए गए इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया कि 80 प्रतिशत से अधिक लोग अनिद्रा बीमारी से अनभिज्ञ हैं जबकि 30 प्रतिशत लोग नींद लेने और उसे बनाए रखने में दिक्कत महसूस करते हैं। इस रिपोर्ट से यह भी उद्घाटित हुआ था कि देश की राजधनी दिल्ली में 67 प्रतिशत, कोलकाता में 60 प्रतिशत, बेंगलुरु में 59 प्रतिशत तथा चेन्नई 58 प्रतिशत लोग अनिद्रा के शिकार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में तकरीबन 19 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि सामान्य नींद के समय के साथ काम के घंटों का अतिव्यापित होना अनिद्रा का एक प्रमुख कारण है। इसी तरह 32 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि प्रौद्योगिकी भी एक प्रमुख नींद विकर्षण है। अमेरिका की राष्ट्रीय निद्रा फाउंडेशन के मुताबिक 30-40 प्रतिशत अमेरिकी वयस्कों का कहना है कि उनमें अनिद्रा के लक्षण हैं। चिकित्सकों का कहना है कि अनिद्रा के कारण कई तरह की बीमारियां पनपती हैं और जीवन प्रत्याशा कम होने की भी संभावना बढ़ जाती है। 16 अध्ययनों के एक विश्लेषण में 10 लाख से अधिक प्रतिभागियों और 112,566 मौतों के अंतर्गत नींद की अवधि और मृत्युदर के बीच के संबंधों की जांच में पाया गया कि जो लोग रात में सात से आठ घंटे सोते थे, उनकी तुलना में कम सोने वाले व्यक्तियों में मृत्यु का खतरा 12 प्रतिशत ज्यादा होता है। हाल ही में एक अन्य अध्ययन में 38 सालों से सतत निद्रा और मृत्यु दर के प्रभावों की जांच में पाया गया है कि सतत अनिद्रा से ग्रसित लोगों की मौत का जोखिम 97 प्रतिशत अधिक होता है। अनिद्रा का दुष्परिणाम यह होता है कि व्यक्ति में हीनता बढ़ती है और उसकी याददाश्त कमजोर पड़ने लगती है। उसमें चिड़चिड़ापन इस हद तक बढ़ जाता है कि वह सामाजिक रूप से मिलना-जुलना बंद कर देता है। साथ ही थके होने और पर्याप्त नींद न लेने के कारण वाहन दुर्घटनाओं की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। भारत की बात करें तो यहां 66 प्रतिशत लोगों ने स्वीकार किया है कि अनिद्रा के कारण उनका स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती प्रभावित होने के साथ-साथ मानसिक अवसाद बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही खुलासा कर चुका है कि भारत में मानसिक अवसाद के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं जिनके कई कारणों में से एक कारण अनिद्रा भी है। गत वर्ष पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी शीर्षक 'डिप्रेशन एवं अन्य सामान्य मानसिक विकार-वैश्विक स्वास्थ्य आकलन' रिपोर्ट में कहा जा चुका है कि अन्य देशों के मुकाबले भारत और चीन अवसाद से बुरी तरह प्रभावित हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में मानसिक अवसाद से ग्रस्त लोगों की संख्या सर्वाधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में अवसाद से प्रभावित लोगों की कुल संख्या 32.2 करोड़ है, जिसमें 50 प्रतिशत सिर्फ भारत और चीन में ही हैं। इस रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ कि अवसाद के अलावा भारत और चीन में चिंता भी बड़ी समस्या है। भारत एवं अन्य मध्य आय वाले देशों में आत्महत्या के सबसे बड़े कारणों में से एक चिंता भी है। देश में बढ़ते अवसाद को ध्यान में रखकर ही केंद्र सरकार द्वारा संसद में मानसिक स्वास्थ्य देखरेख विधेयक पर मुहर लगाई जा चुकी है। इसमें मानसिक अवसाद से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य देखरेख एवं सेवाएं प्रदान करने एवं ऐसे व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण करने का प्रावधान है। चूंकि भारत अशक्त लोगों के अधिकारों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र संधि का हस्ताक्षरकर्ता है लिहाजा उसकी जिम्मेदारी भी थी कि वह इस प्रकार के प्रभावी कानून गढ़ने की दिशा में आगे बढ़े। भारत ने इस दिशा में कदम बढ़ा सामुदायिक स्तर पर अधिकतम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की रचनात्मक और स्वागत योग्य पहल तेज कर दी है। अच्छी बात यह है कि दुनिया भर में 77 प्रतिशत लोगों ने अवसाद और बिगड़ते स्वास्थ्य से उबरने के लिए अपनी नींद में सुधार की कोशिश की है। भारत में 45 प्रतिशत वयस्कों ने ध्यान और योग करने की कोशिश की है, जबकि 24 प्रतिशत लोगों ने अच्छी नींद लेने और उसे बनाए रखने के लिए विशेष बिस्तर को अपनाया है। उचित होगा कि सरकार और स्वयंसेवी संस्थाएं कुछ इस तरह के कार्यक्रम गढ़ें, जिससे कि लोगों में अच्छी नींद के प्रति जागरूकता बढ़े और वे संतुलित दिनचर्या के प्रति आकर्षित हों।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जहां भी खोजोगे वहां तुम प्रीतितत्व को ही पाओगे



संकलित
दर्शन

कोई आदमी धन कमाने में लगा है, धन तो ऊपर की बात है, भीतर तो प्रीति से ही जी रहा है, धन से उसकी प्रीति है। कोई आदमी पद के पीछे पागल है, पद तो गौण है, प्रतिष्ठा की प्रीति है। जहां भी खोजोगे, तो तुम प्रीति को ही पाओगे। पापी में और पुण्यात्मा में, तुम एक ही तत्त्व को एक साथ पाओगे, वह तत्त्व प्रीति है। फिर प्रीति किससे लग गई, उससे भेद पड़ता है। धन से लग गई तो तुम धन ही होकर रह जाते हो। ठीकरे हो जाते हो। कागज के सड़े-गले नोट होकर मरते हो। जिससे प्रीति लगी, वही हो जाओगे। यह बड़ा बुनियादी सत्य है, इसे हृदय में संभाल कर रखना। प्रीति महंगा सौदा है, हर किसी से मत लगा लेना। जिससे लगाई वैसे ही हो जाओगे। वैसा होना हो तो ही लगाना। प्रीति का अर्थ ही यही होता है कि मैं यह होना चाहता हूं। राजनेता गांव में आया और तुम भीड़ करके पहुंच गए, फूलमालाएं सजा कर, किस बात की खबर है? कोई संगीत सुनता है तो धीरे-धीरे उसकी चेतना में संगीत की छाया पडऩे लगती है। तुम जिससे प्रीति करोगे वैसे हो जाओगे, जिनसे प्रीति करोगे वैसे हो जाओगे। तो प्रीति का तत्त्व रूपांतरकारी है। प्रीति का तत्त्व भीतरी रसायन है। और बिना प्रीति के कोई भी नहीं रह सकता। प्रीति ऐसी अनिवार्य है जैसे श्वास। जैसे शरीर श्वास से जीता, आत्मा प्रीति से जीती। इसलिए अगर तुम्हारे जीवन में कोई प्रीति न हो, तो तुम आत्महत्या करने को उतारू हो जाओगे। या कभी तुम्हारी प्रीति का सेतु टूट जाए, तो आत्महत्या करने को उतारू हो जाओगे।


## गुरु की संगति से ही पाया जा सकता है परमात्मा



संकलित
प्रेरणा

जिसने परमात्मा को प्राप्त कर लिया, तो समझो उसने सब कुछ प्राप्त कर लिया। इसके लिए प्राप्ति के लिए अब शेष कुछ नहीं रह जाता। अब जिन्होंने परमात्मा को नहीं पाया उन्होंने कुछ भी नहीं पाया, लेकिन यह बात ध्यान में रहे कि परमात्मा पाया जाता है गुरु प्रताप साध की संगति से और कोई उपाय नहीं। अद्वैत भाव एक परम गुण है। अद्वैत भाव कुछ ऐसी कला है, जिसमें थकान नहीं है मानो हम जहां भी देखें, चाहे जर्रा हो, चाहे पत्ते हों,चाहे चंदन के पेड़ हों, चाहे पत्थर हों,चाहे गंगा का जल हो, सूरज का तेज हो, चांद की शीतलता हो,कलियों की कोमलता हो, फूलों का सौंदर्य हो, जहां भी नजर डालो सद्गुरु की कृपा से अपनी आंखों से इन सभी से जल्दी से पर्दा हटा कर इसको देख लें। फिर धीरे-धीरे हमारी आंखें ही पर्दा उठाने की कला सीख जाएंगी और फिर ऐसा समय भी आएगा जब हमें पर्दा उठाना ही नहीं पड़ेगा, केवल नजर पड़ी और हम पर्दे के पार देखने लगे, क्योंकि अब हमें ज्ञान हो गया है कि सब जगह बस ईश्वर, परमात्मा की ही छवि विराजमान है। अपेक्षा जहां है वहीं दुःख की भी संभवना है और जहां अपेक्षा नहीं है, वहां विषाद का कोई खतरा नहीं है। अतः जिनसे मनुष्य को अपेक्षा है कि उसे प्रीति मिलेगी पत्थर नहीं,उनसे यदि फूल भी फेंका गया, तो घाव का एहसास होगा ही। घाव फूल के कारण नहीं लगता फूल बेचारा कैसे घाव लगा सकता है? घाव लगता मनुष्य की अपेक्षा से और जितनी बड़ी अपेक्षा होगी,घाव भी उतना ही गहरा मिलेगा।

## इनफिनिटी मिरर्ड रूम



कोलोन, जर्मनी के म्यूज़ियम लुडविग में गुरुवार को मशहूर जापानी आर्टिस्ट यायोई कुसामा की नई बड़ी एग्ज़िबिशन के प्रीव्यू के दौरान लोग आर्टवर्क इनफिनिटी मिरर्ड रूम में घूमते हुए लोग।

## आज की पाती

### असंगठित बल को संगठित करने की पहल

हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं। असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के आंकड़े एकत्रित करने और उनके नि:शुल्क पंजीकरण के लिए प्रयास हुए हैं।

*-विनय कुमार साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### सबको बोलने का अवसर



प्रतिपक्ष के सदस्यों को आवंटित समय से अधिक बोलने का अवसर मिला है। मेरी हमेशा कोशिश रहती है कि चाहे देर रात्रि तक बैठना पड़े, लेकिन हर सदस्य को बोलने का अवसर मिले। कोई भी सदस्य जो बोलना चाहते हों, और मैंने अवसर नहीं दिया, ऐसा एक भी उदाहरण नहीं है।

**- ओम बिरला, लोस अध्यक्ष**

### अविश्वास प्रस्ताव नहीं



हम भी विपक्ष में रहे हैं, तीन बार लोकसभा के स्पीकर पर अविश्वास का प्रस्ताव आया, मगर भारतीय जनता पार्टी और एनडीए विपक्ष में रहते हुए कभी लोकसभा स्पीकर पर अविश्वास का प्रस्ताव नहीं लाए।

**-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री**

### विकास बजट जारी



विकसित दिल्ली का संकल्प तभी साकार होगा, जब दिल्ली की हर विधानसभा में विकास की समान गति दिखाई दे। इसी लक्ष्य के साथ हर विधानसभा के लिए विशेष विकास बजट जारी किया जा रहा है, ताकि सड़क, पानी, स्वच्छता, आदि नागरिक सुविधाओं के कार्य तेजी से पूरे हो सकें।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### घरेलू गैस की किल्लत



जब देश भारी संकट से जूझ रहा होता है तो प्रधानमंत्री मोदी चुनावी दौरों में मशगूल होते हैं। देशभर में घरेलू गैस की भारी कमी है। अनेक छोटे-बड़े उद्योग भाजपा की विफलता का ख़ामियाज़ा भुगतने पर मजबूर हैं। पर सरकार के पास कोई जवाब नहीं।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

### पाक किसका, जो कर्ज दे उसका सऊदी अरब पहुंचे शहबाज



पाकिस्तान के रुख को लेकर माना जा रहा है कि पाकिस्तान ने सिर्फ अपने कर्ज के हित को देखते हुए सऊदी अरब का साथ दिया है। इसके अलावा शिया और सुन्नी वाला विवाद भी अहम है। पाक नहीं चाहता कि वह शिया मुल्क ईरान के साथ बहुत ज्यादा दिखे, जबकि सुन्नी देश सऊदी अरब के साथ रहना आंतरिक राजनीति में भी फायदा देगा। पाकिस्तान अकसर इस्लामिक एकता की बातें करता है। अब जबकि ईरान पर अमेरिका और इजरायल ने हमले किए हैं तो इस संघर्ष में सऊदी अरब भी अमेरिकी पाले में है। ऐसे हालात में पाकिस्तान ने इस्लामिक एकता की कोई दुहाई नहीं दी है और सीधे तौर पर सऊदी अरब के साथ दिख रहा है। यहां उसने ना तो सऊदी अरब को इस्लामिक एकता की सीख दी और ना ही ईरान से समझौते की अपील की। उसने सीधे तौर पर सऊदी अरब का साथ दिया है और पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ खुद ही इस्लामिक मुल्क पहुंच गए हैं। इससे पहले पाकिस्तान ने सऊदी अरब की सुरक्षा चिंता पर बात की थी। उसके इस रुख को लेकर माना जा रहा है कि पाकिस्तान ने सिर्फ अपने कर्ज के हित को देखते हुए सऊदी अरब का साथ दिया है। इसके अलावा शिया और सुन्नी वाला विवाद भी अहम है।

## ऑफ बीट

### ऋषिकेश स्थित श्रीलक्ष्मण मंदिर का अद्भुत माहात्म्य



हिमालय की पावन गोद में अवस्थित ऋषिकेश का तपोवन क्षेत्र केवल एक भौगोलिक स्थल नहीं, बल्कि भारतीय आध्यात्मिक चेतना का जीवंत केंद्र है। उत्तराखंड में गंगा के पावन पश्चिमी तट पर स्थित लक्ष्मण झूला और समीपस्थ श्रीलक्ष्मण मंदिर का माहात्म्य पुराणों में अत्यंत श्रद्धा और गौरव के साथ वर्णित है। 'ते वै रघुवरश्रेष्ठा भाग्यवन्तो भवन्ति हि' अर्थात जो भक्त तपोवन में आकर लक्ष्मण जी को प्रणाम करते हैं, वे वास्तव में भाग्यवान होते हैं, यह उद्घोष इस क्षेत्र की आध्यात्मिक गरिमा को स्पष्ट करता है। स्कंद पुराण के अनुसार, भगवान स्कंद ने नारद जी से कहा कि यद्यपि अनेक तीर्थ ऐसे हैं, जिनके स्मरण मात्र से पापों का क्षय हो जाता है तथापि ऋषिकेश स्थित तपोवन एक ऐसा दिव्य क्षेत्र है जो मानो मुक्ति का खुला द्वार है। यहां विधिपूर्वक श्राद्ध करने से पितृगण सदा तृप्त रहते हैं। सौमित्रि तीर्थ, जिसे लक्ष्मण तीर्थ भी कहा जाता है, में स्नान करने से वाजपेय यज्ञ के तुल्य फल की प्राप्ति होती है। आगे शिव तीर्थों में स्नान करने वाला भक्त शिवलोक और ब्रह्मलोक को प्राप्त होता है। इस प्रकार तपोवन केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि लोक और परलोक के कल्याण का सेतु है। यह तीर्थ हमें सिखाता है कि भक्ति, तप और विनम्रता से ही मनुष्य अपने दोषों से मुक्त होकर परम शांति को प्राप्त कर सकता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# देश के लिए बलिदान देने वालों का सम्मान करो, वॉर मेमोरियल से आपको परेशानी क्यों?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक याचिकाकर्ता द्वारा दायर की गई देहरादून में वॉर मेमोरियल से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि ड्यूटी के दौरान शहीद हुए लोगों का सम्मान करें। सीजेआई सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से पूछा कि क्या आपको वॉर मेमोरियल के निर्माण से आपको क्या दिक्कत हहो रही है। सुप्रीम कोर्ट उत्तराखंड हाईकोर्ट द्वारा जनवरी में सुनाए गए आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा थी। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने जनवरी में एक पिटीशन खारिज कर दी थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि देहरादून जिले में जिस जमीन पर वॉर मेमोरियल 'सैन्य धाम' बनाया जाना था, वह फॉरेस्ट लैंड है और इसलिए उस पर कंस्ट्रक्शन के लिए इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।

## देहरादून में वॉर मेमोरियल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा शख्स, सीजेआई ने लगाई फटकार

### पिटीशनर पर कितनी कॉस्ट लगाई जानी चाहिए?



पिटीशनर की तरफ से पेश वकील ने दावा किया कि वहां वॉर मेमोरियल भी ठीक से नहीं बनाया जा रहा है। बेंच ने कहा कि ये सभी शरारत से बनाई गई रिट पिटीशन हैं और वकील से पूछा कि पिटीशनर पर कितनी कॉस्ट लगाई जानी चाहिए? पीठ ने कहा कि वह 1 लाख रुपए के जुर्माने के साथ पिटीशन खारिज कर देगी। इसके बाद पिटीशनर की ओर से पेश वकील ने पिटीशन वापस लेने की इजाजत मांगी, जिसे बेंच ने मान लिया। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा और मामले को एक महीने बाद के लिए सूचीबद्ध किया। कोर्ट ने आदेश दिया कि नोटिस जारी करें।

### शो कॉज नोटिस जारी करेंगे

याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट को इस पिटीशन को बहुत ज्यादा कॉस्ट लगाकर खारिज कर देना चाहिए था। सीजेआई ने कहा कि हम उसे (पिटीशनर) शो कॉज नोटिस जारी करेंगे। उसे आकर बताने दें और हम इस बात की जांच करेंगे कि वह किसके कहने पर यह पिटीशन फाइल कर रहा है।

**डीजीपी की नियुक्ति मामले में सीजेआई भड़के**

## पश्चिम बंगाल सरकार डीजीपी को राज्यसभा भेजने में व्यस्त लग रही



पश्चिम बंगाल में डीजीपी की नियुक्ति से जुड़े मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश (सूर्यकांत ने बड़ी टिप्पणी की है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि 'पश्चिम बंगाल सरकार राज्यसभा में डीजीपी को भेजने में ज्यादा व्यस्त है। दरअसल, पश्चिम बंगाल के पूर्व डीजीपी राजीव कुमार टीएमसी के सदस्य के रूप में राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 5 फरवरी, 2026 को कहा था कि राज्य दो साल के तय समय वाले रेगुलर पुलिस डायरेक्टर-जनरल के अपॉइंटमेंट से बच रहे हैं और इसके बजाए अपनी पसंद के एक्टिंग पुलिस चीफ चुन रहे हैं, जो 20 साल पुराने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन है। कोर्ट ने 2006 में प्रकाश सिंह केस में एक फैसले में यह साफ कर दिया था कि डीजीपी के ऑफिस को पॉलिटिकल या दूसरे बाहरी दबावों से अलग रखा जाना चाहिए और सरकारों को पॉलिटिक्स और लॉ एनफोर्समेंट को मिलाने के खिलाफ चेतावनी दी थी।

**सांसद पर सीजेआई ने ली चुटकी**

### ओह... तो अब आप वर्चुअली पेश होने लगीं?



*सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के सामने गुरुवार को सीनियर एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी वर्चुअली पेश हुईं, तो यह देखकर सीजेआई मुस्कुरा उठे। उन्होंने इस पर चुटकी लेते हुए कहा कि ओह तो अब आप वर्चुअली पेश होने लगी हैं। आप तो हमेशा हमारी मदद के लिए यहां फिजिकली मौजूद रहती थीं। इस पर सीनियर एडवोकेट गुरुस्वामी ने कहा, नहीं मीलॉर्ड... सिर्फ इस बार के लिए। मैं दिल से माफी मांगती हूं। इस पर सीजेआई ने मुस्कुराते हुए कहा कि नहीं-नहीं। यह ठीक है। सीजेआई के अलावा जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली भी मौजूद थे।*

## खबर संक्षेप

### प्लांट में प्रबंधक और उप प्रबंधक की हत्या

**बदायूं।** यहां हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट के प्रबंधक और उप प्रबंधक की हत्या कर दी गई। हमलावर ने गुरुवार दोपहर प्लांट में घुसकर वारदात को अंजाम दिया।



प्लांट के प्रबंधक सुधीर गुप्ता और उप प्रबंधक हर्षित मिश्रा पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं।बताया जा रहा है कि 2-3गोलियां दोनों को मारी गई हैं।

### कोर्ट ने सावरकर टिप्पणी केस में राहुल को दी राहत

**नासिक।** कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी के खिलाफ सावरकर पर 2022 में की गई टिप्पणी को लेकर दर्ज मानहानि मामले को नासिक की एक आपराधिक अदालत ने बंद कर दिया है। यह टिप्पणी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हुई थी।केस देवेंद्र भूटाडा, नासिक स्थित निर्भया फाउंडेशन के अध्यक्ष ने दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था टिप्पणियां अपमानजनक थीं।



### रवि ने ली बंगाल के राज्यपाल पद की शपथ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नए राज्यपाल आरएन रवि ने गुरुवार को कोलकाता स्थित लोकभवन में 22वें राज्यपाल के रुप मं पद और गोपनीयता की शपथ ली। उन्हें सॉजय पॉल ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में राज्य की सीएण ममता बनर्जी सहित कई वरिष्ठ नेता और अधिकारी मौजूद रहे। यहां के लोकभवन में समारोह सुबह करीब साढ़े 11 बजे शुरू हुआ।



### मुझे सिर तन से जुदा करने की धमकी दी जा रही

**मुंबई।** निर्देशक और स्क्रिप्ट राइटर सनोज मिश्रा का दावा है कि उन्हें सिर तन से जुदा करने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह बात कही है। मिश्रा ने ही प्रयागराज महाकुंभ से खूबसूरत आंखों के कारण चर्चा में आईं मेला विक्रेता मोनालिसा को एक्टिंग डेब्यू कराया। मोनालिसा ने एक मुस्लिम युवक से शादी रचाई है।



### योग दिवस की तैयारियां शुरू, आयोजन आज

**नई दिल्ली।** मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान 13 मार्च को विज्ञान भवन में योग महोत्सव-2026 का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के लिए 100 दिन शेष रहने की शुरुआत का प्रतीक होगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा।आयुष मंत्रालय ने विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर 100 दिन शेष अभियान की शुरुआत की है।



**राष्ट्रपति ने कृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं की भूमिका पर वैश्विक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शिरकत की**

# कृषि क्षेत्र में महिलाओं को नीति निर्माण, निर्णय प्रकिया, नेतृत्व में ज्यादा भूमिका मिलनी चाहिए

### कृषि संबंधी कार्यों में महिलाओं की भूमिका को अहम बताया






हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को नई दिल्ली में कृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं की भूमिका पर वैश्विक सम्मेलन (जीसीडब्ल्यूएएस-2026) के उद्घाटन सत्र में शिरकत की और सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि बुवाई, कटाई, प्रसंस्करण और फसलों को बाजार तक पहुंचाने सहित कृषि संबंधी सभी गतिविधियों में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, पशुपालन, वन उत्पादों के समुचित इस्तेमाल और कृषि आधारित उद्यमों के संचालन सहित कई क्षेत्रों में अथक परिश्रम करती हैं। कृषि अर्थव्यवस्था में महिलाओं का अमूल्य योगदान है।

**उन्होंने महिलाओं को बताया अति परिश्रमी**

राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य के कृषि विश्वविद्यालयों में कुल छात्रों में 50 प्रतिशत से अधिक लड़कियां हैं और कई विश्वविद्यालयों में यह संख्या 60 प्रतिशत से अधिक है। ये लड़कियां शैक्षणिक दृष्टि से भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सरकार, समाज और कृषि क्षेत्र के सभी हितधारकों का यह दायित्व है कि वे इन होनहार लड़कियों को कृषि तथा अनाज उत्पादन के क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने के लिए हर संभव सहायता और प्रोत्साहन दें। उन्होंने कहा कि नेतृत्व मातृत्व का अंतर्निहित गुण है। हालांकि, मातृत्व को अक्सर घर की चारदीवारी तक ही सीमित माना जाता है। हमें इस मानसिकता को दूर करना होगा और महिला किसानों को नेतृत्व प्रदान करने के लिए सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2026 को 'अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष' घोषित किया है। इस घोषणा में कृषि-खाद्य मूल्य श्रृंखलाओं में महिला-पुरुष आधारित असमानताओं को दूर करने और महिलाओं के लिए नेतृत्व की भूमिकाओं को बढ़ावा देने सामूहिक कार्रवाई का आह्वान किया गया है।

राष्ट्रपति ने कहा, महिला किसानों को भूमि के औपचारिक स्वामित्व, तकनीकी ज्ञान, वित्तीय संसाधन और अन्य सहायता प्रणालियों से संबंधित मामलों में मदद मिलनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि पिछले एक दशक में भारत ने कृषि क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि महिला नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों को बढ़ावा देने वाली पहलों ने कृषि में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### देश के अन्न भंडार भरने में महिलाओं की भूमिका उल्लेखनीयः चौहान

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए भारत में अभूतपूर्व कार्य हो रहा है। देश के अन्न भंडार भरने में महिलाओं की भूमिका उल्लेखनीय है। श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और कृषि कार्य में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए जा रहे सराहनीय कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि आज देश में 10 करोड़ बहनों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया है। 3 करोड़ लखपति दीदी का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है और अब तीन करोड़ अतिरिक्त लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के पूर्ण होते ही लखपति दीदीयों की संख्या 6 करोड़ हो जाएगी। शिवराज सिंह ने कहा कि आज देश में महिलाएं ड्रोन दीदी, बैंक दीदी बनकर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। अपने संबोधन के अंत में केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि नारी नारायणी हैं। इनके बिना न खेती का काम चलेगा न देश का काम चलेगा।

**भाजपा सांसद भीम सिंह ने राज्य सभा में यह मामला उठाया**

## राष्ट्रीय दिव्यांगजन आयोग का हो गठन, राज्यसभा में जोरशोर से उठा मुद्दा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में दिव्यांगजनों के लिए राष्ट्रीय दिव्यांगजन आयोग बनाने की मांग उठी। विशेष उल्लेख के तहत भाजपा के भीम सिंह ने मामला उठाते हुए कहा कि समाजिक कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत अभी मुख्य आयुक्त के साथ दो उपायुक्तों को दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए लगाया गया, लेकिन ये नाकाफी है। भीम सिंह ने कहा कि इसके लिए एक पूर्ण आयोग बनाया जाना समय की मांग है। बाद में ऐसे आयोगों को स्थापना विभिन्न राज्यों में भी हो। सभी राज्य मिलकर समन्वय के साथ दिव्यांगजनों के लिए योजनाओं को लागू करने, उन्हें राहत पहुंचाने का काम करें तभी दिव्यांगजनों के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिशन पूरा हो सकेगा। भाजपा की धर्मशिला गुप्ता ने दक्षिण बिहार में अभी से सूखा पड़ने और उसकी तैयारी के लिए सरकार को खबरदार किया। उन्होंने कहा समय से पहले जिस तरह से प्रचंड गर्मी शुरू हो गई उससे दक्षिण बिहार के पठारी इलाकों में किसानों को लेकर केंद्र को चिंता करनी चाहिए। बीआरएस के सुरेश रेड्डी ने खेती में खतरनाक पेस्टीसाइड्स के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।

### रामगोपाल ने उठाया पारा मिलिट्री के वेतन

सपा संसदीय दल के नेता रामगोपाल यादव ने पारा मिलिट्री फोर्सेज के वेतन और प्रोन्नति की विसंगतियों को दूर करने का मांग उठाते हुए आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा, इस संबंध में केंद्र सरकार लंबे समय से ढुलमुल रवैया अख्तियार कर रही है। सुप्रीम कोर्ट के साफ निर्देश के बाद भी आदेश लागू नहीं किया का रहा है। उन्होंने राज्यसभा में कहा कि केंद्र सरकार विपरीत परिस्थितियों में भी सुरक्षा का काम कर रहे पारा मिलिट्री के जवानों को उचित लाभ देने के बजाए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को संसद के मार्फत पलटने की तैयारी कर रही है जो कतई उचित नहीं।

**चीन और रूस ने बनाई परिषद के इस प्रस्ताव से दूरी**

## ईरान के जीसीसी देशों पर हमलों की निंदा से जुड़े यूएनएससी के प्रस्ताव को भारत ने दिया समर्थन

**प्रस्ताव में ईरान से खाड़ी देशों पर तुरंत हमले रोकने की मांग की गई है**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया में जारी युद्ध के तनावपूर्ण हालात में भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में ईरान के खिलाफ लाए गए एक हालिया प्रस्ताव में सह-प्रायोजक की भूमिका निभाई है। जिसका लब्बोलुआब यही है कि इसमें ईरान से खाड़ी सहयोग परिषद यानी जीसीसी देशों (जॉर्डन भी शामिल है) पर किए जा रहे गंभीर हमलों की न केवल निंदा की गई है। बल्कि हमलों को तुरंत रोकने की मांग भी की गई है। प्रस्ताव में उन तमाम बातों की आलोचना भी शामिल है। जिसमें ईरान द्वारा उसके समुद्री क्षेत्र यानी होर्मुज की खाड़ी को बंद करने को लेकर दी जा रही धमकी का मामला मुख्य है। वर्तमान में सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता अमेरिका कर रहा है।

### रूस, चीन ने मतदान से बनाई दूरी

कुल 15 स्थायी सदस्यों वाली यूएनएससी में बीते बुधवार को इस प्रस्ताव को पारित किया गया था। जिसके पक्ष में 13 वोट पड़े। जबकि इसके विरोध में कोई देश खड़ा नहीं हुआ। वहीं, परिषद के दो स्थायी देशों जैसे चीन और रूस ने इस प्रस्ताव से दूरी बनाई और मतदान में भी भाग नहीं लिया है। यहां बता दें कि यूएनएससी में इस प्रस्ताव को बहरीन लेकर आया था। जिसे कुल 135 देशों ने अपना समर्थन प्रदान किया। हमलों की निंदा के साथ प्रस्ताव में ये भी साफ किया गया कि ईरान के उक्त कदम अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन हैं। इसके साथ ही शांति और सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा हैं।

**युद्ध के बीच कांग्रेस के दो नेता आपस में भिड़े, थरूर बोले**

## विचार भले अलग हों, लेकिन भारत के हितों को देखना 'मोरल सरेंडर' नहीं होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





ईरान जंग के बीच एक ओर जहां कांग्रेस सरकार की विदेश नीति पर सवाल खड़े कर रही है तो इसी मसले पर पार्टी के दो नेता आमने-सामने हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर को कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने तगड़ा जवाब दिया है। हालांकि कांग्रेस के कुछ नेताओं की ओर से कुछ समय पहले ही कहा गया कि अय्यर अब पार्टी का हिस्सा नहीं है। इस बीच लगातार उनकी ओर से पार्टी के नेताओं पर उनका हमला जारी है। अय्यर ने थरूर पर खुला पत्र लिखा था।

### किसी की नीयत या देशभक्ति पर सवाल उठाना ठीक नहीं

*थरूर ने अय्यर को संबोधित पोस्ट में लिखा है कि लोकतंत्र की खूबी यही है कि लोग अलग-अलग राय रख सकते हैं। असहमति होना गलत नहीं है। लेकिन सिर्फ इसलिए कि कोई विदेश नीति को थोड़ा अलग तरीके से देखता है, उसकी नीयत या देशभक्ति पर सवाल उठाना ठीक नहीं है।*

### दुनिया में भारत की इज्जत सबसे ऊपर रखी

*थरूर ने लिखा कि मैंने हमेशा अंतरराष्ट्रीय मामलों को भारत के राष्ट्रीय हित के नजरिए से देखा है। मेरे लिए भारत की सुरक्षा, भारत की अर्थव्यवस्था और दुनिया में भारत की इज्जत सबसे ऊपर है। भारत के हितों को रखकर फैसला लेना कोई 'मोरल सरेंडर' नहीं है।*

**आधार अनिवार्य तत्काल टिकट पर सुनवाई**

## जवाब न देने पर हाईकोर्ट सख्त रेलवे बोर्ड को लगाई फटकार

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम



केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को रेलवे बोर्ड को सख्त फटकार लगाई क्योंकि बोर्ड ने कई महीने बीत जाने के बावजूद तत्काल टिकट बुकिंग में आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य है या नहीं इस पर जवाब नहीं दिया। कोर्ट की बेंच के मुख्य न्यायाधीश सौमेन सेन और न्यायमूर्ति श्याम कुमार वीएम ने बोर्ड के अधिवक्ता द्वारा तीन सप्ताह और समय मांगने पर नाराजगी व्यक्त की। कोर्ट ने कहा इतना सरल मुद्दा होने के बावजूद आप इतना समय ले रहे हैं। यदि आप जवाब नहीं दे सकते, तो हम खुद इस मुद्दे का निर्णय कर सकते हैं। कोर्ट ने मामले को 3 सप्ताह के लिए स्थगित किया। यह आदेश एक सार्वजनिक हित याचिका पर आया है, जिसमें केंद्र के उस सर्कुलर को चुनौती दी गई थी, जिसमें तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार आधारित प्रमाणीकरण अनिवार्य करने का प्रावधान था।

**यूपी की बहू बनी मोनालिसा, छह माह में प्यार परवान चढ़ा**

# फरमान से की शादी, बताया यह 'लव जिहाद' नहीं

### महाकुंभ से चर्चा में आई वायरल गर्ल ने केरल में की शादी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाकुंभ से चर्चा में आई वायरल गर्ल मोनालिसा ने अपने बॉयफ्रेंड फरमान खान से शादी कर ली है। यह शादी केरल के एक मंदिर में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुई। मोनालिसा के पति फरमान खान उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं। फरमान के पिता एक साधारण किसान हैं। शादी के बाद यह मामला सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। कुछ लोग इसे मोनालिसा को निजी फैसला बता रहे हैं तो कुछ इस शादी पर सवाल उठा रहे हैं।

### शादी को लेकर उठे सवाल



मोनालिसा की इस शादी को लेकर विवाद भी शुरू हो गया है। उनके परिवार ने इस विवाह पर नाराजगी जताई है। वहीं, मोनालिसा को अभिनय का मौका देने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा ने इसे 'लव जिहाद' तक करार दिया है। विवाद बढ़ने के बाद मोनालिसा ने केरल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी चुप्पी तोड़ी है।

### मोनालिसा बोलीं- शादी हिंदू रीति-रिवाजों से की

*प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोनालिसा ने कहा कि उनकी शादी हिंदू रीति-रिवाजों से हुई है और इसमें किसी तरह का 'लव जिहाद' नहीं है। उन्होंने कहा कि वह सभी धर्मों का सम्मान करती हैं और हर धर्म को बराबर मानती हैं। मोनालिसा ने बताया कि उनके परिवार वाले उनकी शादी बुआ के बेटे से कराना चाहते थे, वह रिश्ते में उनका भाई लगा, ऐसे में उन्हें वह रिश्ता पसंद नहीं था। इसलिए उन्होंने अपनी पसंद से फरमान खान से शादी करने का फैसला लिया।*

### धर्म परिवर्तन नहीं किया

*मोनालिसा के पति फरमान खान ने भी कहा कि दोनों में से किसी ने भी धर्म परिवर्तन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि प्यार में धर्म बदलना जरूरी नहीं होता। फरमान ने यह भी बताया कि उन्होंने शादी को रजिस्टर करा लिया है। मोनालिसा ने अपनी उम्र 18 वर्ष बताते हुए कहा कि वह बालिग हैं और अपनी इच्छा से शादी की है। उन्होंने केरल पुलिस का सहयोग करने के लिए आभार भी जताया। उन्होंने बताया कि उनके पिता भी केरल पहुंचे लेकिन वह शादी में शामिल नहीं हुए हैं।*

# ईरान पर हमले और स्ट्रेट हॉफ होर्मुज में माइंस बिछाने की खबरों से दहशत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में 12 मार्च को भारी उतार-चढ़ाव के बीच तेज गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। आज सेंसेक्स 829 अंक की गिरावट के साथ 76,034.42 अंकों के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 227 अंक फिसलकर 23,639.15 अंकों के स्तर पर बंद हुआ है।

मिडकैप शेयरों में भी पूरे दिन उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। निफ्टी मिडकैप 50 मार्केट बंद होने तक 69 अंक की गिरावट के साथ 15,922.20 अंक पर बंद हुआ। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के कारण निवेशकों का भरोसा कमजोर पड़ा। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक इस गिरावट के पीछे चार बड़े कारण रहे।

## शेयर बाजार में निवेशकों की बढ़ी चिंता, सेंसेक्स 829 अंक लुढ़का, निफ्टी 23,639 पर बंद

### इंडिया वीआईएक्स में तेज उछाल

बाजार में घबराहट का संकेत देने वाला वोलैटिलिटी इंडेक्स इंडिया वीआईएक्स 8% से ज्यादा उछलकर 20.5 के स्तर पर पहुंच गया। यह संकेत देता है कि निकट भविष्य में बाजार में तेज उतार-चढ़ाव की आशंका बढ़ गई है, जिसके चलते निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं।




### ये शेयर रहे टॉप गेनर्स और लूजर्स

टॉप गेनर्स में आज जेएसडब्ल्यू एनर्जी, एसआरएफ और कोल इंडिया ने क्रमशः 6.21 फीसदी, 5.53 फीसदी और 5.23 फीसदी की बढ़त के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। बीएचईएल और टोरेंट पावर के शेयरों में भी क्रमशः 4.73 फीसदी और 4.66 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई। पिरामल फार्मा, इंडसलैंड बैंक, अंबर एंटरप्राइज, टीवीएस मोटर और वरुण बेवरेजेज टेक क्रमशः 6.36 फीसदी, 5.22 फीसदी, 5.18 फीसदी, 4.95 फीसदी और 4.68 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहे। इनके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, बजाज फाइनेंसर, भारती एयरटेल, टाटा कन्ज्यूमर प्रोडक्ट्स के शेयरों भी भारी गिरावट दर्ज की गई।

### मिडिल ईस्ट तनाव से अनिश्चितता

मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष को लेकर आ रहे विरोधाभासी संकेतों ने बाजार में अनिश्चितता बढ़ा दी है। एक ओर डोनल्ड ट्रंप ने युद्ध जल्द खत्म होने के संकेत दिए, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई और अमेरिकी बाजारों में तेजी दिखी। लेकिन दूसरी ओर ईरान ने संकेत दिया कि संघर्ष जारी रह सकता है। यूनाइटेड स्टेट और इजरायल की ओर से हमले जारी रहने और स्ट्रेट हॉफ होर्मुज में माइंस बिछाने की खबरों ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी।

## खबर संक्षेप

### एसीएमई ग्रीनटेक ने बिजली आपूर्ति के लिए दो समझौते किए

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी एसीएमई सोलर होल्डिंग्स की इकाई एसीएमई ग्रीनटेक सेवंथ प्राइवेट लिमिटेड ने फर्म एंड डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी पावर प्रोजेक्ट के तहत 450 मेगावाट बिजली की आपूर्ति के लिए एसजेवीएन लिमिटेड के साथ दो बिजली खरीद समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी बयान के अनुसार ये समझौते दो मार्च को 25 वर्ष की अवधि के लिए किए गए। यह निविदा शुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली दिशानिर्देशों के तहत जारी की गई थी।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने 50 करोड़ डॉलर का ऋण जुटाया

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने गिफ्ट सिटी स्थित अपने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र बैंकिंग इकाई के माध्यम से 50 करोड़ डॉलर का पांच साल का ऋण जुटाया है। इस ऋण में एशिया के प्रमुख बाजारों के निवेशकों ने भागीदारी की। यह करीब एक वर्ष के अंतराल के बाद वैश्विक कर्जदाताओं के समूह के ऋण बाजार में बैंक की वापसी को दर्शाता है। इस तरह का ऋण एक ऐसी वित्तीय व्यवस्था है जिसमें ऋणदाताओं का एक समूह (जिसे सिंडिकेट कहा जाता है) मिलकर एक ही उधारकर्ता को बड़ी राशि का ऋण प्रदान करता है।

### अक्जोनोबेल का नाम हुआ 'जेएसडब्ल्यू डुलेक्स'

**नई दिल्ली।** पेंट और कोटिंग बनाने वाली कंपनी अक्ज़ोनोबेल इंडिया का नाम बदलकर अब 'जेएसडब्ल्यू डुलक्स' हो गया है। कंपनी को कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय से इसके लिए आवश्यक मंजूरी मिल गई है। जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने 10 दिसंबर, 2025 को एक शेयर खरीद समझौते के तहत अक्ज़ोनोबेल इंडिया में 60.76 प्रतिशत की बहुलांश हिस्सेदारी हासिल की थी।

## तेल बाजार में अचानक हलचल, आईईए ने लिया फैसला, ईरान ने दी कीमत बढ़ाने की चेतावनी

# आईईए के 32 देशों ने किया 400 मिलियन बैरल तेल बाजार में उतारने का ऐलान

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन।

ईरान युद्ध के कारण पूरी दुनिया में बढ़ी पेट्रोल की कीमतों को कम करने के लिए इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के 32 सदस्य देशों ने बड़ा फैसला लेते हुए 400 मिलियन बैरल तेल बाजार में उतारने का ऐलान किया है। यह आईईए के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा ऑयल रिलीज माना जा रहा है।

आईईए के फैसले से कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आने की उम्मीद है। फिलहाल सदस्य देशों के पास करीब 1.2 अरब बैरल कच्चे तेल का रणनीतिक भंडार मौजूद है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनका प्रशासन ईरान युद्ध के कारण बढ़ी पेट्रोल की कीमतों को कम करने के लिए अमेरिका के 'स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व' का इस्तेमाल करेगा। सिनसिनाटी में एक स्थानीय चैनल को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा, "हम ऐसा करेंगे और फिर बाद में इसे फिर से भर देंगे। अभी हम इसे थोड़ा कम करेंगे और इससे कीमतें नीचे आएंगी। गौरतलब है कि 'स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व' कच्चे तेल का वह आपातकालीन भंडार है, जिसे अमेरिकी सरकार किसी बड़े भू-राजनीतिक संकट, युद्ध या आपूर्ति रुकने की स्थिति में इस्तेमाल के लिए भूमिगत गुफाओं में जमा करती है।




### तेल कीमतों पर पड़ सकता है असर

विशेषज्ञों के मुताबिक अगर यह तेल जल्द बाजार में उतारा गया तो कच्चे तेल की कीमतों में राहत मिल सकती है। हाल ही में कच्चे तेल का भाव 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था। फिलहाल वैश्विक स्तर पर करीब 20 मिलियन बैरल प्रतिदिन सप्लाई बाधित होने का अनुमान है, जबकि आईईए के सदस्य देश एक महीने में लगभग 100 मिलियन बैरल तेल बाजार में उतारने की योजना बना रहे हैं। इसके तहत रोजाना करीब 3.3 मिलियन बैरल तेल जारी किया जा सकता है।

**बैठक में सर्वसम्मति से पास हुआ प्रस्ताव :** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सभी 32 देशों ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव का समर्थन किया। अगर एक भी देश वीटो कर देता तो यह प्रस्ताव पारित नहीं हो पाता। आईईए का मुख्यालय पेरिस में स्थित है और यह वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर रखने के लिए सदस्य देशों के साथ मिलकर रणनीतिक फैसले लेती है।

**अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी :** इस बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड करीब 4.58% बढ़कर 91.82 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड लगभग 4.73% की तेजी के साथ 87.40 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है।

### ईरान बोला- 200 डॉलर प्रति बैरल के लिए तैयार रहें

एक ओर जहां तेल की बढ़ती कीमतों को काबू में रखने के लिए आईईए ने बड़ा कदम सुझाया है वहीं मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच ईरान ने वैश्विक तेल बाजार को लेकर बड़ी चेतावनी दी है। ईरान के सैन्य कमान के प्रवक्ता इब्राहिम जोलफाखरी का कहना है कि मौजूदा हालात जारी रहे तो दुनिया को 200 डॉलर प्रति बैरल तक तेल की कीमतों के लिए तैयार रहना पड़ सकता है। इस बयान से अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में चिंता और बढ़ गई है। ईरान ने कहा कि तेल की कीमतें क्षेत्रीय सुरक्षा पर निर्भर करती हैं और मौजूदा हालात बेहद अस्थिर हैं।


### आईईए का रिकॉर्ड रिलीज

*इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी ने भी बड़ा फैसला लिया है। इसके 32 सदस्य देशों ने मिलकर रिकॉर्ड 400 मिलियन बैरल तेल अपने इमरजेंसी रिजर्व से बाजार में उतारने का ऐलान किया है। यह अब तक का सबसे बड़ा समन्वित रिलीज है। अमेरिका इसमें सबसे बड़ा हिस्सा 172 मिलियन बैरल निकालेगा, जबकि जापान और यूरोपीय देश भी अपने रिजर्व से तेल निकालेंगे। इससे पहले वर्ष 2022 में रूस–यूक्रेन के दौरान आईईए ने लगभग 182 मिलियन बैरल तेल जारी किया था।*

## गोल्ड में आएगा बड़ा उछाल!

# एक्सपर्ट बोले- 3 लाख रुपये तक जा सकता है भाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कुछ साल पहले तक 10 ग्राम सोने का भाव 3 लाख रुपए तक पहुंचने की बात कल्पना जैसी लगती थी लेकिन अब कई वैश्विक मार्केट एक्सपर्ट मानते हैं कि बदलती आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों के कारण आने वाले वर्षों में सोने की कीमतें नई ऊंचाइयों तक जा सकती हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 10,000 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचती है, तो भारत में 10 ग्राम सोने का भाव करीब 2.7 लाख से 3.1 लाख रुपए के बीच हो सकता है। सोने की कीमतों में संभावित इस तेजी के पीछे कई बड़े वैश्विक कारण बताए जा रहे हैं, जिनमें बढ़ता वैश्विक कर्ज, भू-राजनीतिक तनाव और डॉलर पर घटता भरोसा शामिल है।

### कुछ वर्षों में सोने की कीमतों में मजबूती

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले कुछ वर्षों में सोने की कीमतों में मजबूती देखी जा सकती है। कुछ विश्लेषकों का अनुमान है कि अगर मौजूदा रुझान जारी रहा तो 2029 तक सोना 10,000 डॉलर प्रति औंस के स्तर तक पहुंच सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि सोना कब 10,000 डॉलर तक पहुंचेगा लेकिन वैश्विक आर्थिक बदलाव यह संकेत जरूर दे रहे हैं कि लंबे समय में सोने की कीमतों में मजबूत तेजी की संभावना बनी हुई है।

## वायदा बाजार में चांदी 2.73 लाख रुपये प्रति किलो के पार



**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच बृहस्पतिवार को वायदा कारोबार में चांदी की कीमत 1.77 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,73,240 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मई में आपूर्ति वाले चांदी के अनुबंध का भाव 4,749 रुपये या 1.77 प्रतिशत चढ़कर 2,73,240 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। इसमें 5,924 लॉट का कारोबार हुआ। बाजार सहभागियों द्वारा नए सौदे किए जाने से चांदी की कीमतों में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई। वैश्विक बाजार में भी चांदी की कीमतों में तेजी रही। कॉमेक्स पर चांदी का वायदा भाव 0.79 डॉलर या 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 89.53 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## अब हर जीबी डेटा के लिए जेब होगी ढीली, सरकार नया टैक्स लाने की तैयारी में...!

**नई दिल्ली।** भारत में अब सस्ता इंटरनेट बीते जमाने की बात हो सकती है। केंद्र सरकार भविष्य में इंटरनेट डेटा के इस्तेमाल पर नया टैक्स लगाने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई हालिया बैठक में इस अहम प्रस्ताव पर चर्चा हुई है। यदि यह योजना लागू होती है, तो मोबाइल और ब्रॉडबैंड यूजर्स को हर जीबी डेटा की खपत पर अतिरिक्त शुल्क चुकाना पड़ सकता है। इस फैसले का सीधा असर आपके मासिक रिचार्ज और डेटा प्लान्स की कीमतों पर पड़ेगा। भारत वर्तमान में दुनिया के उन देशों में शामिल है जहाँ डेटा की कीमतें सबसे कम हैं। कम कीमतों की वजह से देश में डेटा की खपत और औसत स्क्रीन टाइम बहुत बढ़ गया है। सरकार का मुख्य उद्देश्य इस डेटा के उपयोग को अधिक सार्थक और रचनात्मक बनाना है। डेटा पर टैक्स लगाकर सरकार लोगों के अनावश्यक स्क्रीन टाइम को कम करना चाहती है।

ऊपर वाले से मिला वरदान मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फोन करें।
गुरू कबीर जी रजि.
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसे:- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पाँच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
9711428545
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## खालसा कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाए गए खेल दिवस एवं एनसीसी वार्षिकोत्सव



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज में गुरुवार को वार्षिक खेल दिवस एवं एनसीसी के वार्षिक उत्सव "विजयंत 2026" का संयुक्त आयोजन किया गया। त्यागाज स्टेडियम में आयोजित इन कार्यक्रमों को लेकर कॉलेज के छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स में काफी उत्साह देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि कॉलेज के खेल विभाग और एनसीसी विंग 'विजयंत' द्वारा हर वर्ष खेल दिवस और एनसीसी वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाता है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह ने छात्रों को बधाई व शुभकामनाओं सहित मशाल जला कर खेल दिवस के कार्यक्रम की शुरूआत की औपचारिक घोषणा की। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज की 35 से अधिक सोसाइटीज के छात्रों ने 'मार्च पास्ट' करके की। इसके पश्चात कॉलेज की भाँगड़ा, गिद्धा व सिख आर्ट टीम गतका ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। एनसीसी के उत्सव में शहीद कैप्टेन विजयंत थापर के माता-पिता तृप्ता थापर और रिटायर्ड कर्नल वी.एन. थापर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इन दोनों उत्सवों में दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के छात्र- छात्राओं ने भाग लिया।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर के दो दिवसीय एडीजी/डीडीजी सम्मेलन का नई दिल्ली में शुभारंभ हुआ



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के अपर महानिदेशकों (एडीजी) और उप महानिदेशकों (डीडीजी) का दो दिवसीय सम्मेलन 12 मार्च 2026 को नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में प्रारंभ हुआ। सम्मेलन के उद्घाटन दिवस पर रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में रक्षा सचिव ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) को रूपांतरित करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने देशभर में संचालित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों और जनहितकारी पहलों में एनसीसी के महत्वपूर्ण योगदान की भी सराहना की। रक्षा सचिव ने सभी राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेशालयों के एडीजी और डीडीजी के साथ बातचीत के दौरान केंद्र सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों के अनुरूप समन्वित प्रयासों का आह्वान किया।

## आयुर्वेदिक अनुसंधान को मिली एक नवीन दिशा



**पंतजलि में अत्याधुनिक ज़ेब्राफ़िश और ड्रोसोफिला अनुसंधान प्रयोगशाला का उद्घाटन**

**हरिद्वार।** भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय के उद्देश्य से कार्यरत पतंजलि अनुसंधान संस्थान द्वारा आज एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि प्राप्त करते हुए अत्याधुनिक ज़ेब्राफ़िश और ड्रोसोफिला अनुसंधान प्रयोगशाला का औपचारिक उद्घाटन, संस्थान के मार्गदर्शक, धन्वन्तरि स्वरुप, आयुर्वेद को विश्व पटल पर स्थापित करने वाले प्रतिष्ठित वैज्ञानिक आचार्य बालकृष्ण द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस उपलब्धि को और भी विशेष बना दिया। यह ज़ेब्राफ़िश और ड्रोसोफिला प्रयोगशाला आधुनिक जैव-चिकित्सीय अनुसंधान के क्षेत्र मंप एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जोकि औषधीय पौधों और आयुर्वेदिक औषधियों के वैज्ञानिक मूल्यांकन को नई दिशा प्रदान करेगी। मनुष्यों से आनुवंशिक समानता के कारण ज़ेब्राफ़िश और ड्रोसोफिला जैव चिकित्सा अनुसंधान में एक शक्तिशाली मॉडल जीव के रूप में उभरी हैं। ज़ेब्राफ़िश की प्रारंभिक विकास के चरण में पारदर्शी संरचना और तीव्र प्रजनन क्षमता और ड्रोसोफिला मक्खियों के छोटे जीवन चक्र के कारण यह जीव डिसीज़ मेकेनिज्म, टॉक्सिकोलॉजी और दवा खोज अनुसंधान के लिए अत्यंत उपयोगी माने जाते हैं।

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–


| क्र. सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 12255003D | डिजाईन सप्लाई इंस्टालेशन टेस्टिंग ऑफ कमीशनिंग एंड मेंटेनेंस | 41 नग | 30.03.2026 |
| 02 | 09255016 | ए ए आर एप्रूव्ड कार्ट्रिज टेपरड् रोलर बियरिंग क्लास | 300 नग | 06.04.2026 |
| 03 | 77269011 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर डब्लू सी एम एस क्रोस्सिंग्स (टी 9843 एंड टी 9792) | 2000 सेट | 06.04.2026 |
| 04 | 07265018 | सप्लाई इंस्टालेसन टेस्टिंग एंड कोम्मिस्सिनिंग ऑफ आई ओ टी बेस्ड वाटर | 4100 सी सेट | 13.04.2026 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 93/2025.2026 दिनांक : 11.03.2026 835/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 6163



**बाएँ से दाएँ**


1.नेमत,वर,ईष्टकृपा –4
3.उद्देश्य,ध्येय–4
8.सयाना,चतुर–4,3
10.मनुष्य–3
11.मोल,दाम–3
13.बैठने का स्थान–3
15.दौड़ना (अंग्रेजी–2)
17.पराजित–2
18.वध,कत्ल–2
19.काव्यकार,शायर–2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि–3
25.आक्रमण,प्रहार–3
26.पालतू जानवर–3
27.ईश्वर,भगवान–7
30.ईश्वरीय कृपा–4
31.भयभीत होना, डरना–4

**ऊपर से नीचे**

2.असुर,दैत्य–3
4.गागर,घड़ा–3
5.मन की करना–4
6.प्रार्थना,ईश वंदना–4
7.चरित्र,ईमान–3
8.कार्यविधि–3
9.रेखा,लाईन–3
12.माला का मोती–3
13.राहत,विश्राम–3
14.कैनाल,उपनदी–3
16.नगद राशि–3
20.रुदन –3
22.पक्षियों का शोर–4
23.मध्यांग, कटि–3
24.12 राशियों का समूह–4
25.महल,बड़ा भवन–3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ–3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे–3

### शब्द पहेली- 6162 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | ■ | म | त | वा | ला |
| ह | य | ■ | त | ■ | का | म | ना | ■ | दा | वा |
| न | ■ | बे | र | ह | म | ■ | ना | य | ■ | रि |
| शी | ल | वा | न | ■ | या | द | ■ | नी | र | स |
| ल | ■ | प | ■ | ख | ब | र | ची | ■ | न | ■ |
| ता | र | न | हा | र | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | म | ■ | र | ह | ब | र | ■ | यं | ■ | प |
| प्र | ण | य | ■ | रा | हु | ■ | ब | क | वा | स |
| ति | ■ | दा | स | ■ | बे | क | रा | र | ■ | न्द |
| का | न | ■ | चि | रा | ग | ■ | म | ■ | क | हो |
| र | म | जा | न | ■ | म | द | द | क | र | ना |



# रियाल की मैनचेस्टर पर आसान जीत, पीएसजी ने चेल्सी को हराया

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

फेडेरिको वाल्वरडे की शानदार हैट्रिक की मदद से रियाल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट की दो दिग्गज टीमों के बीच खेले गए अंतिम 16 के पहले चरण के मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वाल्वरडे ने बर्नबेउ में खेले गए मैच के पहले हाफ में 20वें, 27वें और 42वें मिनट में गोल किए। उरुग्वे के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने चोटिल होने के कारण नहीं खेल पाने वाले किलियन एमबाप्पे, जूड बेलिंगहैम और रोड्रिगो की अनुपस्थिति में रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियाल मैड्रिड की जिम्मेदारी बखूबी संभाली।



### हमें कभी चुका हुआ मत समझना : कोच अल्वारो

रियाल मैड्रिड के कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने ब्रॉडकास्टर मोविस्टार से कहा, ''हम रियाल मैड्रिड हैं। हमें कभी चुका हुआ समझने की गलती नहीं करें।'' यह जीत और भी शानदार हो सकती थी, लेकिन विनीसियस जूनियर दूसरे हाफ में पेनल्टी को गोल में नहीं बदल पाए। उनके शॉट को जियानलुइगी डोनारुम्मा ने बचा लिया। मैनचेस्टर सिटी को अगर अब क्वार्टर फाइनल में पहुंचना है तो उसे दूसरे चरण के मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

# आईपीएल-2026 : चुनाव की तारीखों के बाद जारी होगा दूसरे चरण का शेड्यूल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने स्पष्ट किया है कि इंडियन प्रीमियर लीग 2026 तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित होगा। लीग के पहले चरण का कार्यक्रम 28 मार्च से 12 अप्रैल तक रखा गया है, जिसकी घोषणा बुधवार को की गई। बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद शेष कार्यक्रम सार्वजनिक किया जाएगा।

### चुनावों से किसी भी तरह न हो व्यवधान : राजीव शुक्ला



मीडिया से बातचीत में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, आईपीएल तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित होगा। पहले चरण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है और बाकी मुकाबलों का कार्यक्रम चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद जारी किया जाएगा। बीसीसीआई पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनावों से किसी भी तरह के टकराव से बचना चाहता है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव भी प्रतियोगिता के कार्यक्रम को प्रभावित कर सकता है। ज्ञात हो कि आईपीएल 2026 का पहला चरण 28 मार्च, 2026 से 12 अप्रैल, 2026 तक खेला जाएगा। इस दौरान 3 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद टूर्नामेंट का पूरा शेड्यूल घोषित किया जाएगा। पहले चरण के कुल 20 मैच बेंगलुरु, मुंबई, गुवाहाटी, न्यू चंडीगढ़, लखनऊ, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, अहमदाबाद और हैदराबाद में खेले जाने हैं। दोपहर के मैच 03:30 बजे से और शाम के मैच 07:30 बजे से शुरू होंगे।

### पहले चरण में 4 डबल-हेडर मुकाबले

घोषित कार्यक्रम के अनुसार लीग के पहले चरण में कुल 20 मुकाबले होंगे। इस दौरान 4 और 5 अप्रैल तथा 11 और 12 अप्रैल को 2-2 मुकाबले होंगे। पहले चरण में सभी 10 टीमों को 4-4 मुकाबले दिए गए हैं। राजस्थान रॉयल्स अपने 3 घरेलू मुकाबले गुवाहाटी में खेलेगी, जबकि 4 मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 2 मुकाबले रायपुर में होंगे और पंजाब किंग्स के 3 मैच धर्मशाला में होंगे।

## खबर संक्षेप



### श्रीलंका-अफगानिस्तान के बीच सीरीज कल से

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज की घोषणा की है। इस सीरीज में शुक्रवार 13 मार्च से 3 मैचों की टी-20 सीरीज और 20 मार्च से 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। ये दोनों सीरीज यूएई में खेली जाएंगी। बता दें कि 2024 के बाद ये दोनों टीमें द्विपक्षीय सीरीज में आपस में भिड़ने के लिए तैयार हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीईओ नसीब खान ने पहली बार श्रीलंका की मेजबानी को लेकर खुशी जताई। उन्होंने कहा, हम अपने इतिहास में पहली बार श्रीलंका की मेजबानी के लिए उत्सुक हैं। शुक्रवार 13 मार्च से शारजाह में पहला टी-20 मैच खेला जाएगा। इसके बाद 15 और 17 मार्च को टी-20 मुकाबले खेले जाएंगे। ये तीनों मुकाबले शारजाह में होंगे। इसके बाद 20 मार्च को होने वाले पहले मैच के साथ वनडे सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद 22 मार्च और 25 मार्च को क्रमशः दूसरा और तीसरा वनडे खेला जाएगा। वनडे सीरीज के मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

### दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना पसंद

**अहमदाबाद।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी20 विश्व कप में खिताब का बचाव करना अपने करियर के सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक करार देते हुए कहा कि उन्हें दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना अच्छा लगता है।



बुमराह ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में चार विकेट लेकर भारत की 96 रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे भारत टी20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने और तीन बार यह ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन गई।

### मिशन ओलंपिक सेल ने शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों को दी वित्तीय मदद



**नई दिल्ली।** मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों युकी भांबरी और सुमित नागल के लिए गुरुवार को लगभग 30 लाख रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की, जबकि इस साल होने वाले एशियाई खेलों और डेविस कप के मुकाबलों की पुख्ता तैयारियों के लिए उदीयमान खिलाड़ी दक्षिणेश्वर सुरेश को टारगेट एशियाई खेल ग्रुप (टीएजी) में शामिल किया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के अंतर्गत आने वाले एमओसी की 169वीं बैठक के दौरान यह मंजूरी दी गई। वर्तमान में युगल में विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज भांबरी को फरवरी और सितंबर 2026 के बीच अभ्यास और प्रतियोगिता कार्यक्रम के लिए 28.89 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

## दोनों टीमों के बीच होगी एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे सीरीज

# भारत और अफगानिस्तान सीरीज में फिर खेलते नजर आएंगे विराट और रोहित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अफगानिस्तान क्रिकेट टीम जून 2026 में भारत दौरे पर आएगी। टीम भारत में 3 मैचों की वनडे सीरीज और एकमात्र टेस्ट खेलेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसका पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है। इस दौरे में कोई टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं होगा। 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए यह वनडे सीरीज दोनों टीमों के लिए काफी अहम मानी जा रही है। विराट कोहली और रोहित शर्मा भी एक बार फिर खेलते हुए नजर आएंगे।

### ऐसा है सीरीज का शेड्यूल

एकमात्र टेस्ट मैच 6 जून को शुरू होगा। ये मुकाबला न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम में सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा। वहीं, पहला वनडे मुकाबला धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 14 जून को दोपह 1:30 बजे से शुरू होगा। दूसरा वनडे लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में 17 जून को होगा। ये मैच भी दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा। सीरीज का आखिरी वनडे मुकाबला चेन्नई में 20 जून को खेला जाएगा। ये मुकाबला भी डे-नाइट (1:30 बजे) का होगा।



### वनडे और टेस्ट में भारतीय टीम का पलड़ा रहा है भारी

अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित-कोहली ने ठोके सबसे ज्यादा रन वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा रन रोहित ने बनाए हैं। उनके बल्ले से 3 मैच की 3 पारियों में 75 की औसत से 150 रन निकले हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 127.11 की रही है। रोहित ने 1 शतक लगाया है और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 131 रन रहा है।कोहली ने 3 मैचों की 2 पारियों में 102.52 की स्ट्राइक रेट और 122 की औसत से 122 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 67 रन रहा है।

### वनडे और टेस्ट में भारतीय टीम का पलड़ा रहा है भारी

भारत और अफगानिस्तान के बीच 4 वनडे खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 3 मुकाबले अपने नाम किए हैं। 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। दोनों टीमों के बीच आखिरी वनडे मुकाबला अक्टूबर 2023 में खेला गया था। उस मैच में भारतीय टीम को 8 विकेट से जीत मिली थी। दोनों टीमों के बीच सिर्फ 1 टेस्ट मैच साल 2018 में खेला गया था। उसे भारतीय टीम ने पारी और 262 रन से जीता था।

### जडेजा, बुमराह, शमी ने लिए सबसे ज्यादा विकेट

रविंद्र जडेजा ने 3 मैच की 3 पारियों में अफगानिस्तान के खिलाफ 16.28 की औसत से 7 विकेट लिए हैं। जसप्रीत बुमराह के नाम 13 की औसत से 6 विकेट है। मोहम्मद शमी के नाम भी 2 पारियों में 6 विकेट है।




### न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज 15 से

ओवल। टी-20 विश्व कप 2026 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम उपविजेता रही थी। भारत के खिलाफ फाइनल में हारकर कीवी टीम खिताब नहीं जीत सकी थी। अब न्यूजीलैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ 15 मार्च से टी-20 सीरीज खेलेगी। प्रोटियाज टीम केशव महाराज की कप्तानी में चुनौती पेश करेगी। टी-20 विश्व कप में कप्तानी करने वाले एडेन मार्करम न्यूजीलैंड सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं हैं। **ऐसी है दक्षिण अफ्रीका की टीम :** दक्षिण अफ्रीका की टीम में कॉनर एस्टरहुइजन, डियान फॉरेस्टर, जॉर्डन हरमन, ईथन बॉश और नकोबानी मोकोएना के रूप में 5 अनकैप्ड खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

## एटीपी मास्टर्स 1000

# भांबरी ने पहली बार बनाई सेमीफाइनल में जगह



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

भारत के युकी भांबरी ने स्वीडन के अपने साथी गोरान गोरानसन के साथ मिलकर सीधे सेटों में जीत दर्ज करके बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

यह पहला अवसर है जबकि भांबरी किसी एटीपी मास्टर्स 1000 टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह दो बार मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल तक पहुंच चुके थे।

### भांबरी-गोरानसन ने इन्हें हराया

भांबरी और गोरानसन ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया के एलेक्जेंडर एरलर और इटली के एंड्रिया वावस्सौरी को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 से हराया। यह मैच एक घंटे 30 मिनट से अधिक समय तक चला। भारत और स्वीडन की जोड़ी ने अपनी पहली सर्विस पर दबदबा बनाए रखा और इस पर 83 प्रतिशत अंक (35 में से 29) जीते। इससे उन्हें दूसरे सेट में टाई-ब्रेक और मैच जीतने में मदद मिली। भांबरी और गोरानसन शुक्रवार को सेमीफाइनल में फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच और मोनाको के वैलेंटीन वाचेरोट से भिड़ेंगे। रिंडरकनेच और वाचेरोट ने क्वार्टरफाइनल में आंद्रे रुबलेव और करेन खाचानोव की रूसी जोड़ी को 6-3 6-4 से हराया।

### द.अफ्रीका और वेस्टइंडीज का खिलाड़ी जत्था स्वदेश रवाना

*दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने गुरुवार को बताया कि टी20 विश्व कप के बाद भारत में फंसे दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का आखिरी जत्था भी स्वदेश रवाना हो गया है, जिससे पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण खाड़ी देशों के हवाई क्षेत्र के बंद होने से पैदा हुई परेशानी खत्म हो गई। खाड़ी क्षेत्र में चल रहे युद्ध के कारण दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम कोलकाता में फंस गई क्योंकि दुबई जैसे प्रमुख हवाई अड्डे और हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया था। वेस्टइंडीज के नौ खिलाड़ी इस सप्ताह की शुरुआत में ही स्वदेश रवाना हो गए थे, जबकि बाकी बचे 16 खिलाड़ियों के लिए वाणिज्यिक उड़ानों की बुकिंग हो चुकी थी।*

## टेनिस टूर्नामेंट

# जैक ड्रेपर ने नोवाक जोकोविच को हराया



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स (अमेरिका)

मौजूदा चैंपियन जैक ड्रेपर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को 4-6, 6-4, 7-6 (5) से हराया। हाथ की चोट के कारण आठ महीने तक बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले 24 वर्षीय ड्रेपर इस जीत से क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं जहां उनका मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। तीसरे सेट में जोकोविच 6-5 से आगे थे, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और ड्रेपर ने वापसी करते हुए मैच को टाईब्रेकर तक पहुंचा दिया। मेदवेदेव ने एक अन्य मैच में एलेक्स मिशेलसन को 6-2, 6-4 से पराजित किया। ड्रेपर ने मैच के बाद कहा, ''मुझे अब भी ऐसा नहीं लगता कि मैं उस तरह से खेल रहा हूं जैसा मैं खेलना चाहता हूं। लेकिन मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।'' रिकॉर्ड 24 बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन 38 वर्षीय जोकोविच ने 2008, 2011, 2014, 2015 और 2016 में इंडियन वेल्स में खिताब जीता था।

### स्विस ओपनः भारतीय शटलर किरण जॉर्ज बाहर, मन्नेपल्ली दूसरे दौर में

**बासेल।** भारतीय शटलर किरण जॉर्ज बृहस्पतिवार को यहां स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के प्री क्वार्टरफाइनल में हांगकांग के जेसन गुणावन से हारकर बाहर हो गए जबकि युवा थारुन मन्नेपल्ली ने जापान के अपने प्रतिद्वंद्वी केंटा निशिमोटो के निर्णायक सेट में रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में जगह बनाई। जॉर्ज ने कड़ी टक्कर दी लेकिन 70 मिनट तक चले राउंड 16 मैच में 18-21, 21-16, 16-21 से हार गए। भारत के हरिहरन अम्साकारुनन और एम आर अर्जुन की पुरुष युगल जोड़ी भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार गई। उन्हें चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन बिंग-वेई ने 32 मिनट में 17-21, 11-21 से हराया। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी का मुकाबला आज रात प्री क्वार्टर फाइनल मैच में जापान के हिरोकी ओकामुरा और क्योहेई यामाशिता की जोड़ी से होगा।

# सुमित अंतिल ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण जीता

- भारत 54 स्वर्ण पदक सहित 167 पदक जीतकर शीर्ष स्थान पर

**नई दिल्ली।** पैरालंपिक खेलों में दो बार के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक एथलीट सुमित अंतिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बृहस्पतिवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में शीर्ष पोडियम स्थान हासिल किया। दिन की मुख्य स्पर्धा निश्चित रूप से पुरुषों की भाला फेंक (एफ43, एफ44, एफ64) स्पर्धा थी जिसमें तोक्यो और पेरिस पैरालंपिक में लगातार दो स्वर्ण पदक जीतने वाले अंतिल ने 69.25 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष स्थान हासिल करके भारतीय टीम की अगुआई की। पुष्पेंद्र सिंह ने 56.91 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता जबकि पूनम राम ने 49.48 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। भारत 54 स्वर्ण सहित 167 पदक जीतकर शीर्ष पर बना हुआ है जबकि रूस 11 स्वर्ण से 23 पदक जीतकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने पुरुषों की 400 मीटर टी13 स्पर्धा में भी दबदबा बनाया जिसमें सुबोध भट्ट ने 51.88 सेकंड में स्वर्ण जीता। उनके बाद प्रियांशु कौशिक (53.19 सेकंड) और अवनिल कुमार (56.91 सेकंड) रहे। पुरुषों की 400 मीटर टी46-टी47 स्पर्धा में भाविककुमार दीन भरवाड़ ने 49.89 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण जीता जबकि साथी भारतीय जसबीर 50.09 सेकंड के साथ रजत पदक जीतने में उनके ठीक पीछे रहे।

**भारत और पाकिस्तान का हाईवोल्टेज मुकाबला 14 जून को**

# अब महिला टीम की जिम्मेदारी टी-20 विश्व कप भारत लाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने पूरी दुनिया की क्रिकेट टीमों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए टी-20 विश्व कप पर कब्जा जमाकर पूरे देश को गौरवन्वित कर दिया। अब महिला टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन इंग्लैंड की मेजबानी में होने जा रहा है और पूरे देश को महिला क्रिकेट टीम पर पूरा भरोसा है कि वह विश्व कप ट्रॉफी भारत लेकर आएगी। ऐसे में अब महिला क्रिकेटरों की जवाबदारी बन जाती है कि वे अच्छे खेल का प्रदर्शन कर एक बार फिर देश को गौरवान्वित कर पूरी दुनिया में भारतीय क्रिकेट का परचम लहराएं। महिला टी-20 विश्व कप 2026 के शेड्यूल का इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ऐलान कर दिया है। इसकी शुरुआत 12 जून से होगी और कुल 33 मैच खेले जाएंगे।



इस टूर्नामेंट में 12 टीमें हिस्सा लेंगी। बांग्लादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड ने महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर से अपनी जगह बनाई है। पहला मुकाबला इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। भारत-पाकिस्तान का मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में होगा। ये टूर्नामेंट का 10वां संस्करण होगा। पिछला टी-20 विश्व कप साल 2024 में खेला गया था, फाइनल में न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। बता दें कि, ऑस्ट्रेलिया ने 6 बार ये ट्रॉफी जीती है।

## 1902 में खेला गया द.अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट

# साल 2018 के बाद अफ्रीका में टेस्ट सीरीज खेलेगी ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 3 मैचों की वनडे और इतने ही मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने दक्षिण अफ्रीका जाएगी। साल 2018 के बाद ये पहला मौका होगा जब कंगारू टीम दक्षिण अफ्रीका में कोई टेस्ट सीरीज खेलेगी। 8 साल पहले हुई टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के कुछ खिलाड़ियों ने केपटाउन टेस्ट के दौरान बॉल-टेंपरिंग की थी। उस सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम कभी भी दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज नहीं खेली।

### टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट 1902 में खेला गया था। दोनों टीमों के बीच 102 मुकाबले हुए हैं। इस दौरान 54 मुकाबलों में कंगारू टीम जीत दर्ज करने में सफल रही है। दक्षिण अफ्रीका ने 27 मैच जीते हैं। 21 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका में अब तक 54 मुकाबले हुए हैं। 29 मैच में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली है और 16 मुकाबले दक्षिण अफ्रीका ने जीते हैं। 9 मैच ड्रॉ रहे हैं।



### वनडे क्रिकेट में दोनों टीमों के आंकड़े

वनडे क्रिकेट में दोनों टीमों के बीच अब तक 113 मुकाबले हुए हैं। इस दौरान 52 मैच में कंगारू टीम को जीत मिली है। 57 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। तीन मैच टाई रहे और 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकला है। दक्षिण अफ्रीका में दोनों टीमों के बीच 51 मुकाबले हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 22 मैच जीते हैं और 28 मैच में उसे हार मिली है। एक मैच टाई पर समाप्त हुआ है।

### ऐसा है पूरे सीरीज का शेड्यूल

वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 24 सितंबर को डरबन में होगा। इसके बाद दूसरा मैच जोहान्सबर्ग में 27 सितंबर को खेला जाएगा। पोटचेफस्ट्रूम में आखिरी वनडे 30 सितंबर को होगा। वहीं, सीरीज का पहला टेस्ट मैच 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक किंग्समीड स्टेडियम, डरबन में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट सेंट जॉर्ज पार्क, ग्केबेरहा में 18 से 22 अक्टूबर तक होगा। सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच 27 से 31 अक्टूबर तक न्यूलैंड्स, केपटाउन में खेला जाएगा।

**क्या था बॉल टेंपरिंग का मामला?**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में तीसरे दिन कैमरून बैनक्रॉफ्ट बॉल टेंपरिंग करते हुए पकड़े गए थे। बैनक्रॉफ्ट को मैच के दौरान अपनी पैंट से पीले रंग की चीज निकालते देखा गया था। टीवी रीप्ले में देखा गया कि बैनक्रॉफ्ट ने गेंद का शेप बिगाड़ने के लिए टेप जैसी किसी चीज का इस्तेमाल किया।




# इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकाने को निशाना बनाया
# ईरान का पलटवार, तेल और गैस रिफाइनरी, ईंधन टैंकों पर किया हमला


ईरान की मिसाइलों के हमले को इजराइल की राजधानी तेल अवीव पर रोकती सैन्य प्रणाली

### युद्ध के 13 दिन पूरे, 14वें दिन में प्रवेश

1. ईरान के अराक प्रांत में 6 औद्योगोकि उत्पादन इकाइयां क्षतिग्रस्त
2. ईरान ने ईलाम शहर में इजराइल के हर्मेज ड्रोन को मार गिराया

ईरान की मिसाइलों के हमले

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध गुरुवार को 13वें दिन में प्रवेश कर गया। इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने हाल के हमलों में ईरान के परमाणु हथियार विकास कार्यक्रम से जुड़े एक अहम ठिकाने को निशाना बनाया है। 'एक्स' पर जारी बयान में इजराइली सेना ने बताया कि उसके लड़ाकू विमानों ने तेहरान से करीब 30 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित पारचिन सैन्य परिसर के तालेगान ठिकाने पर हमला किया, जिसका इस्तेमाल ईरान परमाणु हथियार विकसित करने की महत्वपूर्ण क्षमताओं को आगे बढ़ाने के लिए कर रहा था। इस ठिकाने पर अक्टूबर 2024 में भी इजराइल हमला कर चुका है और इजराइली सेना का दावा है कि ईरान ने हाल ही में इसे फिर से बहाल करना शुरू किया था। उधर ईरान बार-बार कह चुका है कि उसका परमाणु हथियार बनाने का कोई इरादा नहीं है।

### अराक में हमले में 7 घायल

इजराइल के हमले में ईरान के अराक प्रांत में एक औद्योगिक क्षेत्र पर हुए हमले में सात लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस हमले में छह उत्पादन इकाइयां क्षतिग्रस्त हुई हैं। अराक एक प्रमुख औद्योगिक शहर है और यहां एक परमाणु परिसर भी है, जिसे इससे पहले इजराइली हमलों में निशाना बनाया जा चुका है।

## इजराइल के हाइफा में बड़ी तेल रिफाइनरी पर हमला

ईरान की सेनाओं ने बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने इजराइल के हाइफा शहर में तेल और गैस रिफाइनरी तथा ईंधन टैंकों के खिलाफ ड्रोन/ मिसाइल हमला किया। उन्होंने बताया गया कि यह इजराइल द्वारा उनके ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले के जवाब में किया गया प्रतिकार है। इस हमले को बाजान ग्रुप की रिफाइनरी पर निशाना बनाकर किया गया, जो इजराइल का एक बड़ा तेल प्रसंस्करण केंद्र है। ईरान की सेना ने देश के पश्चिमी प्रांत इलाम के ऊपर इजराइल के एक हर्मेस ड्रोन को मार गिराया है।


इजराइल के हाइफा शहर में ईरान के हमले से क्षतिग्रस्त इमारतें

### अमेरिकी युद्धपोत जेराल्ड फोर्ड में आग

ईरान युद्ध के बीच अमेरिकी नौसेना के विमानवाहक पोत यूएसएस जेराल्ड फोर्ड पर आग लगने की घटना सामने आई है। इस हादसे में दो अमेरिकी नाविक घायल हो गए। अमेरिकी सेना के अनुसार यह आग किसी युद्ध कार्रवाई की वजह से नहीं लगी थी। यह जहाज इस समय मध्य पूर्व में चल रहे ईरान के खिलाफ सैन्य अभियानों में हिस्सा ले रहा है। दुनिया का सबसे बड़ा और अमेरिका का सबसे नया विमानवाहक पोत फिलहाल लाल सागर में तैनात है।

### फारस की खाड़ी में जहाजों की निरंतर निगरानी की जा रही: सुजाता शर्मा

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि कच्चे तेल के आयात का 70% हिस्सा अब होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर से होकर गुजर रहा है। ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है। इसके अलावा, फारस की खाड़ी में भारतीय ध्वज वाले 28 जहाजों की निरंतर निगरानी की जा रही है। सरकार ने बताया कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है। भारत की दैनिक खपत लगभग 55 लाख बैरल है और विविध खरीद के माध्यम से वर्तमान में प्राप्त मात्राएं इस अवधि के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य से सामान्य रूप से आने वाली मात्राओं से अधिक हैं। भारत अब लगभग 40 देशों से कच्चे तेल का आयात करता है। आयात का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा अब होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर के मार्गों से आता है, जबकि पहले यह लगभग 55 प्रतिशत था।

### स्विट्जरलैंड ने तेहरान में दूतावास अस्थाई रूप से बंद किया

स्विट्जरलैंड सरकार ने तेहरान (ईरान) में अपना दूतावास अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। स्विट्जरलैंड के फेडरल डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेन अफेयर्स (एफडीएफए) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि तेहरान में जारी मध्य पूर्व युद्ध और सुरक्षा जोखिमों के चलते दूतावास को अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है और वहां मौजूद सभी अधिकारियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। दूतावास के प्रमुख राजदूत ओलिवियर बेंजर्टर और पांच अन्य स्टाफ सदस्य 11 मार्च को सड़क मार्ग से ईरान से बाहर आ गए हैं और फिलहाल सुरक्षित स्थान पर हैं।

ईरान का हमला

### कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ड्रोन से निशाना



कुवैत के नागरिक उड्डयन अधिकारियों के हवाले से बताया है कि कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई ड्रोन से हमला किया गया है। इस हमले में केवल भौतिक नुकसान हुआ है और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। वहीं, कुवैत की रक्षा मंत्रालय ने बताया कि गुरुवार सुबह दक्षिणी इलाके में एक दुश्मन ड्रोन ने आवासीय भवन को निशाना बनाया। मंत्रालय के एक्स पोस्ट के अनुसार, इस हमले में कम से कम दो लोग घायल हुए और उन्हें आवश्यक उपचार दिया जा रहा है। इसके अलावा हमले से भवन और संपत्ति को भी नुकसान हुआ है।

### इजराइल ने बेरूत तट पर किया घातक हमला, 6 की मौत

लेबनान की राजधानी बेरूत के समुद्र तट इलाके रामलेट अल-बैदा में हुए एक हमले में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। यह हमला एक वाहन को निशाना बनाकर किया गया, जिसे संभावित हत्या की कार्रवाई माना जा रहा है। हमले के बाद इलाके में सेना ने सुरक्षा घेरा बना दिया है। बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में भी कई जोरदार हवाई हमले हुए हैं, जबकि इजराइल की ओर हिजबुल्लाह की रॉकेट फायरिंग जारी है।

### ईरान चालाकी रोके, वरना समाप्त कर देंगे: ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर वे कुछ चालाकी करेंगे, तो अमेरिका उस देश को समाप्त कर देगा। उन्होंने दोहराया कि यह युद्ध जल्द ही खत्म होने वाला है और अगर फिर से शुरू होता है, तो ईरान को और भी मार पड़ेगी। हमने कम अवधि वाला अभियान चलाया है, क्योंकि हमें कुछ लोगों को हटाने की जरूरत महसूस हुई। अगर उन्होंने कुछ भी गलत किया, तो यह ईरान का अंत होगा और आप कभी उसका नाम नहीं सुनेंगे। अमेरिका और उसके सहयोगी कई मायनों में जीत चुके हैं। लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। हम अंतिम विजय हासिल करने से पहले अधिक मजबूत संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे, ताकि लंबे समय से मौजूद इस खतरे को हमेशा के लिए खत्म किया जा सके। अमेरिका मानव इतिहास का सबसे महान और असाधारण राष्ट्र है और अब इसे दुष्ट आतंकवादियों और पागलों से धमकाया नहीं जाएगा। अगर अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला नहीं किया होता, तेहरान हमले शुरू कर देता।



### हमारे पास अमेरिका के लिए हैं कई सरप्राइज: अराघची

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने 'एक्स' पर कहा कि ऑपरेशन एपिक मिस्टेक के बाद, तेल की कीमतें दोगुनी हो गई हैं और सभी वस्तुएं तेजी से महंगी हो रही हैं। हमें पता है कि अमेरिका हमारे तेल और परमाणु स्थलों के खिलाफ योजना बना रहा है, ताकि महंगी कीमतों के बड़े झटके को नियंत्रित किया जा सके। ईरान पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि हमारे पास भी आपके लिए बहुत सारी रोचक चीजें हैं। हम ईरान के महान देश के अधिकारों की रक्षा करने, राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा को आगे बढ़ाने और ईरान की इस्लामिक क्रांति के बड़े लक्ष्यों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। झंडा उठाने वालों के हाथों से झंडा कभी न गिरे। उन्होंने कहा कि यह जंग थोपी गई है। अब ईरान के लोग एकजुट होकर अपने देश की रक्षा कर रहे हैं। अमेरिका और इजराइल के हमलों ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन किया है।



### खाड़ी में जहाजों की सुरक्षा पर जी7 देशों की हुई बैठक

जी7 देशों के नेताओं ने खाड़ी क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए नए उपायों पर विचार करने का फैसला किया है। अमेरिका, कनाडा, जापान, इटली, ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस के नेताओं ने इस मुद्दे पर चर्चा की। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पहल पर हुई बैठक के बाद कहा गया कि जहाजों को सैन्य सुरक्षा देकर उन्हें सुरक्षित मार्ग प्रदान करने का विकल्प जांचा जाएगा। इसके लिए एक कार्य समूह भी बनाया गया है। यह समूह शिपिंग कंपनियों और बीमा कंपनियों से भी बातचीत करेगा।



### कुवैत में रमजान के लिए आज बंद रहेंगे सभी भारतीय दूतावास

कुवैत में भारतीय दूतावास ने कहा है कि दूतावास की सेवाएं रमजान की वजह से शुक्रवार को बंद रहेंगी। दूतावास ने कहा है कि इमरजेंसी या किसी सवाल के लिए दूतावास से हेल्पलाइन +965 6550 1946 पर कॉल करके या 'कम्युनिटी. कुवैत. जीओवी. इन' पर ईमेल भेजकर संपर्क किया जा सकता है।

## दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश भारत से खरीदेगा ब्रह्मोस मिसाइलें

# इंडोनेशिया ने किया 3800 करोड़ रुपए का सैन्य समझौता, रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी ताकत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा उद्योग के क्षेत्र में भारत को एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। फिलीपींस के बाद अब दुनिया के सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया ने भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली खरीदने का समझौता किया है। इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रिको रिकार्डो सिरैत ने इसकी पुष्टि की। रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रह्मोस मिसाइल को लेकर भारत-इंडोनेशिया के बीच हुई इस डील की कीमत 450 मिलियन डॉलर यानी 3,800 करोड़ रुपए है। इंडोनेशिया ने कहा कि यह सौदा उसके हथियारों के आधुनिकीकरण और तटीय सुरक्षा क्षमता को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है।

### शस्त्रों के आधुनिकीकरण के साथ तटीय रक्षा मजबूत होगी




प्रवक्ता रिको रिकार्डो सिरैत के मुताबिक, इंडोनेशिया ने भारत के साथ ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की खरीद में साझेदारी की है। यह हमारे शस्त्रों के आधुनिकीकरण, विशेष रूप से तटीय रक्षा को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है। यह खरीद रक्षा क्षेत्र में जकार्ता-नई दिल्ली की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करती है। इस नई प्रणाली से राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा में प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### 800 किमी की मारक क्षमता

ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। यह 3,700 किमी प्रति घंटा की गति से लक्ष्य को टारगेट कर सकती है। इसकी रेंज करीब 800 किमी तक है। यह अपने साथ 200 से 300 किलो तक वॉरहेड ले जाने में सक्षम है।

## बेंगलुरु की स्टार्टअप कंपनी ने दिखाई 'अवतार' की ताकत

# ऐसा ड्रोन जो हवा में उड़ता, पानी में गोता लगाता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल के हमलों में ड्रोन एक निर्णायक हथियार बनकर उभरा है। ईरान अपने शाहेद तो अमेरिका लूकस के जरिए निशाना साध रहा है। इस बीच भारत ने भी कमर कस ली है। बेंगलुरु की स्टार्टअप कंपनी एक्वाएयरएक्स ने भारत का पहला एम्फिबियस ड्रोन 'अवतार' बनाया है, जो हवा में उड़ सकता है और पानी के अंदर गोता लगा सकता है। यह ड्रोन आधुनिक युद्ध और निगरानी में क्रांति ला सकता है।

'अवतार' भारत का पहला एम्फिबियस ड्रोन

रक्षा और नागरिक उपयोग के लिए महत्वपूर्ण




### कई परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे

'अवतार' को भारत का दुर्लभ सील ड्रोन कहा जा रहा है, जो हवा और पानी दोनों जगह काम कर सकता है। यह ड्रोन हवा से उड़ान भरता है, पानी में गोता लगा सकता है, पानी के अंदर काम करता है और फिर सतह पर आकर दोबारा उड़ान भर सकता है। कंपनी ने पूल ट्रायल्स और इंडिपेंडेंट प्लेटफॉर्म टेस्ट्स सफलतापूर्वक पूरे किए हैं, जहां एयर-टू-वॉटर ट्रांजिशन दिखाया गया। फिलहाल एडवांस्ड एरियल ट्रायल्स और ओपन वॉटर टेस्टिंग चल रही है।

### समुद्री कार्यों की करेगा निगरानी

सिविलियन उपयोग में यह समुद्री फार्मिंग (एक्वाकल्चर) की निगरानी, ऑफशोर ऑयल-गैस प्लेटफॉर्म्स और विंड फार्म्स की इंस्पेक्शन में मदद करेगा। कंपनी का दावा है कि इससे इंस्पेक्शन कॉस्ट 70% तक कम हो सकती है, क्योंकि अलग-अलग ड्रोन या क्रू की जरूरत नहीं पड़ती। स्टार्टअप को रेनमैटर (जेरोधा की निवेश कंपनी), वाइजर, इंडिया एक्सेलरेटर और प्राइम वेंचर पार्टनर्स से फंडिंग मिली है। अगर यह ड्रोन सफल रहा तो यह भारत की ड्रोन टेक्नोलॉजी और मल्टी-डोमेन रोबोटिक्स में बड़ा कदम साबित होगा।

### कॉलेज के दिनों में की शुरूआत

एक्वाएयरएक्स के सीईओ गौतमी और सीटीओ जितेंद्र कुमार पूर्णमल सैनी ने इसकी शुरुआत कॉलेज के दिनों में यूएवी प्रोजेक्ट्स से की थी। निट्टे मीनाक्षी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के इंजीनियरिंग क्लासमेट्स दोनों ने कोविड काल में इसे आगे बढ़ाया और नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू किया। 'अवतार' ड्रोन 10 किलो तक का भार ले जा सकता है, जिसमें आईएसआर सेंसर्स, सोनार और एकॉस्टिक सेंसर्स लगे हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109